CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 192 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, सोमवार 4 अगस्त, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.50 रुपए ■ पृष्ठ : 8+8

# दिल्ली में भजनलाल की अमित शाह और बीएल संतोष से मुलाकात

**अमित शाह से मुलाकात के बाद प्रदेश में राजनीतिक नियुक्तियां होने के आसार**

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा केंद्र सरकार के मंत्रियों से प्रदेश के सर्वांगीण सर्वांगीण विकास के लिए ज्यादा से ज्यादा आर्थिक सहायता लेने की कर रहे हैं कोशिश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए केंद्र की मोदी सरकार से ज्यादा से ज्यादा आर्थिक सहायता लेने की कोशिश में अपनी पूरी राजनीतिक कुशलता के साथ राजस्थान का पक्ष दिल्ली में केंद्र सरकार के मंत्रियों के समक्ष रख रहे हैं पिछले चार-पांच दिन में उन्होंने दिल्ली में केंद्र सरकार के कई बड़े मंत्रियों से मुलाकात की और राजस्थान के विकास कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करके राजस्थान की वित्त संबंधी जरूरत के बारे में भी तथ्यात्मक तरीके से केंद्रीय मंत्रियों के समक्ष रखा है, केंद्रीय मंत्रियों ने भी मुख्यमंत्री को हर संभव अच्छी आर्थिक सहायता देने का भरोसा भी दिलाया है, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिल्ली दौरे के दौरान कृषि मंत्री, वित्त मंत्री, गैस एवं पेट्रोलियम मंत्री, ऊर्जा मंत्री, जल संसाधन मंत्री और कई अन्य मंत्रियों से मुलाकात कर चुके हैं और इन सभी मंत्रियों से विभाग बार जानकारी देकर उन्हें यह बताने का प्रयास किया है कि राजस्थान सरकार केंद्र सरकार की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न परियोजनाओं का ईमानदारी और पारदर्शिता से क्रियान्वयन कर रही है, भजनलाल सरकार ने वकायदा तथ्यात्मक तरीके से परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुतकरके केंद्रीय मंत्रियों से परियोजनाओं के बेहतर तरीके से क्रियान्वयन के लिए वित्त संबंधी जरूर का विषय भी जोरदार तरीके से उठाया है । बड़ी बात यह है कि भजन लाल शर्मा ने अब तक जिन-जिन मंत्रियों से मुलाकात की है उन सब मंत्रियों ने केंद्रीय मंत्री स्तर पर राजस्थान सरकार की हर संभव मदद करने का भरोसा मुख्यमंत्री को दिलाया है इन



मंत्रियों से मुलाकात करने से पहले पिछले दिनों भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की थी और मोदी ने भी मुलाकात के दौरान भजनलाल सरकार के कार्यों की प्रशंसा की भजनलाल शर्मा ने भी प्रदेश सरकार की ओर से पिछले 19 माह में जो जो नवाचार किए गए जो जो निर्णय लिए गए और जो जो काम किए गए और आगे सरकार क्या-क्या काम करने जा रही है इन सब के बारे में तथ्यात्मक तरीके से पीएम मोदी को बताया था इसके बाद मोदी ने भजनलाल शर्मा की पीठ भी तब तक पाई और उन्हें कहा भी की जिस तरह से आप काम कर रहे हैं वैसे करते रहो, पीएम मोदी से मुलाकात के बाद भजन लाल शर्मा के चेहरे पर नई रौनक छा गई थी क्योंकि मोदी ने उन्हें उनके अच्छे कामों के लिए बधाई दी थी इसके बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुगने जोश और उत्साह के साथ केंद्र सरकार के बड़े-बड़े विभाग संभाल रहे मंत्रियों से एक-एक करके मुलाकात की और राजस्थान के सर्वांगीण विकास के लिए उनसे मदद भी मांगी द्य कुल मिलाकर भजन लाल शर्मा का दिल्ली दौरा प्रदेश की जनता के लिए काफी फायदेमंद साबित होने वाला है और अभी हाल ही में भजनलाल शर्मा ने दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की करीब 1 घंटे तक दोनों नेताओं के बीच मुलाकात हुई इस मुलाकात में भजनलाल शर्मा ने प्रदेश सरकार के कामकाज के बारे में विस्तार से जानकारी दी और केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट भी शाह के सम्मुख प्रस्तुत की और उन्हें यह बताया कि प्रदेश में नए कानून लागू होने के प्रभाव के बारे में भी जानकारी दी तथा राजस्थान सरकार की ओर से विभाग बार आगे और क्या-क्या कार्य किए जाएंगे इसके बारे में भी शाह को जानकारी दी गई । मुख्यमंत्री शर्मा ने अमित शाह को बजट की घोषणाओं के क्रियान्वयन के बारे में भी बताया और भाजपा के संकल्प पत्र के वादों की क्रियान्वन के बारे में भी तथ्यात्मक तरीके से जानकारी दी । इस बीच जानकारी यह भी मिली है कि प्रदेश में राजनीतिक नियुक्तियां के बारे में भी दोनों नेताओं के बीच गंभीरता से बातचीत हुई है और पिछला विधानसभा चुनाव हारे प्रमुख नेताओं को राजनीतिक नियुक्ति दी जाए या नहीं या फिर उन्हें कौन सा पद दिया जाए इसके बारे में एक-एक नेता को लेकर चर्चा होने की खबरें दिल्ली के राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई है

## संगठन महासचिव संतोष से भजनलाल की मुलाकात, 45 मिनट तक हुई बातचीत

पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव संतोष से करीब 45 मिनट तक भजन लाल शर्मा की बातचीत हुई, राष्ट्रीय संगठन महासचिव से मुख्यमंत्री की मुलाकात होना निश्चित रूप से प्रदेश की राजनीति में कोई नया संदेश जरूर दे रही है और कहा जा रहा है कि इन दोनों नेताओं के बीच भी भारतीय जनता पार्टी के कई बड़े वरिष्ठ नेताओं को राजनीतिक नियुक्ति देने के मामले को लेकर चर्चा हुई है द्य राज्यसभा का सत्र चलने की वजह से पिछले कुछ दिनों तक



राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ दिल्ली में ही थे उन्होंने भी संगठन के मामलों को लेकर पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं को बारीकी से जानकारी प्रदान की थी और अध्यक्ष होने के नाते संगठन में अच्छा काम कर रहे नेताओं के बारे में भी उन्होंने जानकारी दी थी और अब जिस तरह से पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव से मुख्यमंत्री की बातचीत हुई है उसके बाद में कहा जा रहा है कि राजनीतिक नियुक्तियों का कार्य अब बहुत जल्दी ही राजस्थान में हो सकता है द्य कहा यह भी जा रहा है कि मंत्रिमंडल का विस्तार और राजनीतिक नियुक्तियां दोनों बड़े काम साथ साथ हो सकते हैं

## अचानक नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू से मिले, क्या कुछ बड़ा होने वाला है

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रविवार को अचानक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने राष्ट्रपति भवन पहुंचे, दोनों के बीच काफी देर तक बातचीत होने की जानकारी मिली है द्य मोदी के अचानक राष्ट्रपति से मिलने की सूचना के बाद दिल्ली के राजनीतिक गलियारों में कई तरह की चर्चाएं सुनने को मिल रही है कुछ लोगों का यह भी कहना है कि हो सकता है एक दो रोज में कुछ बड़ा होने वाला है या तो कोई नया बिल संसद में प्रस्तुत होने वाला है या फिर कोई और विशेष बात है इसीलिए मोदी ने अचानक राष्ट्रपति से मुलाकात की है ।

हालांकि जानकार लोगों का कहना है कि पीएम नरेंद्र मोदी हाल ही में विदेश यात्रा से लौटे हैं और यह प्रधानमंत्री की प्रोटोकॉल का हिस्सा होता है कि जब भी भारत का प्रधानमंत्री विदेश यात्रा से लौटकर वापस भारत पहुंचता है तो वह विदेश यात्रा की पूरी गतिविधि के बारे में राष्ट्रपति महोदय को अवगत करवाता है इसलिए हो सकता है अभी हाल ही में जिस तरह से नरेंद्र मोदी विदेश यात्रा से लौटे हैं तो विदेश यात्रा के दौरान उन्होंने जिन जिन देशों से



विभिन्न तरह के समझौते किए हैं उनके बारे में विस्तार से जानकारी राष्ट्रपति महोदय को दी होगी, कुछ लोगों का यह भी कहना है कि अभी हाल ही में जिस तरह से टैरिफ को लेकर भारत और अमेरिका के बीच एक नया गतिरोध बना हुआ है इस गतिरोध को कैसे दूर किया जाए और अगर अमेरिका टैरिफ पर कायम रहता है तो ऐसी स्थिति में भारत सरकार की ओर से आगे किस तरह के कदम उठाए जाएं इसके बारे में मोदी की राष्ट्रपति महोदय से बातचीत जरूर हुई होगी क्योंकि टैरिफ को लेकर भारत के व्यापार जगत से जुड़े लोगों में कई तरह के सवाल आकर खड़े हो गए हैं और विदेश में भारत का माल खरीदने वाले व्यापारियों के लिए भी एक नई मुश्किल आकर खड़ी हो गई है इन हालातो में अमेरिका के साथ भारत के किस तरह के संबंध रखे जाएं इसके बारे में भी मोदी और राष्ट्रपति महोदय के बीच बातचीत होने के आसार हैं ।

हालांकि कुछ लोग यह भी कह रहे हैं कि 9 सितंबर को चुनाव आयोग की ओर से उपराष्ट्रपति पद का जो चुनाव करवाया जा रहा है इस चुनाव के संबंध में भी दोनों के बीच बातचीत हो सकती है लेकिन जानकारी लोगों का कहना है कि यह बहुत कम संभावना है कि उपराष्ट्रपति के चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति महोदय के बीच बातचीत हुई हो क्योंकि उपराष्ट्रपति चयन के मामले का राष्ट्रपति से कोई सीधा संबंध नहीं है इसलिए इस विषय पर ऐसा नहीं लगता है कि दोनों के बीच बातचीत हुई हो लेकिन टैरिफ को लेकर मोदी और राष्ट्रपति महोदय के बीच जरूर बातचीत हुई होगी ।

## अमेरिकी टैरिफ के बीच भारत ने दोगुना किया अमेरिकी तेल आयात, ट्रम्प ने दी रूस से व्यापार पर पेनल्टी की धमकी

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली एजेंसी।** टैरिफ की धमकी और व्यापारिक दबावों के बीच भारत ने अमेरिका से कच्चे तेल की खरीद अप्रत्याशित रूप से बढ़ा दी है। अप्रैल-जून 2025 की तिमाही में भारत ने अमेरिका से ?32 हजार करोड़ का तेल आयात किया, जो पिछले साल इसी अवधि की तुलना में 114% अधिक है। 2024 में यह आंकड़ा ?15 हजार करोड़ था। जनवरी में ट्रम्प के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद से ही भारत का अमेरिका से तेल आयात बढ़ा है। जनवरी से जून 2025 के बीच भारत ने औसतन 2.71 लाख बैरल प्रतिदिन तेल खरीदा, जबकि 2024 में यह 1.8 लाख बैरल प्रतिदिन था। जुलाई में ही जून की तुलना में 23% ज्यादा तेल अमेरिका से आयात हुआ। अमेरिका की हिस्सेदारी भारत के कुल तेल आयात में 3% से बढ़कर 8% हो गई है। वहीं, ट्रम्प प्रशासन भारत पर दबाव बना रहा है कि वह रूस से तेल खरीदना बंद करे। 30 जुलाई को ट्रम्प ने भारत पर 25% टैरिफ लगाने का ऐलान करते हुए रूस से सैन्य और ऊर्जा व्यापार पर पेनल्टी लगाने की बात भी कही। ट्रम्प का



कहना है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच भारत का रुख वैश्विक स्थिरता के अनुकूल नहीं है। हालांकि, रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार भारत की तेल कंपनियों ने रूस से कच्चे तेल की खरीद लगभग रोक दी है। इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम जैसी कंपनियों ने कीमतों में बढ़ोतरी और शिपिंग की परेशानियों के चलते रूस से नई डील नहीं की है। ट्रम्प ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अगर भारत रूस से तेल खरीदना बंद करता है, तो यह अच्छा संकेत होगा। हालांकि उन्होंने यह भी जोड़ा कि उन्हें इसकी पुष्टि नहीं है। भारत सरकार ने इस विषय पर आधिकारिक स्थिति स्पष्ट नहीं की है, लेकिन विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस कर स्थिति पर नजर बनाए रखने की बात कही।

# दिल्ली में भजनलाल की अमित शाह और बीएल संतोष से मुलाकात

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा केंद्र सरकार के मंत्रियों से प्रदेश के सर्वांगीण सर्वांगीण विकास के लिए ज्यादा से ज्यादा आर्थिक सहायता लेने की कर रहे हैं कोशिश, अमित शाह से मुलाकात के बाद प्रदेश में राजनीतिक नियुक्तियां होने के आसार

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए केंद्र की मोदी सरकार से ज्यादा से ज्यादा आर्थिक सहायता लेने की कोशिश में अपनी पूरी राजनीतिक कुशलता के साथ राजस्थान का पक्ष दिल्ली में केंद्र सरकार के मंत्रियों के समक्ष रख रहे हैं पिछले चार-पांच दिन में उन्होंने दिल्ली में केंद्र सरकार के कई बड़े मंत्रियों से मुलाकात की और राजस्थान के विकास कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करके राजस्थान की वित्त संबंधी जरूरत के बारे में भी तथ्यात्मक तरीके से केंद्रीय मंत्रियों के समक्ष रखा है, केंद्रीय मंत्रियों ने भी मुख्यमंत्री को हर संभव अच्छी आर्थिक सहायता देने का भरोसा भी दिलाया है, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिल्ली दौरे के दौरान कृषि मंत्री, वित्त मंत्री, गैस एवं पेट्रोलियम मंत्री, ऊर्जा मंत्री, जल संसाधन मंत्री और कई अन्य मंत्रियों से मुलाकात कर चुके हैं और इन सभी मंत्रियों से विभाग बार जानकारी देकर उन्हें यह बताने का प्रयास किया है कि राजस्थान सरकार केंद्र सरकार की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न परियोजनाओं का ईमानदारी और पारदर्शिता से क्रियान्वयन कर रही है, भजनलाल सरकार ने वकायदा तथ्यात्मक तरीके से परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुतकरके केंद्रीय मंत्रियों से परियोजनाओं के बेहतर तरीके से क्रियान्वयन के लिए वित्त संबंधी जरूर का विषय भी जोरदार तरीके से उठाया है । बड़ी बात यह है कि भजन लाल शर्मा ने अब तक जिन-जिन मंत्रियों से मुलाकात की है उन सब मंत्रियों ने केंद्रीय मंत्री स्तर पर राजस्थान सरकार की हर संभव मदद करने का भरोसा मुख्यमंत्री को दिलाया है इन मंत्रियों से मुलाकात करने से पहले पिछले दिनों भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की थी और मोदी ने भी मुलाकात के दौरान भजनलाल सरकार के कार्यों की प्रशंसा की भजनलाल शर्मा ने भी प्रदेश सरकार की ओर से पिछले 19 माह में जो जो नवाचार किए गए जो जो निर्णय लिए गए और जो जो काम किए गए और आगे सरकार क्या-क्या काम करने जा रही है इन सब के बारे में तथ्यात्मक तरीके से पीएम मोदी को बताया था इसके बाद मोदी ने भजनलाल शर्मा की पीठ भी तब तक पाई और उन्हें कहा भी की जिस तरह से आप काम कर रहे हैं वैसे करते रहो, पीएम मोदी से मुलाकात के बाद भजन लाल शर्मा के चेहरे पर नई रौनक छा गई थी क्योंकि मोदी ने उन्हें उनके अच्छे कामों के लिए बधाई दी थी इसके बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुगने जोश और उत्साह के साथ केंद्र सरकार के बड़े-बड़े विभाग संभाल रहे मंत्रियों से एक-एक करके मुलाकात की और राजस्थान के सर्वांगीण विकास के लिए उनसे मदद भी मांगी । कुल मिलाकर भजन लाल शर्मा का दिल्ली दौरा प्रदेश की जनता के लिए काफी फायदेमंद साबित होने वाला है और अभी हाल ही में भजनलाल शर्मा ने दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की करीब 1 घंटे तक दोनों नेताओं के बीच मुलाकात हुई इस मुलाकात में भजनलाल शर्मा ने प्रदेश सरकार के कामकाज के बारे में विस्तार से जानकारी दी और केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट भी शाह के सम्मुख प्रस्तुत की और उन्हें यह बताया कि प्रदेश में नए कानून लागू होने के प्रभाव के बारे में भी जानकारी दी तथा राजस्थान सरकार की ओर से विभाग बार आगे और क्या-क्या कार्य किए जाएंगे इसके बारे में भी शाह को जानकारी दी गई द्य मुख्यमंत्री शर्मा ने अमित शाह को बजट की घोषणाओं के क्रियान्वयन के बारे में भी बताया और भाजपा के संकल्प पत्र के वादों की क्रियान्वन के बारे में भी तथ्यात्मक तरीके से जानकारी दी द्य इस बीच जानकारी यह भी मिली है कि प्रदेश में राजनीतिक नियुक्तियां के बारे में भी दोनों नेताओं के बीच गंभीरता से बातचीत हुई है और पिछला विधानसभा चुनाव हारे प्रमुख नेताओं को राजनीतिक नियुक्ति दी जाए या नहीं या फिर उन्हें कौन सा पद दिया जाए इसके बारे में एक-एक नेता को लेकर चर्चा होने की खबरें दिल्ली के राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई है।

शेष खबर पृष्ठ संख्या 7 पर...

CMYK

## विहिप की बैठक में की समाज में पंच परिवर्तन के विषयों पर चर्चा



जयपुर टाइम्स

**अलवर (निस.)।** विश्व हिंदू परिषद की जिला बैठक रविवार को संघ कार्यालय केशव कृपा पर हुई। जिसमें क्षेत्रीय प्रचारक प्रमुख श्रीवर्धन, विभाग कार्यवाह मुकेश उपस्थित रहे। जिला मंत्री बिजेंद्र खंडेलवाल ने बताया कि बैठक में श्रीवर्धन ने समाज में पंच परिवर्तन के विषयों पर चर्चा की, साथ ही कहा कि कार्यकर्ता को स्वयं से कार्य शुरू करने चाहिए। पंच परिवर्तन में सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्व का बोध, नागरिक शिष्टाचार के विषय में भी चर्चा की। इस मौके पर सभी कार्यकर्ताओं को बताया कि साथ ही सेवा बस्तियों में बढ रहे नशे के लिए संतों के साथ सत्संग की योजना बना कर समाज जागरण पर जोर देंवे। बैठक में अध्यक्ष डॉ रामदयाल मीणा, जिला मंत्री विजेंद्र खंडेलवाल, सह मंत्री नवल किशोर, मातृ शक्ति सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

## अलवर के इतिहास में पहली बार सीबीएससी शतरंज टूर्नामेंट के नेशनल में पहुची अलवर की टीम




जयपुर टाइम्स

**अलवर (निस.)।** मध्यप्रदेश के मुरैना में 27 से 30 जुलाई को आयोजित सीबीएसई वेस्ट जॉन शतरंज चैंपियनशिप में अलवर की अंडर 17 टीम ने रजत पदक जीता। जिससे अब अलवर की टीम उदयपुर में होने वाली नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेगी। क्रीडा भारती अध्यक्ष अरुण जोशी ने बताया कि वेस्ट जोन के 3 राज्य राजस्थान, मध्यप्रदेश और गुजरात के 47 टीमों ने भाग लिया। ध्रुव गर्ग, प्रणम राज तंवर, मानविक वर्मा, कविश यादव ने दल प्रशिक्षक हरिओम भड़ाना के नेतृत्व में यह टीम उपचैंपियन बनी। इस अवसर पर पूरी टीम के अलवर पहुंचने पर अलवर चेस क्लब, चतुरंग डेवलेपमेंट फाउंडेशन, अलवर जिला शतरंज संघ के पदाधिकारिओ और खिलाडय़िों ने बच्चों का स्वागत स मान कर उत्साहवर्धन किया। इस टूर्नामेंट में टीम ने 7 राउंड के बाद 14 में से 11 मैच पॉइंट हासिल किए। इस तरह अलवर टीम ने सीबीएसई राष्ट्रीय शतरंज चैंपियनशिप के लिए भी क्वालीफाई किया। इस दौरान क्रीडा भारती अध्यक्ष अरुण जोशी, जिला शतरंज संघ अध्यक्ष हर्षवर्धन जोशी, प्रमोद गुप्ता, रजनीश जैमन, यश सोमवंशी, अर्चना, कीर्ति यादव, सुमन, प्रदीप आदि उपस्थित रहे।

## आज त्रिपोलिया शिव मंदिर में नोट बंगले की झांकी के होंगे दर्शन

जयपुर टाइम्स

**अलवर (निस.)।** सावन मास के अंतिम सोमवार को त्रिपोलिया महादेव मंदिर में भक्तों का सैलाब रहेगा। इस अवसर पर भारतीय मुद्रा की सुंदर झांकी (नोट बंगला) में भगवान भोलेनाथ दर्शन देंगे। मंदिर श्री त्रिपोलिया महादेव में चतुर्थ सोमवार के उपलक्ष में बाबा त्रिपोलेश्वर नाथ की अलौकिक व भारतीय मुद्रा की झांकी सजाई जाएगी। मंदिर महंत जितेंद्र खेड़ापति ने बताया कि भक्तों की आस्था व प्रेरणा के अनुरूप यह सुंदर झांकी सजाई जा रही भारतीय मुद्रा के सुंदर श्रृंगार में भोलेनाथ के अलौकिक दर्शन होंगे। सुबह से ही मंदिर में भक्तों का सैलाब रहेगा। मंदिर में प्रथम आरती सुबह 4 बजे द्वितीय आरती विष्णु पूजा सुबह 6 बजे होगी। इसके बाद सुबह सवा 6 से भक्तों द्वारा दोपहर 2.40 तक बाबा त्रिपोलेश्वर नाथ का जल अभिषेक दूध दही पंचामृत से अपनी पूजा अर्चना की जाएगी। व बाबा को मनाया जाएगा। भक्तजन अपनी मन्नत मांगते है। शाम को सुंदर झांकी के दर्शन सवा 6 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि 11.40 बजे तक रहेंगे। संध्या को संगीतमय आरती सवा 7 बजे होगी। देर रात्रि रुद्राभिषेक के साथ प्रसाद वितरण किया जाएगा। मंदिर महंत ने बताया कि मंदिर प्रन्यास द्वारा प्रदोष तिथि में 6 अगस्त को रूद्राक्षों द्वारा महा रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा नमक चमक के साथ रुद्री पाठ व हजारों की संख्या में रुद्राक्ष बाबा त्रिपोलेश्वर नाथ को चढ़ाए जाएंगे। प्रत्येक वर्ष की तरह भक्तों के लिए रुद्राक्ष की व्यवस्था मंदिर की ओर से रहेगी। वह चढ़े हुए रुद्राक्ष का वितरण आगामी दिनों में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 7 अगस्त को प्रात सवा 11 बजे हवन व प्रसाद वितरण भंडारा कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें बाबा त्रिपोलेश्वर नाथ को भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया जाएगा।



लायंस क्लब अलवर मत्स्य एवं संयुक्त वैश्य महासभा की स्वास्थ्य के प्रति बेहतर पहल

# साप्ताहिक पौधारोपण कार्यक्रम एवं निशुल्क चिकित्सा जाँच शिविर में 119 मरीज हुए लाभान्वित

जयपुर टाइम्स

**अलवर (निस.)।** संयुक्त वैश्य महासभा, बुद्ध विहार, विजय नगर के अध्यक्ष सतीश गुप्ता ने बताया कि रविवार को प्रात 8 बजे से कॉमर्स कॉलेज में पहले पौधारोपण कार्यक्रम एवं उसके पश्चात निशुल्क मेडिकल जाँच शिविर का आयोजन किया गया। महासभा द्वारा रविवार को 200वाँ साप्ताहिक पौधारोपण कार्यक्रम कॉमर्स कॉलेज में किया गया। जिसमे 11 औषधीय, फलो एवं, छायादार पेड़ लगाये गए। कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एम.जे.एफ. लायन शशि गोयल एवं लायंस क्लब अलवर मत्स्य की अध्यक्ष एम.जे.एफ.लायन डॉ.मंजू अग्रवाल का दुपट्टा ओढाकर स्वागत किया गया तथा संयुक्त वैश्य महासभा (रजि.) बुद्ध विहार, विजय नगर के सदस्यों के साथ मिलकर लायंस साथियों ने पौधारोपण किया। अध्यक्ष एम.जे.एफ.लायन डॉ.मंजू अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में मित्तल हॉस्पिटल द्वारा शुगर की फास्टिंग, पी.पी., रेनडम, एल.एफ.टी., लिपिड प्रोफाइल, पी.एफ.टी., थाइरोइड, ब्लड प्रेशर इत्यादि जाँचे पूर्णत निशुल्क की गयी जिसमे कुल 119 मरीज उपचार लाभ से लाभान्वित हुए। जिसमे मित्तल हॉस्पिटल के प्रशासक गिरीश गुप्ता की टीम जिसमे डॉ. धर्मेन्द्र सैनी, यशोधन पाराशर, बादल गुप्ता, अजय सिंह नरुका, विष्णु कुमार, अखिल यादव, नवीन यादव, यादराम सैनी ने अपनी निशुल्क सेवाये प्रदान की। पूर्व रीजन चेयरपर्सन एम.जे.एफ. लायन गिरीश गुप्ता ने बताया कि लायंस क्लब अलवर मत्स्य की तरफ से संयोजक लायन महेश धानावत एवं लायन सत्यनारायण अग्रवाल को तथा संयुक्त वैश्य महासभा से संयोजक उपमंत्री लायन अनिल बंसल एवं मनोज गुप्ता ने अपनी सेवाए प्रदान की। बेहतरीन सेवा कार्य को देखकर बुद्ध विहार कॉलोनी के 5 नए सदस्यों ने लायंस क्लब अलवर मत्स्य की सदस्यता ग्रहण कर ली जिसमे अतुल किशोर अग्रवाल (अध्यक्ष अग्रवाल महासभा ), विजय अग्रवाल ( महामंत्री अग्रवाल महासभा ), पियूष गर्ग, सुरेश चन्द गर्ग, प्रदीप धामाणी ने सदस्यता ग्रहण की इस मौके पर सभी नये सदस्यों को लायंस इंटरनेशनल की पिन लगाकर सम्मानित किया गया। लायंस क्लब अलवर मत्स्य से पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एम.जे.एफ. लायन शशि गोयल, अध्यक्ष एम.जे.एफ.लायन डॉ.मंजू अग्रवाल, पूर्व रीजन चेयरपर्सन एम.जे.एफ. लायन गिरीश गुप्ता, वर्तमान रीजन चेयरपर्सन लायन ओमप्रकाश खंडेलवाल, पूर्व जोन चेयरपर्सन लायन लोकेश यादव , पूर्व सचिव लायन विनोद अग्रवाल, पूर्व कोषाध्यक्ष लायन संध्या अग्रवाल, लायन सत्यनारायण अग्रवाल, लायन रामा गुप्ता, लायन महेश धानावत, लायन शकुन्तला धानावत, लायन शशि अग्रवाल, लायन वी.के.अग्रवाल, लायन जयदीप यादव, लायन कविता गुप्ता, लायंस क्लब अलवर के पूर्व अध्यक्ष लायन रविन्द्र गर्ग, उनकी पत्नी लायन अनीता गर्ग, संयुक्त विषय महासभा से अध्यक्ष लायन सतीश कुमार गुप्ता, मंत्री सुरेश चन्द, कोषाध्यक्ष लायन रुपेश गुप्ता, उपमंत्री लायन अनिल बंसल, पहलाद अग्रवाल, पूर्व पार्षद लायन प्रहलाद अग्रवाल, पियूष गर्ग, अशोक मित्तल, सुभाष चन्द गुप्ता, भरत गुप्ता, विमल जैन, बाबूलाल डाटा, संजय अग्रवाल, महेन्द्र गुप्ता, सुनील केदावत सहित बडी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।



रक्षाबंधन पर भाई-बहनों का अनमोल उपहार

# प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लाखों युवाओं के लिए लिखीं पुस्तकें

### आरटीएस अधिकारी और प्रोफेसर ने भाई के साथ मिलकर दिया 'इनसाइट राजस्थान' और 'राजस्थान सामान्य ज्ञान' का तोहफा, खैरथल जिला कलक्टर ने किया विमोचन




जयपुर टाइम्स

**खैरथल/अलवर (निस.)।** राजस्थान के लाखों बेरोजगार युवाओं के लिए एक अच्छी खबर है। रक्षाबंधन के अवसर पर, अलवर के टपूकड़ा निवासी भाई-बहनों की एक जोड़ी ने एक अनूठा तोहफा दिया है। आरटीएस अधिकारी शिवन्या गुप्ता, सहायक प्रोफेसर प्रियंका गुप्ता, उनके भाई केतन बिरला और उनकी धर्मपत्नी कनिष्ठ लेखाकार अंजली सोनी ने मिलकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए दो महत्वपूर्ण पुस्तकें लिखी हैं।

**इन किताबों का नाम 'इनसाइट राजस्थान**

कला और संस्कृति' और 'राजस्थान सामान्य ज्ञान' है। खैरथल-तिजारा के जिला कलक्टर किशोर कुमार ने इन पुस्तकों का विमोचन किया। लेखक केतन बिरला के अनुसार, राजस्थान की कला और संस्कृति पर एक व्यापक और संपूर्ण पुस्तक, खासकर अंग्रेजी माध्यम के छात्रों के लिए, की लंबे समय से कमी थी। इसी कमी को दूर करने के लिए, उन्होंने अपनी बहनों और पत्नी के साथ मिलकर इन पुस्तकों को लिखने का फैसला किया। 10 महीने की कड़ी मेहनत के बाद, ये पुस्तकें अब अरिहंत पब्लिकेशन के माध्यम से बाजार में उपलब्ध हैं।

**'इनसाइट राजस्थान**

कला और संस्कृति' का लेखन शिवन्या गुप्ता, प्रियंका गुप्ता और केतन बिरला ने किया है। यह पुस्तक हिंदी और अंग्रेजी दोनों संस्करणों में उपलब्ध है। वहीं, 'राजस्थान सामान्य ज्ञान' पुस्तक का लेखन केतन बिरला ने अपनी पत्नी अंजली सोनी के साथ मिलकर किया है। कलेक्टर ने इन पुस्तकों की सराहना करते हुए इसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए बेहद उपयोगी बताया है। केतन बिरला ने अपनी लेखन यात्रा की सफलता का श्रेय अपनी माता बिमलेश गुप्ता और पिता घनश्याम दास बिरला की प्रेरणा को दिया है। उन्होंने कहा कि उनके माता-पिता ने हमेशा उनका मार्गदर्शन किया और उन्हें इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए प्रेरित किया।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की अमेरिका यात्रा

# 'अंबेडकर ना केवल एक व्यक्ति है बल्कि एक ऐसी विचारधारा है जो समता बंधुत्व और सामाजिक न्याय पर समाज के निर्माण की सीख देती है'

जयपुर टाइम्स



**न्यूयॉर्क/जयपुर (कास.)।** नेता प्रतिपक्ष राजस्थान विधानसभा टीकाराम जूली ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान न्यूयार्क स्थित कोलंबिया विश्वविद्यालय का विशेष दौरा किया, जहां संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर ने उच्च शिक्षा प्राप्त कर भारतवासियों को एक नई दिशा देने का काम किया। बाबा साहब ने जहां शिक्षा ग्रहण की इस ऐतिहासिक स्थल पर पहुंचकर जूली भावुक हो उठे। उन्होंने कहा आज मेरा मन उत्साहित भी है और अभिभूत भी, क्योंकि मुझे उस धरती को नमन करने का अवसर मिला है जहां डॉ अंबेडकर ने शिक्षा ग्रहण कर देश को एक नई दशा और दिशा देने का काम किया। उन्होंने कहा कि जब भारत में दलितों को अछूत मानकर सामान्य अधिकारों से वंचित किया जाता था तब एक दलित युवक ने अपनी विलक्षण प्रतिभा और दृढ़ इच्छा शक्ति के बल पर अमेरिका की इस विश्व प्रसिद्ध संस्था में शिक्षा ग्रहण की। उन्होंने कहा कि यही शिक्षा उनकी वह ताकत बनी जिसने उन्हें भारतीय संविधान निर्माता बनने का मार्ग दिखाया। जूली ने अमेरिका जैसे विकसित देश की तुलना भारत से करते हुए कहा कि यहां महिलाओं और श्वेतों को समान अधिकार मिलने में संविधान लागू होने के बाद भी 100 वर्ष से अधिक का समय लग गया जबकि भारत में डॉ अंबेडकर की दूरदर्शी सोच और उनके गहन अनुभव के कारण संविधान लागू होने के पहले दिन से ही सभी नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता और न्यायिक अधिकार मिला। जूली ने कहा कि अंबेडकर ना केवल एक व्यक्ति है बल्कि एक ऐसी विचारधारा है जो समता बंधुत्व और सामाजिक न्याय पर समाज के निर्माण की सीख देती है। जूली के अमेरिका के इस दौरे को न केवल राजनीतिक यात्रा बल्कि सामाजिक चेतना और प्रेरणा से जुड़ा कदम माना जा रहा है।

### संगठनों द्वारा किया गया स्वागत सत्कार

नेता प्रतिपक्ष राजस्थान विधानसभा टीकाराम जूली का अमेरिका दौरे के दौरान विभिन्न संगठनों द्वारा स्वागत सत्कार किया जा रहा है। न्यूयॉर्क में र्क्रह्व प्रेसिडेंट प्रेम भंडारी, सचिव रवि,कोषाध्यक्ष नीलम मोदी सहित अन्य पदाधिकारियों ने गर्मजोशी ने जूली का स्वागत किया। जूली ने र्क्रह्व प्रतिनिधिगण के साथ भारत के राजनीतिक हालातो और राजस्थान के वर्तमान परिदृश्य पर भी चर्चा की। जूली ने बताया कि अमेरिका में एक राजस्थान प्रवासी भारतीयों की संस्था है।

# रोटरी क्लब ऑफ़ अलवर मेडिकल उपकरण बैंक के लिए जुटाएगा धन

जयपुर टाइम्स

**अलवर (निस.)।** रोटरी क्लब ऑफ़ अलवर द्वारा कार्यक्रम "ब्रज बाँसुरी" भजन संध्या का आयोजन दिनांक 7 अगस्त को सांय 6 बजे अलवर मोटेल एंड रिसोर्ट्स, विजय मंदिर रोड पर किया जा रहा है। "प्रभु मिलन की आस सब मिल करें भक्ति रस" को चरितार्थ करते हुए कार्यक्रम में मुख्य भजन गायक श्री धाम वृंदावन से चित्र विचित्र महाराज होंगे। रोटरी क्लब ऑफ़ अलवर की अध्यक्ष बबीता खंडेलवाल ने बताया कि इस भक्ति भजन संध्या "बृज बाँसुरी" में वृंदावन के विश्व विख्यात भक्ति भजन गायक चित्र विचित्र महाराज बिहारी बिहारिणी जी का अपने रोमांचित कर देने वाले भजनों से गुणगान करेंगे। श्री बिहारी जी का मनमोहक श्रृंगार फूल बंगले से होगा। "मेरी विनती यही है राधा रानी, कृपा बरसाए रखना" इसी भाव से हम समाज सेवा करते रहे व हर जरूरत मंद के काम आए इसी कड़ी में रोटरी क्लब ऑफ अलवर के दो स्थाई प्रकल्प जरूरत मंद मरीजों के लिये "डॉ बंकिम चंद्र बंदोपाध्याय रोटरी मेडिकल उपकरण बैंक" व छात्राओं के लिए सरकारी स्कूल में टॉयलेट ब्लॉक बनाना है। "ब्रज बांसुरी" कार्यक्रम के संयोजक रोटेरियन आशीष खंडेलवाल ने बताया कि बिहारी जी के लिए विशेष छप्पन भोग प्रसाद बनाया जायेगा व श्री श्याम मंडली अलवर द्वारा अखंड ज्योत जलाई जाएगी। सभी आगंतुकों का स्वागत इत्र वर्षा से किया जाएगा व प्रसाद वितरित किया जाएगा। सचिव ऋषि मित्तल ने बताया कि रोटरी क्लब ऑफ अलवर व कजारिया टाइल्स भक्ति भजन संध्या "ब्रज बांसुरी" में प्रवेश पासेस के माध्यम से होगा। रोटरी क्लब अलवर कजारिया टाइल्स भजन संध्या के प्रायोजक जयंती ग्रुप, अपना घर शालीमार एक्सटेंशन, रसगनवाला सेल्स कारपोरेशन, डाइकिन एसी, थॉमस कुक सह प्रायोजक तिरुपति ज्वेलर्स, अबराम फूड्स, भैरू बख्श स्वीट्स, अरिहंत पब्लिसिटी, यूनाइटेड मेडिकल एजेंसी, शारदा डेंटल केयर, आकाश सुपारी, ऋतम्भरा रिजॉर्ट, दुधानी हॉस्पिटल, जगमोहन लाल ज्वैलर्स, एडवांस न्यूरोलॉजि सेंटर, सिंगल प्रॉपर्टीज, एम एस ज्वेलर्स, श्री कृष्णा फैशन, देशी ठाठ, श्री ओम साईं पैकेजिंग एवं बॉबी नरूला फोटोग्राफी व सहयोगी प्रोफेसर चंद्रेयी बनर्जी आर्य, प्रमोद विजय उपाध्यक्ष भाजपा अलवर होंगे। कार्यक्रम से संबंधित सभी कमेटी का गठन कर दिया गया है ताकि कार्यक्रम को भव्य स्वरूप प्रदान किया जा सके। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व प्रांतपाल पवन खंडेलवाल, सहायक प्रांतपाल राजेश सिंघल, पूर्व अध्यक्ष के के खंडेलवाल, नीरज जैन, प्रमोद आर्य, सुरेश गुप्ता, जितेंद्र खुराना, सार्जेंट ऐट आर्म्स बबीता अग्रवाल, राजेश खंडेलवाल, विकास गुप्ता, डॉ आशुतोष शर्मा, प्रवीण खंडेलवाल, दीपाली खंडेलवाल आदि अंतिम प्रारूप देने में लगे हैं।



# अलवर के उदयनाथ धाम में भाजपा नेताओं ने किया वृक्षारोपण, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को बताया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

जयपुर टाइम्स

**अलवर/जयपुर(निसं.)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने रविवार को अलवर जिले के थानागाजी स्थित उदयनाथ धाम में वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम 'एक पेड़ मां के नाम' और 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत आयोजित हुआ, जिसमें दोनों नेताओं ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण व प्रकृति से जुड़ाव का संदेश दिया। प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने इस अवसर पर कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। यह भावनात्मक रूप से जुड़ाव के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सार्थक पहल है। उन्होंने कहा कि यह अभियान हमें मातृशक्ति के प्रति सम्मान प्रकट करने के साथ-साथ प्रकृति को संरक्षित करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की संगठनात्मक क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि वर्ष 2003 में राजस्थान में भाजपा सरकार के गठन में उनकी अहम भूमिका रही है। राठौड़ ने कहा कि यदि राज्य के सभी सांसद और विधायक भूपेंद्र यादव जैसे जमीनी कार्यकर्ता बनें तो भाजपा को कोई पराजित नहीं कर सकता। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस अवसर पर जनसंघ और भाजपा के संघर्षमयी इतिहास को याद करते हुए कहा कि आपातकाल के दौर में जनसंघ कार्यकर्ताओं को अत्याचार झेलने पड़े, लेकिन उन्होंने राष्ट्रवादी विचारधारा का परित्याग नहीं किया। उन्होंने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर में भारत की एकता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने धारा 370 समाप्त कर उनके सपनों को साकार किया। भूपेंद्र यादव ने कहा, "'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के माध्यम से हम बरगद के वृक्ष की तरह समाज के लिए समर्पित सेवा कर सकते हैं। भाजपा की राजनीति झूठ के आधार पर नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने की नीति पर आधारित है।" इस अवसर पर भाजपा के संभाग प्रभारी नारायण पंचारिया, बहरोड़ विधायक जसवंत यादव, बानसूर विधायक देवी सिंह शेखावत, रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह, कठूमर विधायक रमेश खींची सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण में जनता की सहभागिता सुनिश्चित करने का संदेश दिया।



# भजनलाल को "भागीरथ' बनाने में कन्हैयालाल का बड़ा योगदान

**पिछले 19 माह में पानी के क्षेत्र में भजनलाल सरकार ने किया सबसे ज्यादा काम**

## पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भरोसे पर मंत्री के तौर पर खरे उतर रहे कन्हैया लाल चौधरी, विकट परिस्थितियों और कठिन हालातो में भी गर्मी में पानी को लेकर कहीं भी नहीं मचा हाहाकार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पिछले 19 माह में प्रदेश की भजनलाल सरकार ने पानी के क्षेत्र में सबसे ज्यादा उल्लेखनीय काम किए हैं, पानी को लेकर कई बड़े निर्णय लिए गए और कई बड़ी योजनाएं शुरू की गई है इसलिए प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को "भागीरथ"की उपाधि भी लोगों ने दे दी है लेकिन बड़ी बात यह है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को "भागीरथ" की जो यह उपाधि मिली है उसमें सबसे ज्यादा कहीं ना कहीं बड़ी भूमिका प्रदेश के जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की मानी जा रही है क्योंकि चौधरी ने एक तरफ अपनी कार्यशाली, विवेक, नई सोच और ईमानदारी से इस महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेवारी संभाली है तो दूसरी तरफ उन्होंने पिछली गहलोत सरकार में भ्रष्टाचार को लेकर बदनाम हुए इस विभाग की छवि में काफी सुधार किया है जिससे केंद्र सरकार की ओर से संचालित महत्वपूर्ण जल जीवन मिशन कार्यक्रम का क्रियान्वयन पारदर्शिता और ईमानदारी से हो रहा है जिससे काफी हद तक पीने के पानी की समस्या का निवारण भी हुआ है हालांकि पानी के क्षेत्र में अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है लेकिन जिस रफ्तार से प्रदेश के जलदाय विभाग में तेजी से काम हो रहा है उसे देखते हुए उम्मीद की जा सकती है की आने वाले 2 साल में राजस्थान जैसे मरुस्थलीय प्रदेश में किसी भी जिले में ना तो पीने के पानी की कमी रहेगी और ना ही किसानों को अपने खेतों में पानी उपलब्ध करवाने के लिए पानी की कमी से परेशान होना पड़ेगा । अगर प्रदेश के भजनलाल सरकार के अब तक के कार्यकाल का विश्लेषण करें तो जानकार लोगों का भी यही कहना है कि सरकार ने हर क्षेत्र में अब तक काफी अच्छा काम किया है लेकिन जो कार्य पानी के क्षेत्र में सरकार ने किया है ऐसा काम आज तक इतने कम समय में राजस्थान के इतिहास में कभी भी किसी पार्टी की सरकार ने नहीं किया इसलिए जलदाय विभाग के मंत्री के रूप में कन्हैयालाल चौधरी को 100 में से 100 मार्क्स दिए जा सकते हैं



### पिछली सरकार में बदनाम हुए जलदाय विभाग की छवि को काफी हद तक सुधार दिया है चौधरी ने

पिछली गहलोत सरकार में जल जीवन मिशन कार्यक्रम में राजस्थान में बड़े स्तर पर हुए भ्रष्टाचार के मामले से एक तरफ जहां जल संसाधन विभाग की छवि काफी खराब हुई तो दूसरी तरफ राजस्थान सरकार की छवि भी पूरे देश में खराब हुई थी, जल जीवन मिशन में बड़े स्तर पर हुए घोटाले के मामले में कई बड़े लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है जांच एजेंसी की ओर से अभी भी जांच जारी है इस मामले में तत्कालीन जलदाय मंत्री गिरफ्तार भी किए गए और यह मामला प्रदेश के लोगों में अब भी चर्चा का विषय बना हुआ है हालांकि प्रदेश में अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार का गठन हो गया है और इस विभाग के नए मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कुशल प्रबंधन से काफी हद तक इसी विभाग कीकार्यशैली में काफी सुधार किया है और जल संसाधन विभाग की और से संचालित छोटे बड़े सभी कार्यों की प्रगति रिपोर्ट को मंत्री चौधरी नियमित रूप से देखते रहते हैं और अधिकारियों और कर्मचारियों को पारदर्शिता और ईमानदारी से काम करने के लिए प्रेरित भी करते रहते हैं और विभाग की टेंडर प्रक्रिया पर भी नजरे जमाए रखते हैं जिसकी वजह से काफी हद तक इस विभाग की कार्यशैली में बदलाव आया है, जल जीवन मिशन के कार्यक्रम के तहत भी बेहतर तरीके से ईमानदारी से कार्य संपादित हो रहे हैं तथा राजस्थान सरकार की ओर से भी संचालित की जा रही विभिन्न परियोजनाओं के कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की भी मंत्री चौधरी नियमित रूप से समीक्षा करते रहते हैं जिसकी वजह से विभाग में तैनात छोटे-बड़े सभी कर्मचारी और अधिकारियों की कार्यशैली में नयापन और बदलाव आया है जिसकी वजह से विभाग के कामों में भारी बदलाव साफ नजर आ रहा है इसलिए कह सकते हैं कि पिछली गहलोत सरकार में बदनाम हो चुका जल संसाधन विभाग अब अपनी छवि को काफी सुधर चुका है, यह बड़ा कमाल हुआ है जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी के श्रेष्ठ प्रबंधन से ।

### अपने निर्वाचन क्षेत्र में कन्हैयालाल चौधरी है काफी लोकप्रिय, इसीलिए जीत की मनाई हेट्रिक

*वर्ष 2013 से कन्हैया लाल चौधरी टोंक जिले की मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा सीट से नियमित रूप से विधायक चुनते आ रहे हैं वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने करीब 16000 से ज्यादा वोटो से कांग्रेस प्रत्याशी को हराया था, यह उनके इलाके के लोगों में लोकप्रियता का ही परिणाम है कि उन्होंने लगातार जीत की हैट्रिक मनाई, चौधरी के बारे में कहा जाता है कि भले ही वह जाट समाज से ताल्लुक रखते हो लेकिन हर जाति और बिरादरी के लोगों के बीच उनकी बहुत अच्छी छवि है हर जाति और बिरादरी के लोगों से आम नागरिक की तरह अब से नहींबहुत पहले से मिलते रहे हैं जब विधायक नहीं चुने गए थे तब भी हमेशा लोगों केबीच में रहे और लोगों के सुख-दुख में खुद की भागीदारी निभाते रहे और भजनलाल सरकार में मंत्री बनने के बाद भी उनके व्यवहार और कार्यशैली में बिल्कुल भी बदलाव नहीं आया है उन्होंने हमेशा अपने घर के दरवाजे लोगों के लिए खुले रखे हैं चाहे जयपुर में सरकारी आवास हो या फिर खुद के निर्वाचन क्षेत्र में निजी आवास हो दोनों ही जगह पर जनता से जुड़े मुद्दे और लोगों की समस्याओं को सुलझाने के लिए उन्होंने अपने स्तर पर अपना निजी स्टाफ भी रखा हुआ है जो लोगों की समस्याओं के निवारण के लिए सरकारी स्तर पर हर संभव प्रयास करते हैं यही वजह है कि वे लगातार चुनाव जीते आ रहे हैं, अब जिस तरह से उन्हें मंत्री बनाया गया इसके बाद तो उनके निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के चेहरे काफी खिल उठे हैं ।*

### प्रदेश के जाट समाज में रखते हैं अपना अच्छा प्रभाव

राजस्थान की राजनीति में जाट समाज का शुरू से ही प्रभाव रहा है यही वजह है कि कांग्रेस हो या बीजेपी या फिर कोई अन्य दल जाट समाज के बड़े-बड़े नेता रहे हैं हालांकि भाजपा की तुलना में कांग्रेस में जाट समाज के बड़े नेताओं की उपस्थिति ज्यादा रही लेकिन पिछले कुछ सालों से जाट समाज के कई बड़े नेता कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में भी शामिल हुए हैं फिर भी जाट समाज का भाजपा की तुलना में कांग्रेस के प्रति ज्यादा आकर्षण रहा लेकिन भारतीय जनता पार्टी में भी जाट समाज के कई लोकप्रिय नेताओं ने कांग्रेस के जाट समाज के नेताओं को कड़ी तक कर दी है जिसमें एक बड़ा नाम कन्हैयालाल चौधरी का भी है जो न केवल भारतीय जनता पार्टी के कर्तव्य निश्चित और समर्पित नेता माने जाते हैं बल्कि इनका जाट समाज में भी बहुत अच्छा रुतबा है जाट समाज के मंचों पर इन्हें काफी सम्मान मिलता है क्योंकि इनकी अपनी खुद की पर्सनैलिटी ही ऐसी है कि हर कोई इसे बातचीत करना पसंद करता है और इन्हें सम्मान देना पसंद करता है यही वजह है कि जाट समाज के बड़े संगठनों में अब तक बड़े पदों पर रहे हैं, जाट समाज के सामाजिक सरोकारों के कामों में भी शुरू से ही बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं, चौधरी इसी कोशिश में जुटे रहते हैं कि आर्थिक, राजनीतिक सामाजिक, खेल, शिक्षा, चिकित्सा, विज्ञान, इत्यादि सभी क्षेत्रों में जाट समाज के युवा ज्यादा से ज्यादा अपनी भागीदारी निभाएं, इसके लिए जब-जब जाट समाज की ओर से कोई कार्यक्रम किया जाता है तो वे खुलकर जाट समाज के सर्वांगीण विकास के लिए तथ्यात्मक तरीके से अपनी बातें रखते हैं और सिर्फ बात ही नहीं रखते बल्कि जाट समाज के सामाजिक सरोकारों के कामों में गहन दिलचस्पी दिखाते हैं इसी वजह से जाट समाज में इनका बड़ा नाम है ।

### *हैदराबाद में जाट समाज के उद्यमियों को राजस्थान में उद्योग लगाने के लिए किया प्रेरित*

*जाट समाज में कन्हैयालाल चौधरी की पकड़ राजस्थान तक ही नहीं है बल्कि देश के अन्य राज्यों में भी जाट समाज में चौधरी का काफी अच्छा प्रभाव है, विधायक और मंत्री बनने से पहले भी चौधरी देश के अन्य राज्यों में जाट समाज के बड़े-बड़े कार्यक्रमों में और पंचायत में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते रहे हैं पिछले दिनों तेलंगाना में हैदराबाद में रह रहे राजस्थान के जाट समाज ने चौधरी को हैदराबाद में बीएन रेड्डी नगर में निर्मित किए गए वीर तेजाजी और महादेव जी के मंदिर के शुभारंभ अवसर पर बुलाया था इस कार्यक्रम में हैदराबाद के जाट समाज से जुड़े लोगों ने चौधरी का भव्य स्वागत किया चौधरी ने हैदराबाद में रह रहे जाट समाज के लोगों को राजस्थान में नए उद्योग स्थापित करने के लिए प्रेरित किया है नए उद्योग स्थापित करने में कहीं भी कोई दिक्कत नहीं आएगी ।*

## भजनलाल को भागीरथ बनाने में कन्हैयालाल चौधरी की बड़ी भूमिका

पिछले 19 महीने प्रदेश के पानी के क्षेत्र में काफी उल्लेखनीय रहे द्य चाहे ईस्टर्न कैनल योजना हो, चाहे हरियाणा से जल समझौता हो, चाहे माही डैम से प्रदेश को पानी दिलाने की बात हो, चाहे श्री गंगानगर हनुमानगढ़ बाड़मेर जैसलमेर जैसे जिलों में नहर के माध्यम से पानी वितरण की व्यवस्था हो हर विषय में सरकार ने कई बड़े किया और फैसला ही नहीं लिए बल्कि ईस्टर्न कैनल योजना पर काम भी युद्ध स्तर पर शुरू हो गया है, इस योजना मेंहजारों करोड़ों रुपए के टेंडर जारी हो चुके हैं, यह योजना वसुंधरा राजे सरकार के समय से ही लंबित पड़ी हुई थी लेकिन पिछली गहलोत सरकार और केंद्र सरकार के बीच इस योजना को लेकर अच्छे माहौल में बातचीत हुई ही नहीं और केंद्र सरकार और राज्य सरकार एक दूसरे पर आरोप लगाती रही जिसकी वजह से यह योजना फाइलों में ही रही लेकिन प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सबसे पहले इसी योजना को लेकर केंद्र सरकार और मध्य प्रदेश सरकार दोनों से बातचीत की, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस योजना के क्रियान्वयन को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का पूरा सपोर्ट किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले से ही इस योजना को लागू करने के लिए कृत संकल्प थे इसलिए पिछले कई सालों से लंबित पड़ी इस बड़ी योजना को लेकर राजस्थान सरकार का केंद्र सरकार और मध्य प्रदेश सरकार दोनों से समझौता हुआ और समझौता होने के बाद इस योजना पर युद्ध स्तर पर काम भी जारी है इसी तरह से चूरू झुंझुनू और आसपास के अन्य जिलों को यमुना नदी का पानी मिलने के असर हो गए हैं इस मामले को लेकर भी राजस्थान सरकार का हरियाणा से समझौता हो गया है इस कार्य के लिए डीपीआर तैयार की जा रही है प्रदेश के बांगड़ क्षेत्र के जिलों में माही डैम से पानी उपलब्ध करवाने के बारे में सरकार की ओर से तैयारीकी जा रही है, प्रदेश के श्रीगंगानगर जैसलमेर जोधपुर बाड़मेर, हनुमानगढ़ जिलों में नहर से पानी की व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है, इस तरह से कह सकते हैं कि प्रदेश के पूरब पश्चिम उत्तर दक्षिण सभी दिशाओं में लोगों को पीने का पानी और किसानों को उनके खेतों में पानी पहुंचाने के लिए सरकार ने भविष्य को ध्यान में रखकर कई बड़े फैसले लिए जिन पर युद्ध स्तर पर काम जारी है इसके अलावा गर्मियों में किसी भी जिले में पानी की किल्लत न हो इसके लिए अस्थाई तौर पर पानी की व्यवस्था करने के लिए जिला कलेक्टर और जल संसाधन विभाग के जिलों से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित किया गया है, इसके लिए नए ट्यूबवेल, हेड पंप स्थापित करने के लिए बजट जारी किया गया है, जल जीवन मिशन के तहत हर घर में पानी पहुंचाने के लिए पानी के स्रोत डेवलप किए गए हैं जिनके माध्यम से हर घर में पानी पहुंचाने की व्यवस्था में जल संसाधन विभाग तत्परता से सभी प्रयास कर रहा है, यह सारे कार्य साफ नजर आ रहे हैं इसीलिए लोग कह रहे हैं की पानी के क्षेत्र में भजनलाल सरकार ने अब तक सबसे ज्यादा काम किया है और इसी वजह से भजनलाल को भागीरथ कहा गया है लेकिन यह भी सत्य है कि भजनलाल को भागीरथ बनाने में जल संसाधन मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की बड़ी भूमिका रही क्योंकि जल संसाधन विभाग से जुड़े सभी छोटे-बड़े कार्यों की कागजी प्रक्रिया को पारदर्शिता से तेजी से निपटना और उन्हें मुख्यमंत्री की टेबल तक पहुंचाना, यह अपने आप में बड़ा काम है और इस काम में मंत्री के तौर पर चौधरी ने भजनलाल का पूरा साथ दिया केंद्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से संचालित की जाने वाली विभिन्न परियोजनाओं की कार्य प्रगति को नियमित रूप से मुख्यमंत्री की टेबल तक पहुंचाना और उन्हें लगातार योजनाओं के बारे में अपडेट देते रहना इन सबसे मुख्यमंत्री का काम काफी आसान हुआ और उन्होंने जल संसाधन विभाग से मिले फीडबैक और सुझावों के आधार पर केंद्र सरकार के समक्ष मजबूती से पानी को लेकर राजस्थान का पक्ष रखा जिसके अच्छे नतीजे भी सामने आए,इसीलिए हर कोई यह कहता है नजर आ रहा है कि भजन लाल को भागीरथ बनाने में चौधरी की भूमिका को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता ।

### गांव और छोटे कस्बे से जुड़े परिवारों के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के काम में युद्ध स्तर पर जुटे हैं चौधरी

कन्हैयालाल चौधरी खुद सिविल इंजीनियर हैं और ए ग्रेड श्रेणी के ठेकेदार भी हैं लेकिन शुरू से ही गांव और छोटे कस्बे में रहने वाले गरीब मजदूर किसान के परिवारों के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले इसके लिए उन्होंने अपने खुद के स्कूल की स्थापना की,यह विद्यालय अब इंटरनेशनल स्मार्ट स्कूल के नाम से जाना जाता है इस विद्यालय का काफी नाम है, स्कूल का संचालन चौधरी की पत्नी करती हैं लेकिन चौधरी की कोशिश यही है कि किसान और गरीब के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले इसके लिए उन्होंने अपने खुद के विद्यालय में भी गरीब और किसानमजदूर के बच्चों को अच्छी शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध करवाने के लिए स्कूल प्रबंधन को भी अपनी मंशा से अवगत करवा चुके हैं, चौधरी की ओर से एक चैरिटी संस्थान का भी संचालन किया जाता है, इसलिए चौधरी को जहां समाज सुधारक कहा जाता है तो समाजसेवी भी माना जाता है चौधरी को जहां एक कुशल और श्रेष्ठ राजनेता माना जाता है तो चौधरी को शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा काम करने के लिए भी माना जाता है तो गरीब और किसान की जिंदगी को खुशहाल करने में भी चौधरी के प्रयासों की भी खूब प्रशंसा की जाती है ।

## विधायक रोहित बोहरा को राजस्थान कांग्रेस में मिली बड़ी जिम्मेवारी, पूर्व वित्त मंत्री प्रद्युम्न सिंह के हैं बेटे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** कांग्रेस पार्टी की दूसरी बार विधायक चुने गए राजा खेड़ा की विधायक रोहित बोहरा को कांग्रेस पार्टी के दिल्ली दरबार ने राजस्थान कांग्रेस में बड़े पद पर बिठाया है रोहित बोरा को राजस्थान कांग्रेस का कोषाध्यक्ष बनाया गया है रोहित वोहरा प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री प्रद्युमन सिंह के बेटे हैं वर्ष 2018 में पहली बार विधायक चुने गए थे और फिर 2023 में दूसरी बार उन्हें राजाखेड़ा की जनता का आशीर्वाद मिला अब राजस्थान कांग्रेस के कोषाध्यक्ष पद पर उन्हें बड़ी जिम्मेदारी मिली है राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि रोहित बोहरा हाई प्रोफाइल उच्च शिक्षित व्यक्ति हैं, अमेरिका फ्रांस जर्मनी ब्रिटेन कई देशों की विदेश यात्राएं कर चुके हैं और राजस्थान विधानसभा में विभिन्न विषयों पर उन्होंने बहुत ही तथ्यात्मक तरीके से अपना दृष्टिकोण अब तक रखा है पिछली बार जब प्रदेश में गहलोत की सरकार थी उस समय भी रोहित बोरा हर मुद्दे पर चर्चा के दौरान शानदार तरीके से अपना भाषण दिया करते थे उन्हें विधानसभा में बोलते हुए देखकर ऐसा लगता ही नहीं था कि



वह पहली बार के विधायक हैं, जनता से जुड़े हर मुद्दे पर उन्हें अच्छी जानकारी है और पूरी स्टडी के साथ विधानसभा में आते हैं और अपना दृष्टिकोण रखते हैं वित्त संबंधी मामलों में जिस तरह से इनके पिता वित्त मंत्री प्रद्युमन सिंह को बहुत अच्छी जानकारी रहती थी ठीक उसी तरह से वित्त संबंधी मामलों में रोहित बोरा अच्छी जानकारी रखते हैं शायद यही वजह है कि राजस्थान कांग्रेस ने उन्हें कोषाध्यक्ष पद पर बिठाया है अब यह देखने वाली बात होगी कि आने वाले दिनों में यह जो बड़ी जिम्मेवारी उन्हें मिली है तो राजस्थान कांग्रेस के खजाने में वह कितनी बढ़ोतरी कर पाएंगे और किस तरह से और किन प्रयोग के माध्यम से राजस्थान कांग्रेस के खजाने को भरेंगें ।

## केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने किशनगढ़ आवास पर की जनसुनवाई, समस्याओं के त्वरित समाधान के दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**किशनगढ़ (अजमेर)** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने रविवार को अपने किशनगढ़ आवास पर जनसुनवाई का आयोजन कर स्थानीय नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर अजमेर संसदीय क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों, सामाजिक प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने मंत्री के समक्ष व्यक्तिगत, सामाजिक और प्रशासनिक मुद्दे रखे। जनसुनवाई में आए हर फरियादी की बात को केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर समस्याओं के त्वरित एवं संतोषजनक समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जन समस्याओं के समाधान में कोई कोताही न बरती जाए। मंत्री चौधरी ने कहा कि जनसेवा ही जनप्रतिनिधि का परम धर्म है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि आमजन तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे और समाज के अंतिम व्यक्ति को भी सम्मानजनक जीवन मिले। उन्होंने कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं, ताकि ज़रूरतमंद लाभ उठा सकें। भागीरथ चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है और देश में सकारात्मक बदलाव लाने हेतु समर्पित है। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, कार्यकर्ता और अधिकारी मौजूद रहे। जनहित के इस संवाद ने सरकार और जनता के बीच विश्वास को और मजबूत किया।

## *जयपुर में एक साथ होंगे 108 संस्कृत सम्भाषण शिविर, वरिष्ठ प्रचारक माणकचंद 'भाईजी' को दी गई श्रद्धांजलि*

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** संस्कृत भारती जयपुर प्रान्त द्वारा संस्कृत को जन-जन की भाषा बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता राजस्थान के क्षेत्र संगठनमंत्री कमल शर्मा रहे। उन्होंने बताया कि 10 से 19 सितम्बर तक जयपुर के 108 विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में संस्कृत सम्भाषण शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनका समापन एक साथ "Sanskrit for Future" कार्यक्रम के रूप में किया जाएगा। इसमें प्रदेशभर के शिक्षाविद विचार-विमर्श करेंगे। प्रो. वाई.एस. रमेश ने कहा कि संस्कृत को लोकभाषा बनाने में ये शिविर मील का पत्थर साबित होंगे। कार्यक्रम की तैयारियों पर प्रान्त मन्त्री चन्द्रशेखर शर्मा ने बताया कि युवा संस्कृत के माध्यम से भारतीय ज्ञान परम्परा को समझें, यही लक्ष्य है। संगोष्ठी में विमल जी, मनोज शर्मा, डॉ. अभिनव उपाध्याय, डॉ. माधवेश्वर चौधरी, नरेश सिंह, देवकरण शर्मा, हर्षित सारस्वत, मदन गोपाल, दिव्यांशु, भारती दाधीच, अंजलि, प्रियंका, गार्गी विश्नोई सहित 40 से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं पाथेय कण पत्रिका के संरक्षक माणकचंद 'भाईजी' को श्रद्धांजलि देने हेतु आदर्श विद्यामंदिर, अंबाबाड़ी में सभा आयोजित हुई। कार्यक्रम में सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर, राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, हरियाणा प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया,संघ प्रचारक विश्वजीत, पाथेय कण के पूर्व संपादक कन्हैयालाल चतुर्वेदी, वरिष्ठ प्रचारक सुरेश, माणकजी के भतीजे विजय और दीनानाथ सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने माणकचंद जी के जीवन को समर्पित प्रचारक जीवन की मिसाल बताया। वर्ष 1942 में जन्मे माणक जी ने 1966 से पूर्णकालिक प्रचारक के रूप में संघ कार्य किया और जीवनपर्यंत संघ के प्रचार, संगठन व विचारों को समर्पित रहे।

# शिक्षक, शिक्षा और समाज



*पर समाज का उसके प्रति जो नजरिया है उसमें रात-दिन का बदलाव आ गया है। मान-सम्मान तथा सेवा-भाव का जो दृष्टिकोण पहले शिक्षकों के प्रति हमारा रहा है, वह सर्वथा नए आयामों में बदल गया है। भौतिक सुख-सुविधाएं समाज के दूसरे क्षेत्रों के लोग तो ले लें, पर शिक्षक अपनी वही फटीचरी जिंदगी जीता रहे, यह दोयम दर्जे की मानसिकता हमारे लिए घातक रही। जहां तक छात्रों के रवैये का सवाल है, वह बिल्कुल बदल गया है। स्कूल शिक्षक हो या कॉलेज शिक्षक, हर जगह शिक्षक को ही नीचा देखना पड़ रहा है। छात्रों में बढ़ती अनुशासनहीनता, उच्छृंखलता और आए दिन होने वाली हड़तालें, उनके प्रति बढ़ते असंतोष का प्रतीक हैं। श्रद्धाभाव तो तनिक नहीं रहा, बिना गुरु के ज्ञान नहीं मिल सकता, यह बात असत्य मानी जाने लगी है। जहां तक शिक्षकों में ट्यूशन पढ़ाने के बढ़ते चलन का प्रश्न है, वह प्रासंगिक बन गया है। अल्प वेतन में जिस दायित्व की पूर्ति हम सोचते हैं,*

स्वार्थ साधने के चक्कर में कई बार देश, समाज और कानून की परवाह नहीं की जाती। सबसे बड़े रोल मॉडल वे लोग माने जाने लगे हैं जिन्होंने खूब पैसा बनाया है। जिन्होंने किन्हीं मूल्यों के लिए संघर्ष किया है, पर आर्थिक सफलता हासिल की है, उन्हें पूछा नहीं जाता। ऐसे में देश और समाज के लिए मरने-खपने की प्रेरणा कहां से मिलेगी! शिक्षक का दर्जा समाज में बड़ा ही सम्माननीय तथा उच्च माना गया है। वह नैतिकता व आदर्शों का प्रेरणास्रोत तथा जीवन-मूल्यों के सतत नियामक रूप में भी जाना गया है। शिक्षक के रूप में एक विनयशील, अनुशासनबद्ध और आदर्श जीवन पर चलने वाले व्यक्ति को मान्य किया गया है तथा माना गया है कि उस पर समाज, राष्ट्र तथा मानव जीवन की सभी नैतिक जिम्मेदारियां हैं। समय के साथ 'गुरु' के आदर्श रूप की व्यवस्था मिटने लगी है तथा जीवन के दूसरे क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की तरह ही शिक्षक भी बनता चला गया। बनता क्यों नहीं, वह भी हाड़-मांस का पुतला है, उसकी भी जिम्मेदारियां तथा महत्त्वाकांक्षाएं हैं। गिरते जीवन-मूल्यों की इस आंधी ने शिक्षक के आदर्श स्वरूप को झिंझोड़ कर रख दिया और आज तो हालत यह है कि शिक्षक जगत में भी भ्रष्टता ने अपना घर बना लिया है।

शिक्षक बनते ही व्यक्ति पर नैतिकता का एक मुलम्मा अपने आप चढ़ जाता है। उसके द्वारा किया जाने वाला हर कार्य आदर्शों की कसौटी पर तोला जाता है और वह हमेशा एक मानसिक दबाव का जीवन जीता है। ईमानदारी और सच्चाई की प्रतिमूर्ति बनकर भी उसे जीना पड़ता है; पर समाज का उसके प्रति जो नजरिया है उसमें रात-दिन का बदलाव आ गया है। मान-सम्मान तथा सेवा-भाव का जो दृष्टिकोण पहले शिक्षकों के प्रति हमारा रहा है, वह सर्वथा नए आयामों में बदल गया है। भौतिक सुख-सुविधाएं समाज के दूसरे क्षेत्रों के लोग तो ले लें, पर शिक्षक अपनी वही फटीचरी जिंदगी जीता रहे, यह दोयम दर्जे की मानसिकता हमारे लिए घातक रही। जहां तक छात्रों के रवैये का सवाल है, वह बिल्कुल बदल गया है। स्कूल शिक्षक हो या कॉलेज शिक्षक, हर जगह शिक्षक को ही नीचा देखना पड़ रहा है। छात्रों में बढ़ती अनुशासनहीनता, उच्छृंखलता और आए दिन होने वाली हड़तालें, उनके प्रति बढ़ते असंतोष का प्रतीक हैं। श्रद्धाभाव तो तनिक नहीं रहा, बिना गुरु के ज्ञान नहीं मिल सकता, यह बात असत्य मानी जाने लगी है।

जहां तक शिक्षकों में ट्यूशन पढ़ाने के बढ़ते चलन का प्रश्न है, वह प्रासंगिक बन गया है। अल्प वेतन में जिस दायित्व की पूर्ति हम सोचते हैं, वह कतई संभव नहीं है। उसकी भी जरूरतें हैं, दायित्व हैं, बच्चे हैं, उनका लालन-पालन, ब्याह-शादी, जो भी मनुष्य रूप में उसे मिले हैं, उन्हें उसे निभाना ही है। जटिल होते जीवन संघर्ष में यदि वह इस श्रमसाध्य सहारे का आसरा नहीं लेगा तो वह कई मोर्चों पर हार जाएगा। दूसरे क्षेत्रों में जहां भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, कमीशनखोरी तथा लूट-खसोट मची है, वहां शिक्षकों को इस तरह के अवसर बहुत कम हैं। गांव की प्राथमिक शाला में बिना किसी स्कूल बजट के पढ़ा रहे शिक्षक से किस घोटाले की आशंका की जा सकती है? अधिक से अधिक शिक्षक पर यह आरोप आ जाता है कि उसने रुपए लेकर छात्र के अंक बढ़ा दिए या उसे उत्तीर्ण कर दिया, पर यह इतना न्यून है कि वह यहां भी अपने नैतिक व आदर्श स्वरूप को बचाए हुए है। इस दृष्टि से वह जो श्रम करके पैसा कमाता है, उसे किसी भी तरह गलत नहीं कहा जा सकता। समाज में अच्छी बातें कहने व उपदेश देने वाले तो बहुत हैं, पर उन पर अमल करने वाले गिने-चुने हैं। शिक्षक समुदाय में अभी गैरत बची है। अब यह बात दीगर है कि स्कूलों में सरकार की ओर से साधन ही सुलभ न हों तो उसके लिए शिक्षक क्या करें? जहां तक शिक्षकों द्वारा छात्रों को शिक्षा देने का सवाल है, उसका संबंध हमारे बदलते जीवन मूल्यों से सीधा जुड़ा हुआ है। नए जीवन मूल्यों का असर यह है कि अधिकतर छात्र न तो पढ़ना चाहते हैं और न अभिभावक उन्हें दिशा ज्ञान देना चाहते हैं। सबका जोर सब किसी तरह कोई नौकरी पा लेने पर है, वह चाहे तिकड़म से ही क्यों न मिले। फिर, भी यह बहस जब-तब चलती रहती है कि दिशा ज्ञान देने का दायित्व माता-पिता पर है या शिक्षक पर? सच तो यह है कि यह विवाद ही निरर्थक है, दिशा-ज्ञान देने का दायित्व दोनों पर है। न तो गुरुइससे बच सकता और न ही अभिभावक। आज अभिभावकों के पास समय नहीं है। वे जीविकोपार्जन के अलावा अन्य बातों में इतने उलझ गए हैं कि घर में भौतिकता की आंधी तो ला रहे हैं लेकिन ज्ञान का उजाला कम कर रहे हैं। वे दिन के चौबीस घंटों में से दस मिनट बालक के लिए नहीं निकाल पा रहे। माता-पिता को बच्चे की पढ़ाई-लिखाई पर ध्यान देना होगा, इस पर गौर करते रहना होगा कि वह पाठ्यक्रम से इतर और क्या-क्या सीख रहा है, उसमें कैसी आदतें विकसित हो रही हैं, उसमें कैसी रुचियां पनप रही हैं, उसकी दिलचस्पी किन विषयों में ज्यादा है। अगर कोई भटकाव दिखे तो शिक्षक को जानकारी देनी होगी तथा अपने स्तर पर भी उसे दूर करने का प्रयत्न करना होगा। अन्यथा ज्ञान का पाठ पूरा नहीं होगा तथा संस्कारहीनता के कारण उसका सही मार्ग से विचलित हो जाना स्वाभाविक होगा। शिक्षक भी इस मामले में अपनी नैतिक जिम्मेदारी से बचे नहीं होते।


**सम्पादकीय**

## वनों की कटाई की वजह से खतरे में बाघ



देश भर के जंगलों में जिस तरह से अतिक्रमण और खनन के साथ मानवीय हस्तक्षेप बढ़ा है, उससे बाघों का सुरक्षित पर्यावास खतरे में है। वनों की लगातार कटाई ने उनके लिए आहर की चुनौतियां भी बढ़ा दी हैं। जंगलों के भीतर सड़कों के निर्माण और कोलाहल बढ़ने से प्राकृतिक माहौल का संतुलन बिगड़ा है। नतीजा यह कि अब बाघ जंगलों से बाहर निकल रहे हैं। भोजन-पानी की तलाश में भटकते ये वन्य जीव मनुष्यों के लिए तो खतरा बने ही हैं, साथ ही उनके जीवन पर भी संकट बढ़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में मनुष्यों और वन्य जीवों के बीच संघर्ष की घटनाओं में इजाफा हुआ है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की ओर से जारी रपट भी इस ओर इशारा करती है, जिसमें कहा गया है कि वर्ष 2021 से 2025 के दौरान देश भर में 667 बाघों की मौत हुई है। इनमें से 341 बाघों की मौत अभयारण्यों से बाहर हुई है। इस रपट ने अभयारण्यों की देखरेख में बरती जा रही लापरवाही को भी उजागर किया है। वाल है कि अभयारण्यों में आवाजाही के लिए बने गलियारों से बाघ और तेंदुए गांवों एवं शहरों तक कैसे पहुंच जाते हैं? क्या उनके लिए जंगल छोटे पड़ रहे हैं। क्या बाघों की निगरानी के लिए अब तक मजबूत तंत्र नहीं बन पाया है? अगर कहीं बाड़बंदी नहीं है और बाघ निर्धारित दायरे से बाहर निकलते हैं, तो समय रहते ऐसी घटनाओं का पता क्यों नहीं लगाया जाता। ड्रोन जैसी आधुनिक तकनीक के बावजूद बाघों की नियमित निगरानी क्यों संभव नहीं हो पा रही है। एक सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या जंगलों में बाघों के लिए भोजन का अभाव है? मध्य प्रदेश में दो दशकों में जिस तरह वनों की कटाई हुई है, उसका परिणाम सामने हैं। यहां चार वर्ष के भीतर अभयारण्यों से बाहर निकले नब्बे बाघों की मौत कोई साधारण घटना नहीं है। शासन व प्रशासन को बाघों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ उनकी सुरक्षा पर भी ध्यान देना होगा। यह सब आधी-अधूरी योजनाओं से नहीं, बल्कि नवोन्मेषी उपायों से ही संभव हो पाएगा।

## आजादी की सीमा



पिछले कई वर्षों से अभिव्यक्ति की आजादी और लोकतंत्र के नाम पर चल रहे नाटक को देख कर बुद्धिजीवी वर्ग हतप्रभ-सा है। क्या अब समय नहीं आ गया कि अभिव्यक्ति की आजादी और लोकतांत्रिक अधिकारों की भी एक सीमा तय हो, क्योंकि अगर ऐसा नहीं किया गया तो इस तरह के नाटक लगातार होते रहेंगे और सामान्य नागरिक इसमें पिसता रहेगा। कभी हाईवे जाम से, कभी आगजनी से, कभी पत्थरबाजी से, कभी आराध्य देवों के अपमान से। भारत में बेरोजगारी एक ऐसा विषय है जो सालों से हर राजनीतिक दल के चुनावी मुद्दों की सूची में शामिल रहता है। मगर चुनाव जीतते ही इसे हवा में उड़ा दिया जाता है। पर सही मायनों में देखा जाए, तो बेरोजगारी के कसूरवार सिर्फ राजनीतिक दल नहीं हो सकते। आज के युवाओं में हुनर और प्रतिभा पर विश्वास की कमी दिखाई देती है। रोजगार के क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा से उन्हें अपने चुने गए विषय और मेहनत पर संशय होने लगता है। कम पढ़े-लिखे युवा कहीं भी रोजगार की तलाश कर काम करने लगते हैं। बेरोजगार तो वह व्यक्ति रह जाता है, जिसके पास डिग्रियां तो हैं, पर अपने कौशल पर विश्वास नहीं। सरकार ने कौशल विकास के लिए योजनाएं बनाई, पर इनका परिणाम कोई खास बदलाव नहीं ला पा रहा है। इसलिए शिक्षा के क्षेत्र में कुछ ऐसे विशेष बदलाव लाने होंगे, जिससे छात्रों को अपने कौशल और ज्ञान पर आत्मविश्वास बढ़े। चुनाव आयोग ने एक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने पर रोक लगाने की सिफारिश की है। उसका यह प्रस्ताव स्वागतयोग्य है। आजकल चुनावों पर सीमा से कई गुना पैसा खर्च किया जाता है। कोई भी नेता अगर दो जगह से चुनाव जीत जाता है, तो उसे एक सीट से इस्तीफा देना पड़ता है। जिस सीट से इस्तीफा दिया जाता है, वहां के मतदाता ठगा महसूस करते हैं। उस खाली हुई सीट पर चुनाव आयोग को एक बार फिर से वही सारी प्रक्रिया शुरू करनी पड़ती है। एक बार फिर से लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं, सुरक्षा व्यवस्था फिर से करनी पड़ती है। अब इस समस्या को हल करने के लिए केंद्र सरकार को गंभीरता दिखानी चाहिए। एक से अधिक सीट पर चुनाव लड़ने पर रोक लग। एक तरीका और भी हो सकता है कि जिस सीट को छोड़ा जाता है वहां दूसरे नंबर पर आने वाले उम्मीदवार को विजयी घोषित किया जा सकता है।

## पूर्वाग्रह के पांव

**पर ऐसा क्यों है? अमूमन यह कहा जाता है कि मनुष्य ही ऐसा प्राणी है, जो विवेकशील और तर्कनिष्ठ है। हजारों सालों से अनवरत चली आ रही विज्ञान और दर्शनशास्त्र में प्रगति इस बात का पक्का सबूत है कि मनुष्य जाति अपने विवेक के कारण अन्य प्राणियों से अलग है। वह अपना मत बदलती है और विवेक के आधार पर नई परिकल्पनाओं को ठोस आकार देती है। संज्ञानात्मक विज्ञान (कॉग्निटिव साइंस) के विशेषज्ञ ह्यूगो मर्सिएर और डेन स्पर्बर ने अपनी किताब 'द एनिग्मा ऑफ रीजन' में बताया है कि मानव चेतनता, जिसे औवित्य या अंग्रेजी में रीजन कहा जाता है**

लगभग पैंतालीस साल पहले, 1975 में, स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी ने एक अध्ययन किया था, जो आज की परिस्थितियों को समझने के लिए बेहद उपयोगी है। इस अध्ययन का उद्देश्य यह जानना था कि अगर हम कोई धारणा, विचार या मत बना लेते हैं, तो बाद में उपलब्ध तथ्यों के आधार पर उसको बदलने के लिए तैयार होते हैं या नहीं। यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों ने अपने शोध में पाया कि एक बार जो धारणा हम बना लेते हैं, उसे तब भी नहीं बदलते, जब नई जानकारी यह साबित कर देती है कि हमारा मत एकदम गलत था। उनका कहना था कि हम अपनी धारणा से चिपके रहते हैं, चाहे हमारे सामने कोई भी तर्कपूर्ण दलील कितने भी प्रभावी तरीके से क्यों न रखी जाए। इस अध्ययन से एक और चौंकाने वाली बात निकल कर आई थी कि आमतौर पर हममें तर्क और प्रमाण के आधार पर सोचने की कुव्वत न के बराबर है। कुछ समय पहले अमेरिका की प्रतिष्ठित पत्रिका 'न्यू यॉर्कर' ने इस संबंध में एक लेख छापा था, जिसमें कई और अध्ययनों के आधार पर कहा गया था कि विवेकशील प्रतीत होने वाले व्यक्ति भी ज्यादातर नासमझ और तर्कशून्य होते हैं और वे सामान्य लोगों की तरह ही अपने बने-बनाए मत को बदलने से बचते हैं। मसलन, अगर किसी कारण से हम मानने लगें कि सूरज पूरब से नहीं, बल्कि पश्चिम से निकलता है, तो सारी दलीलों और तथ्यों को सुनने के बाद भी हम अपना मत नहीं बदलेंगे। पर ऐसा क्यों है? अमूमन यह कहा जाता है कि मनुष्य ही ऐसा प्राणी है, जो विवेकशील और तर्कनिष्ठ है। हजारों सालों से अनवरत चली आ रही विज्ञान और दर्शनशास्त्र में प्रगति इस बात का पक्का सबूत है कि मनुष्य जाति अपने विवेक के कारण अन्य प्राणियों से अलग है। वह अपना मत बदलती है और विवेक के आधार पर नई परिकल्पनाओं को ठोस आकार देती है। संज्ञानात्मक विज्ञान (कॉग्निटिव साइंस) के विशेषज्ञ ह्यूगो मर्सिएर और डेन स्पर्बर ने अपनी किताब 'द एनिग्मा ऑफ रीजन' में बताया है कि मानव चेतनता, जिसे औवित्य या अंग्रेजी में रीजन कहा जाता है, क्रमागत उन्नति का लक्षण है। दूसरे शब्दों में चेतनता एक 'इवॉल्वड ट्रेड' है, जिसकी क्रमागत उन्नति ठीक उसी तरह से हुई है जैसे कि हमारा चार के बजाय दो पैरों पर चलना हुआ है। उनका कहना है कि मनुष्य जाति की विशेषता उसकी एक-दूसरे के साथ मिल कर काम करने की प्रवृत्ति है। पर सहयोग स्थापित करना और फिर उसको चलाए रखना एक टेढ़ी खीर है। तर्क, विवेक या रीजन की उत्पत्ति और विकास गूढ़ प्रश्नों का अर्थ समझने के लिए नहीं, बल्कि समूह में सहयोग बनाए रखने के लिए और उससे उपजी समस्याओं से निपटने के लिए हुआ था। शोधकर्ताओं के अनुसार, चूंकि मनुष्य अति सामाजिक प्राणी है, इसलिए जो विचार बुद्धिवादी दृष्टि से बचकाने लगते हैं, वे वास्तव में सामाजिक विमर्श और क्रिया के नजरिए से चतुर होते हैं और उपयोगी भी। इस संदर्भ में पुष्टि पूर्वाग्रह (कन्फर्मेशन बायस) को ही ले लीजिए। यह जनमानस की वह प्रवृत्ति है, जो उस सूचना, तथ्य आदि को तो तुरंत ग्रहण कर लेती है, जो हमारे पूर्वाग्रह से मेल खाते हैं, पर उन सब तथ्यों को नकार देती है, जो पूर्वाग्रह से मेल नहीं खाते हैं। कन्फर्मेशन बायस को साबित करने के लिए स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी में कई शोध हुए हैं, जिनसे सिद्ध होता है कि हम तथ्यों की पूरी जानकारी के बावजूद उनके निष्कर्षों से अपनी आंखें मोड़ लेते हैं, जो हमारे पूर्वाग्रहों के विपरीत है। वास्तव में हम अपने पूर्वाग्रहों, चाहे वे सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक या आर्थिक हों, के प्रति इस कदर समर्पित हैं कि उनको लगातार और मजबूत करने के लिए सहायक तथ्यों की तलाश में रहते हैं और विपरीत परिदृश्य को अनदेखा करते रहते हैं। इसी वजह से, शोधकर्ताओं का कहना है, हम अमूमन दूसरों के तर्क और विचारों में तो फौरन त्रुटि पकड़ लेते हैं, पर अपनी कमी नहीं पकड़ पाते हैं। यह प्रवृत्ति ठीक उस चूहे जैसी है, जो अपने पूर्वाग्रह की वजह से आश्वस्त है कि आसपास बिल्ली नहीं है और उसकी अपने तरीके से पुष्टि करने के चक्कर में बिल्ली के झपट्टे में आ जाता है। वह वास्तविक तथ्य कि बिल्ली पास ही में है, को बिल्कुल तवज्जो नहीं देता है। अध्ययनकर्ताओं का मानना है कि हम एकल व्यक्ति की तरह नहीं सोचते हैं। हमारी सोच सहकारिता पर आधारित है। एक व्यक्ति का विशेष ज्ञान, सामान्य क्रिया के रूप में औरों को उपलब्ध होता है।





# शहनाज गिल की आगामी फिल्म 'एक कुड़ी' में गाना गाएंगे हनी सिंह

सिंगर-एक्ट्रेस शहनाज गिल अपनी आगामी फिल्म एक कुड़ी से काफी चर्चा में हैं। यह फिल्म कुछ महीनों के अंदर दर्शकों के बीच होगी। हाल ही में अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इनमें एक्ट्रेस मशहूर रैपर हनी सिंह के साथ नजर आ रही हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि अभिनेत्री की आगामी फिल्म के लिए हनी सिंह एक धमाकेदार गाना लेकर आने वाले हैं।

### हनी सिंह के साथ मस्तमौले अंदाज में दिखीं शहनाज

शहनाज गिल ने सोमवार को अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों की बात की जाए तो पहली ही तस्वीर में एक्ट्रेस हनी सिंह के साथ दिख रही हैं, जिसमें दोनों काफी खुश दिख रहे हैं। इस तस्वीर में रैपर अभिनेत्री की ओर देखते हुए हंसते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा शहनाज गिल ने खुद की कुछ और फोटोज शेयर की हैं, जिनमें उन्हें अनोखी हेयरस्टाइल में देखा जा सकता है। साथ ही एक्ट्रेस वेस्टर्न आउटफिट और ब्लैक कलर का लॉन्ग बूट पहने दिख रही हैं।

### एक कुड़ी के लिए सॉन्ग लेकर आ रहे हनी सिंह?

इन तस्वीरों को शेयर करते हुए शहनाज गिल ने हनी सिंह को टैग करते हुए कैप्शन दिया कि ये हंसी देसी है। इस पोस्ट के वायरल होते ही कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि हनी सिंह अभिनेत्री की आगामी फिल्म एक कुड़ी के लिए एक शानदार गाना लेकर आने वाले हैं। आपको बताते चलें कि इससे पहले भी हनी सिंह इस फिल्म के लिए एक गाना गा चुके हैं।

### एक कुड़ी फिल्म के बारे में

शहनाज गिल की यह पंजाबी फिल्म 19 सितंबर 2025 को रिलीज होगी। पहले इस फिल्म को 13 जून को रिलीज किया जाना था। फिल्म का निर्देशन अमरजीत सिंह द्वारा किया जा रहा है और उन्होंने ही इसकी कहानी भी लिखी है। इस फिल्म का इंतजार एक्ट्रेस के साथ-साथ उनके फैंस भी बड़ी बेसब्री से कर रहे हैं।



# सैयारा के सपोर्ट में आईं तनीषा मुखर्जी, मेकर्स पर लग रहे थे पेड रिएक्शन के इल्जाम


18 जुलाई को रिलीज हुई मोहित सूरी की फिल्म सैयारा साल की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक साबित हुई है। नए कलाकारों अहान पांडे और अनीत पड्डा अभिनीत इस फिल्म की कहानी ने युवा दर्शकों को आकर्षित किया है। सिनेमाघरों में लोगों की प्रतिक्रियाओं के भावुक वीडियो वायरल हो रहे हैं। जहां कई लोगों ने फिल्म की तारीफ की है, वहीं कुछ लोगों ने इस पर संदेह भी जताया है, जिसके बाद अभिनेत्री तनीषा मुखर्जी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

### नकली प्रदर्शन करने के लिए दिए जा रहे पैसे?

दरअसल यूट्यूब पर एक चैनल द बार्बर शॉप विद शांतनु में दावा किया गया कि सिनेमाघरों में भावनात्मक चीजें नकली और बनावटी होते हैं। वक्ता ने आरोप लगाया कि फिल्म देख कर सिनेमाघरों में लोग जो प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं वह झूठी हैं। उन्होंने कहा इस बेतुकी सैयारा फिल्म के साथ क्या हो रहा है? मेरे विचार से, इस फिल्म के निर्माता ने कई युवाओं को सिनेमाघरों में जाकर रोने का भावनात्मक प्रदर्शन करने के लिए 500 रुपये दिए हैं। इस तरह फिल्म का प्रचार हो रहा है।

### तनीषा का फूटा गुस्सा

तनीषा मुखर्जी ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे नकारात्मक बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा पूरी तरह से असहमत। समय बदल रहा है और ये लोग अतीत में ही उलझे हुए हैं। नए लोगों को प्यार दें और उनकी तारीफ करें। यह आदमी बकवास कर रहा है। क्या उसे फिल्म के बारे में कुछ भी पता है? वह सैयारा के बहाने नकारात्मक बातें




करके व्यूज बटोर रहे हैं। अगर लोग किसी फिल्म को पसंद कर रहे हैं तो इसमें गलत क्या है? सिर्फ इसलिए कि वह खुद को उससे जोड़ नहीं पा रहे हैं, इसका मतलब यह नहीं कि युवा पीढ़ी भी उससे जुड़ाव महसूस नहीं करती। हर पीढ़ी अलग होती है। हम कह रहे हैं जाकर फिल्म देखिए और देखिए दर्शक कैसे प्रभावित होते हैं, फिर बात कीजिए। यह तो सिर्फ बॉलीवुड की आलोचना है!

### बॉक्स ऑफिस पर अच्छी चल रही है सैयारा

आपको बता दें कि फिल्म सैयारा बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही है। रिलीज के सिर्फ 13 दिनों में ही इस फिल्म ने भारत में 286 करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार किया है। यशराज फिल्म्स द्वारा समर्थित सैयारा ने दर्शकों के साथ एक जुड़ाव बनाया है।



# रांझणा में मेरे लिए आनंद ने लगाया था अपना पैसा

साउथ के सुपरस्टार धनुष ने फिल्म रांझणा को लेकर एक दिलचस्प किस्सा साझा किया है। उन्होंने बताया कि इस फिल्म में उन्हें कास्ट करना आसान नहीं था। धनुष ने कहा,



उस वक्त आनंद एल राय के पास मुझे कास्ट करने के लिए बजट नहीं था। मैंने लगभग फिल्म को मना कर दिया था। लेकिन आनंद सर का जुनून इतना गहरा था कि उन्होंने हर हाल में मुझे ही कुंदन के रोल में देखना चाहा। धनुष ने आगे बताया... उन्होंने इस किरदार के लिए हर मुश्किल का सामना किया, यहां तक कि अपनी जेब से भी पैसा लगाया। उन्होंने मुझमें कुंदन को देखा और अपने विजन पर अडिग रहे। बता दें कि रांझणा में धनुष ने बनारस के एक जुनूनी प्रेमी कुंदन का किरदार निभाया था, जो दिल टूटने के बाद राजनीति की दुनिया में चला जाता है। इस फिल्म के बाद धनुष और आनंद एल राय ने अतरंगी रे में साथ काम किया और अब दोनों तेरे इश्क में नाम की फिल्म पर फिर से साथ आ रहे हैं, जो इसी साल रिलीज होगी। इसमें धनुष के साथ कृति सेनन भी दिखेंगी।

# सनी देओल और एक्सेल एंटरटेनमेंट ने पहली बार मिलाया हाथ



एक्टर सनी देओल ने हाल ही में गदर 2 और जाट जैसी हिट फिल्में दीं। उनके पास बॉर्डर 2, लाहौर 1947 और रामायण-पार्ट वन जैसी बड़ी फिल्में हैं। सूत्रों के मुताबिक, जल्द सनी देओल एक्सेल एंटरटेनमेंट की बड़े बजट की एक्शन थ्रिलर फिल्म में भी नजर आएंगे। एक सूत्र ने बताया कि इस फिल्म से सनी देओल और एक्सेल एंटरटेनमेंट की पहली बार पार्टनरशिप होगी। दोनों के बीच इसको लेकर काफी वक्त से बातचीत चल रही थी। अब एक हाई-कॉन्सेप्ट और बड़े स्केल की फिल्म पर मिलकर काम शुरू हो रहा है। यह भी बताया गया कि इस फिल्म से बालाजी डायरेक्शन में डेब्यू करेंगे। वह इससे पहले कई तमिल ब्लॉकबस्टर फिल्मों में असिस्टेंट और एसोसिएट डायरेक्टर रह चुके हैं। फिल्म की शूटिंग दिसंबर से शुरू होगी। सूत्र ने बताया, यह एक दमदार फिल्म होगी। इसमें सनी उसी अवतार में दिखेंगे, जिसमें दर्शकों ने उन्हें हमेशा पसंद किया है।

# क्या बिग बॉस 19 का हिस्सा होंगी मल्लिका शेरावत? एक्ट्रेस ने बताई सच्चाई



बॉलीवुड स्टार सलमान खान द्वारा होस्ट किया जाने वाला बिग बॉस भारत के सबसे पसंदीदा रियलिटी शो में से एक है। यह शो अपने 19वें सीजन के साथ वापस आ गया है और इसमें भाग लेने के लिए किन हस्तियों से संपर्क किया गया है, इस बारे में पहले से ही अटकलें लगाई जा रही हैं। इस बीच ये भी खबरें आईं कि बॉलीवुड अभिनेत्री मल्लिका शेरावत भी बिग बॉस 19 में नजर आएंगी। अब शो में हिस्सा लेने पर एक्ट्रेस ने चुप्पी तोड़ी है और सारी सच्चाई बताई है।

### मल्लिका ने चर्चाओं को किया खारिज

अपने बिग बॉस 19 में जाने की चर्चाओं के बीच अब मल्लिका शेरावत ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की है। इस स्टोरी में मल्लिका ने बिग बॉस में उनको लेकर चल रही चर्चाओं पर प्रतिक्रिया दी है। एक्ट्रेस ने बिग बॉस से जुड़ी चर्चाओं को खारिज करते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए मैं बिग बॉस नहीं कर रही हूं और कभी नहीं करूंगी। धन्यवाद। मल्लिका इससे पहले बिग बॉस 18 के दौरान अपनी फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो के प्रमोशन के लिए एक गेस्ट के तौर पर शो में आई थीं।

हाल ही में बिग बॉस के निर्माताओं ने एक प्रोमो वीडियो के साथ शो के 19वें सीजन की घोषणा की। वीडियो में नए लोगो की भी झलक दिखाई गई है। जिसमें एक कलरफुल आंख दिखाई दे रही है, जो शो के अलग-अलग रंग दिखाती है। मेकर्स की ओर से सोशल मीडिया पर शेयर करके बताया गया कि काउंटडाउन शुरू हो चुका है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो बिग बॉस का 19वां सीजन इस बार कई बड़े बदलावों के साथ लौट रहा है। इस बार का फॉर्मेट न सिर्फ पूरी तरह से नया होगा, बल्कि शो के लोकप्रिय डायलॉग और कंटेस्टेंट्स के रोल्स में भी अहम फेरबदल किया गया है।



# कौन है मेधा राणा, अनीत पड्डा से हो रही है तुलना

**मेधा राणा अचानक सुर्खियों में आ गई हैं। उनकी तुलना सैयारा गर्ल अनीत पड्डा से हो रही है। मेधा की बॉर्डर 2 में एंट्री हुई है। वह फिल्म में वरुण धवन के साथ रोमांस करती दिखेंगी।**

सैयारा की ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद अनीत पड्डा की पॉपुलैरिटी आसमान छू रही है। अप्रैल में जब इस फिल्म का ऐलान हुआ था, तब इंस्टाग्राम पर अनीत को 34 हजार यूजर्स फॉलो कर रहे थे, लेकिन अब यह बढ़कर 2 मिलियन के करीब पहुंच गए हैं। अनीत देश की नई नेशनल क्रश बन गई हैं। अब इसी बीच और एक हसीना की इस चकाचौंध में एंट्री हुई है। नाम है मेधा राणा। उन?हें बॉर्डर 2 में वरण धवन के अपोजिट कास्ट किया गया है। मजेदार बात ये है कि



जैसे ही मेधा का नाम सामने आया, उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तैरने लगी हैं। लोग मेधा की तुलना अनीत पड्डा से कर रहे हैं। कह रहे हैं कि सैयारा गर्ल की तरह ही मेधा राणा भी बॉलीवुड की बेजोड़ फ्रेश फेस बनेंगी। अब आप भी सोच रहे होंगे कि ये मेधा राणा है कौन? तो आइए, तफसील से बताते हैं।

### बॉर्डर 2 में वरुण धवन की प्रेमिका बनेंगी मेधा राणा

सबसे पहले, सबसे जरूरी बात। साल 1997 की ब्लॉकबस्टर फिल्म बॉर्डर के सीक्वल बॉर्डर 2 का हर किसी को बेसब्री से इंतजार है। इस वॉर ड्रामा में सनी देओल के साथ वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी मुख्य भूमिका में हैं। 28 जुलाई को निर्माताओं ने फिल्म में वरुण धवन की प्रेमिका के रूप में एक नए चेहरे को पेश किया। मेधा राणा का स्वागत करते हुए टी-सीरीज ने इंस्टाग्राम पर लिखा, हर कहानी को अपने लोग मिल जाते हैं। हमें बॉर्डर 2 परिवार में वरुण धवन के साथ मुख्य भूमिका में मेधा राणा का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। साहस और देशभक्ति की एक यादगार गाथा के लिए तैयार हो जाइए। बॉर्डर 2 अगले साल 23 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

### मेधा राणा ने लंदन फाइल्स से किया था एक्टिंग डेब्यू

अनीत पड्डा की तरह ही मेधा राणा सिनेमा की दुनिया के लिए थोड़ी नई जरूर है, लेकिन बॉर्डर से पहले वह एक्टिंग डेब्यू कर चुकी हैं। साल 2022 में आई वेब सीरीज लंदन फाइल्स में आपने मेधा को देखा होगा। इस सीरीज से ही मेधा राणा ने एक्टिंग में डेब्यू किया। सीरीज में अर्जुन रामपाल और पूरब कोहली लीड रोल में थे।

### बाबिल की गर्लफ्रेंड का निभा चुकी हैं रोल

मेधा राणा वेब सीरीज के अलावा OTT पर नेटफ्लिक्स की फिल्म फ्राइडे नाइट प्लान में भी नजर आ चुकी हैं। इसमें वह बाबिल खान की गर्लफ्रेंड बनी थीं। यही नहीं, वह अमेजन एमएक्स प्लेयर के मिनी सीरीज इश्क इन द एयर में शांतनु माहेश्वरी के साथ भी नजर आ चुकी हैं। वह इसी प्लेटफॉर्म की सीरीज डांसिंग ऑन द ग्रेव में सबाह के रोल में दिखीं।

### मेधा राणा की उम्र और एजुकेशन, वरुण धवन से 12 साल छोटी

मेधा राणा की उम्र 24 साल बताई जा रही है। उनका जन्म 25 दिसंबर 1999 को गुरुग्राम में हुआ है। हालांकि, उनकी पढ़ाई-लिखाई चंडीगढ़ और बेंलगुरु में हुई है। मेधा ने चंडीगढ़ के कार्मेल कॉन्वेंट और फिर बेंगलुरु के क्राइस्ट यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की है। वैसे, मेधा उम्र में अपने ऑनस्?क्रीन हीरो वरुण धवन से 12 साल छोटी हैं। वरुण धवन 24 अप्रैल 1987 को पैदा हुए हैं।

### मॉडलिंग से पहले मुंबई में की थी इंटर्नशिप

मॉडलिंग और एक्टिंग में करियर शुरू करने से पहले मेधा राणा ने मुंबई में मार्केटिंग और कम्युनिकेशन कंपनी डीडीबी मुद्रा ग्रुप में इंटर्नशिप भी की है।

### मेगा मॉडल हंट की विनर रही हैं मेधा राणा

साल 2018 में मेधा पर फैशन की दुनिया की नजर तब पड़ी, जब वह एक मेगा मॉडल हंट की विनर बनीं। साल 2019 में एचटी ब्रंच मैगजीन ने मेधा को देश की टॉप मॉडल्स की लिस्ट में जगह दी।

### अनीत पड्डा की तरह चॉकलेट के विज्ञापन में दिखी थीं मेधा राणा

मेधा राणा ने इसके बाद कई टीवी विज्ञापनों में काम किया, जिसमें कैडबरी फ्यूज चॉकलेट का ऐड भी है। अब यह मजेदार संयोग ही है कि सैयारा फेम अनीत पड्डा भी इसी कंपनी के सिल्क चॉकलेट के विज्ञापन में नजर आई थीं।

## ब्राह्मण महासभा ने किया विधायक हंसराज पटेल का अभिनंदन

### पटेल ने ब्राह्मण छात्रावास हेतु भूमि आवंटन को लेकर मुख्यमंत्री समेत अन्य को लिखा पत्र



जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** ब्राह्मण समाज द्वारा तहसील ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष नवरत्न शर्मा के नेतृत्व में विधायक हंसराज पटेल का भगवान श्री परषुराम का चित्र भेंट कर एवं माला व साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों कस्बे में ब्राह्मण छात्रावास के निर्माण हेतु तहसील ब्राह्मण सभा के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष शर्मा के नेतृत्व में विधायक पटेल को ज्ञापन सौंपकर भूमि आवंटन की मांग की थी। इस पर विधायक पटेल ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, स्वायत्त शासन सचिव व डीएलबी निदेषक आदि को पत्र लिखकर ब्राह्मण छात्रावास निर्माण हेतु जल्द से जल्द भूमि आवंटन का अनुरोध किया था। विधायक पटेल की अनुषंषा पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देषानुसार नगर परिषद कोटपूतली द्वारा भूमि आंवटन स्वीकृति हेतु फाईल को डीएलबी में भिजवाया गया हैं। अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि विधायक पटेल की अनुषंषा पर डीएलबी से जल्द ही फाईल स्वीकृत होने के बाद भूमि आंवटन होने पर छात्रावास निर्माण का मार्ग प्रषस्त होगा। इसको लेकर विधायक पटेल का आभार जताया गया हैं। इस दौरान वी के नवल शर्मा, सरपंच रामनरेन्द्र शर्मा, किशोरी लाल नेताजी, चेतन शर्मा, पं.मूलचंद शर्मा, कपिल शर्मा समेत अन्य मौजूद रहें।

## पुजारी सेवक महासंघ का तहसील सम्मेलन सोमवार को

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली (निसं.)** पुजारी सेवक महासंघ राजस्थान के प्रदेश व जिले के पदाधिकारियों के सानिध्य में कोटपूतली तहसील के सभी मंदिरो के पुजारियों का सम्मेलन सोमवार को कस्बा स्थित भगवान श्री परशुराम मंदिर प्रांगण में प्रातः 11 बजे आयोजित किया जायेगा। ब्राह्मण समाज के नगर अध्यक्ष बजरंग लाल शर्मा ने बताया कि पुजारी सेवक सम्मेलन में कोटपूतली तहसील स्तर पर पुजारियों की समस्याओं, उनके समाधान, उनके अधिकारों के सरंक्षण पर विचार-विमर्श किया जायेगा तथा पुजारियों को संगठित एवं एकजूट करने हेतु संगठनात्मक चर्चा भी की जायेगी। पुजारी सेवक महासंघ के कार्यकर्ताओं ने कोटपूतली तहसील के सभी मंदिरों के पुजारियों से अलग-अलग स्तर पर सम्पर्क कर पुजारी सम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान किया।

## सिंधीकैंप बस स्टैंड पर मिला लावारिस बैग, 13 किलो से ज्यादा डोडा-चूरा बरामद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर (कासं.)** जयपुर के सिंधीकैंप बस स्टैंड पर शुक्रवार रात एक लावारिस बैग मिलने से हड़कंप मच गया। जांच के दौरान उस बैग में 13.110 किलोग्राम डोडा-चूरा पाउडर मिला है। पुलिस ने बैग को जब्त कर लिया है और अब तस्कर की तलाश की जा रही है। सिंधीकैंप थाना पुलिस के अनुसार, शुक्रवार रात करीब 8.30 बजे गश्त के दौरान पुलिस टीम प्लेटफॉर्म नंबर-5 पर पहुंची। वहां पिलर के पास एक लाल रंग का बड़ा बैग संदिग्ध अवस्था में रखा मिला। आसपास कोई यात्री नजर नहीं आया, न ही बैग का कोई दावेदार सामने आया। बैग को लावारिस मानते हुए पुलिस ने उसे खोला तो उसमें डोडा-चूरा जैसा संदिग्ध पदार्थ मिला। जांच में पुष्टि हुई कि उसमें 13.110 किलोग्राम डोडा-चूरा पाउडर है। पुलिस अब बस स्टैंड परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि बैग किसने वहां रखा था। तस्करी की आशंका को देखते हुए मामला एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सिंधीकैंप बस स्टैंड जैसी भीड़भाड़ वाली जगह पर इस प्रकार मादक पदार्थ का मिलना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही तस्करों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

## बिटकॉइन फ्रॉड का शिकार युवक ने खुद को जलाया, 9वीं मंजिल से कूदकर दी जान

जयपुर टाइम्स

**जयपुर (कासं.)**जयपुर के भांकरोटा क्षेत्र में एक युवक ने साइबर फ्रॉड का शिकार होने के बाद दर्दनाक तरीके से आत्महत्या कर ली। 24 वर्षीय आदित्य शर्मा ने पहले खुद को पेट्रोल डालकर आग लगाई, फिर अपार्टमेंट की 9वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। युवक के मोबाइल से मिला सुसाइड नोट इस आत्मघाती कदम के पीछे की वजह को साफ करता है। सुसाइड नोट में आदित्य ने लिखा– "बिटकॉइन में प्रॉफिट का लालच देकर मेरे साथ साइबर फ्रॉड किया गया है। मुझसे गलती हो गई, मैं माफी चाहता हूं।" भांकरोटा थाना प्रभारी मनीष गुप्ता ने बताया कि आदित्य शर्मा 'हैंगिंग गार्डन' अपार्टमेंट में अपने माता-पिता और छोटे भाई के साथ रहता था। वह बगरू स्थित एक ग्रेनाइट कंपनी में कार्यरत था। शनिवार शाम 7.45 बजे वह काम से घर लौटा था। उसी समय छोटा भाई किसी काम से बाहर चला गया और पिता नरेंद्र शर्मा घर पर ही थे। करीब 9.30 बजे आदित्य ने अपनी बाइक से पेट्रोल निकाला और अपार्टमेंट की छत पर गया। वहां खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगाई और 9वीं मंजिल से छलांग लगा दी। तेज धमाके और चीख-पुकार के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव की पहचान के लिए आसपास के लोगों से जानकारी ली। जब मृतक के पिता मौके पर पहुंचे तो उन्होंने झुलसे हुए शव को देखकर पहचान की पुष्टि की। गंभीर रूप से जलने और सिर में गहरी चोट लगने के कारण मौके पर ही मौत हो गई थी। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिवार को सौंप दिया गया। यह घटना ऑनलाइन ठगी के खतरनाक परिणामों को उजागर करती है और साइबर जागरूकता की जरूरत को फिर से रेखांकित करती है।

## राजस्थान में स्टोन क्रेशर और चेजा पत्थर लीजधारकों की हड़ताल शुरू, खनन कार्य ठप

**जयपुर(कासं.)** राजस्थान में खनन से जुड़े स्टोन क्रेशर एसोसिएशन और चेजा पत्थर लीज होल्डर एसोसिएशन ने सरकार की नीतियों के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। प्रदेशभर में खनन, सप्लाई और परिवहन कार्य पूरी तरह से ठप हो गया है। यूनियनों का आरोप है कि राज्य सरकार ने हाल ही में 24 खनिजों पर रॉयल्टी दरों में भारी बढ़ोतरी की है, जिससे लघु खनन उद्योग चलाना मुश्किल हो गया है। आंदोलनकारियों ने कहा कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, तब तक यह हड़ताल जारी रहेगी।

# संख्याओं के जादूगरों को मिला सम्मान, जयपुर में आयोजित हुआ "गणित गुरु रत्न सम्मान - 2025"

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** संख्याओं को सरल, रोचक और रचनात्मक ढंग से सिखाने वाले गणित शिक्षकों को सम्मानित करने के उद्देश्य से रविवार को जयपुर में "गणित गुरु रत्न सम्मान - 2025" का आयोजन किया गया। स्किल एजुकेशन संस्था द्वारा आयोजित यह भव्य कार्यक्रम आर.आई.सी. जयपुर परिसर में सम्पन्न हुआ। समारोह का मुख्य उद्देश्य अबेकस और वैदिक गणित के प्रशिक्षकों को राष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाना रहा। कार्यक्रम की थीम थी– "संख्याओं के जादूगरों का सम्मान"। देशभर से आए गणित प्रशिक्षकों ने अपनी-अपनी विधाओं में योगदान देने के लिए सम्मान प्राप्त किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भारत के प्रतिष्ठित गणिताचार्य इंजीनियर बी.एन. राव (मैथ गुरु ऑफ इंडिया), एनएलपी एक्सपर्ट और हैप्पीनेस कोच कपिल शर्मा,



शिवानी सिंह, अनु गुप्ता, आंचल पुरी, अनिल अरोड़ा, चेतन एडवर्टाइजिंग के सह-संपादक, और किशोर मौजूद रहे। इस आयोजन के सूत्रधार स्किल एजुकेशन के संस्थापक राकेश गुर्जर और सह-संस्थापक नितिन वर्मा रहे, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार लाकर गणित को बच्चों के लिए आसान और रुचिकर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। सम्मान समारोह में मनीषा कंवर, शक्ति सिंह राजावत, हनुमान सिंह राजावत और गोवर्धन सिंह राजावत सहित देशभर से आए कई गणित शिक्षक, शिक्षाविद, शिक्षा संस्थान प्रतिनिधि और अभिभावक शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य संदेश था– "जो अंक नहीं, आत्मबल सिखाते हैं - वही सच्चे गणित गुरु रत्न कहलाते हैं।" आयोजन ने गणित को केवल विषय नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और जीवन कौशल के रूप में प्रस्तुत करने का संदेश दिया।

## *कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा द्वारा "गोरख धंधा" शब्द इस्तेमाल किये जाने का मामला*

### नाथ समाज में आक्रोष का माहौल, मीणा पर गुरू गोरखनाथ का अपमान किये जाने का आरोप

### सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट पर करेगें धरना प्रदर्षन, मुख्यमंत्री के नाम सौंपेगें ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** राज्य सरकार के कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा द्वारा हाल ही में "गोरख धंधा" शब्द का इस्तेमाल किये जाने को लेकर नाथ (जोगी) समाज में मंत्री मीणा के प्रति भारी आक्रोश व नाराजगी का माहौल देखा जा रहा हैं। समाजसेवी योगी मोनू सुरेलिया ने बताया कि उक्त शब्द का इस्तेमाल कर मंत्री मीणा ने नाथ समाज की धार्मिक भावनायें आहत करते हुये गुरू गोरख नाथ का अपमान किया हैं। मीणा के शब्दों को लेकर उनका विरोध तेज हो गया हैं। इसके विरोध में आक्रोषित क्षेत्र का समस्त नाथ (जोगी) समाज सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नाम जिला अधिकारी प्रियंका गोस्वामी को ज्ञापन सौंपेगा। उल्लेखनीय है कि अनैतिक कार्यो के लिये इस शब्द के इस्तेमाल को लेकर नाथ समाज ने कड़ी आपत्ति जताई हैं। "गोरख धंधा" शब्द का उपयोग अनैतिक कार्यो के लिये दुर्भाग्यपूर्ण- उल्लेखनीय है कि नाथ (जोगी) समाज के प्रवर्तक गुरु गोरखनाथ एक महान योगी व संत थे। उक्त "गोरख धंधा" शब्द उनकी साधनाओं की जटिलता और रहस्यमयता को दर्शाता हैं। यह शब्द उन कार्यों या स्थितियों को संदर्भित करता है जो आसानी से समझ में नहीं आते या जो आध्यात्मिक और योग से जुडी हुई होती हैं। लेकिन दुर्भाग्यवश आज चाहें राजनेता हो या जन प्रतिनिधि या फिर अन्य कोई भी व्यक्ति, इस रहस्यमई "गोरख धंधा" शब्द का उपयोग अक्सर अनैतिक, नकारात्मक, मिलावट, धोखाधड़ी, छल-कपट, चोरी-छिपे भ्रष्ट कामों या किसी भी तरह के बुरे व गैर कानूनी कार्यो के लिये किया जाता हैं, जो अनुचित होने के साथ-साथ घोर निंदनीय भी हैं। इस शब्द का इस्तेमाल कर लोग गुरु गोरखनाथ के अनुयायियों व नाथ सम्प्रदाय का अपमान व तिरस्कार करते हैं। जिससे नाथ सम्प्रदाय में भारी आक्रोश है। इसके विरोध में समय-समय पर विरोध प्रदर्शन एवं ज्ञापन भी दिये गये हैं। साथ ही "गोरख धंधा" शब्द के अनैतिक कार्यो के लिए इस्तेमाल पर रोक लगाने की मांग भी समय-समय पर की गई हैं परन्तु प्रदेष में इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया हैं। जबकि हरियाणा सरकार ने 2021 में 'गोरखधंधा' शब्द के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया था। क्योंकि इसका इस्तेमाल आम तौर पर अनैतिक प्रथाओं का वर्णन करने के लिए किया जाता था। हरियाणा की तर्ज पर राजस्थान में भी इस शब्द के इस्तेमाल पर रोक लगाये जाने की मांग निरन्तर उठाई जा रही हैं।

## जयपुर ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर्स एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न, सतीश जैन बने अध्यक्ष

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** जयपुर ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर्स एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन हरमाड़ा स्थित मंगल बेला में किया गया, जिसमें राजस्थान सरकार के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। समारोह में विधायक बाल मुकुंद आचार्य, गृह राज्य मंत्री जवाहर बेदम, भाजपा प्रदेश मंत्री अजीत मांडन, चुनाव अधिकारी सुरेश अग्रवाल और चैनल अग्रवाल की भी विशेष उपस्थिति रही। इस दौरान संगठन के नवगठित नेतृत्व को बधाइयों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर सतीश जैन ने अध्यक्ष पद की शपथ ली, जबकि कपिल अग्रवाल और विजय सिंह शेखावत ने उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाली। अमन कामदार ने सचिव पद की शपथ ली। संयुक्त सचिव के रूप में गुलशन नागपाल, कपिल सुकेजा, कमलजीत सिंह ग्रेवाल और अशोक बंसल ने कार्यभार संभाला। रामावतार मोर और अरुण लोहड़ीवाल को संगठन का संरक्षक नियुक्त किया गया। उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने अपने संबोधन में ट्रांसपोर्ट



सेक्टर की समस्याओं को शीघ्र सुलझाने का भरोसा दिलाया और कहा कि सरकार परिवहन व्यवसाय से जुड़े हितधारकों के साथ खड़ी है। उपाध्यक्ष कपिल अग्रवाल ने कहा कि यह समारोह बेहद उत्साहजनक रहा और संगठन की नई टीम परिवहन क्षेत्र की चुनौतियों को लेकर गंभीरता से काम करेगी।

## केनरा बैंक में चोरी की कोशिश करते पकड़े गए दो बदमाश, झोटवाड़ा पुलिस की कार्रवाई

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)** जयपुर के झोटवाड़ा क्षेत्र में स्थित केनरा बैंक में चोरी की नीयत से घुसे दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपी मध्य प्रदेश की कुख्यात शटर तोड़ गैंग के सदस्य हैं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इनकी पहचान कर दबिश देकर उन्हें पकड़ा। डीसीपी (वेस्ट) हनुमान प्रसाद मीणा ने जानकारी दी कि गिरफ्तार आरोपियों में गिर्राज सैन (26) और कुमेर सिंह अहिरवाल (28) शामिल हैं, जो मूलतः मध्य प्रदेश के गुना जिले के निवासी हैं और फिलहाल जयपुर के झोटवाड़ा व करधनी इलाके में रह रहे थे। दोनों आरोपी मकान तोड़ने और झिरी खोदने का काम करते हैं, जिससे उन्हें इलाके की भौगोलिक जानकारी हो जाती थी। पुलिस जांच में सामने आया है कि ये बदमाश दिन में रेकी कर टारगेट तय करते थे और रात को वारदात को अंजाम देते। दिन में बाइक से घूमकर बैंक या दुकानें चिन्हित करते, आस-पास का माहौल समझते और फिर पार्कों में समय बिताकर रात होने का इंतजार करते। रात में मुंह पर नकाब बांधकर चोरी की कोशिश करते थे। झोटवाड़ा स्थित भौमिया नगर की केनरा बैंक शाखा की प्रबंधक रवनीत कौर ने 27 जुलाई की रात चोरी के प्रयास की एफआईआर दर्ज कराई थी। बदमाशों ने बैंक का शटर तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की और ट्रेजरी के स्ट्रॉन्ग रूम का ताला तोड़ना चाहा। असफल होने पर वे भाग गए। सीसीटीवी फुटेज में दोनों बदमाश मुंह पर कपड़ा बांधे साफ नजर आ रहे थे। पुलिस को उम्मीद है कि इस गिरफ्तारी से अन्य कई मामलों का खुलासा हो सकता है।

## जयपुर के कानोता बांध में युवक ने कूदकर दी जान, पारिवारिक कलह से था परेशान



जयपुर टाइम्स

**जयपुर (कासं.)**जयपुर के कानोता बांध में रविवार सुबह एक युवक ने कथित रूप से पारिवारिक विवाद के चलते कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 27 वर्षीय त्रिलोक पुत्र लल्लू राम के रूप में हुई है, जो जामडोली के केशव विद्यापीठ चौराहे के पास रहता था और हार्डवेयर की दुकान चलाता था। पुलिस के अनुसार, त्रिलोक रविवार सुबह अपनी बाइक से कानोता बांध पहुंचा और बाइक की चाबी वहीं छोड़ दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवक ने सीधे बांध में छलांग लगा दी। उसे डूबता देख स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर जामडोली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सिविल डिफेंस की टीम की मदद से त्रिलोक के शव को पानी से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएमएस अस्पताल की मॉर्च्युरी में भिजवा दिया है। हेड कॉन्स्टेबल रामसहाय ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि त्रिलोक कुछ समय से पारिवारिक कलह से परेशान था और इसी कारण उसने आत्मघाती कदम उठाया। हालांकि परिवार का कहना है कि त्रिलोक रोजाना की तरह नहाने गया था और हादसे में डूब गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोनों पक्षों के बयानों को ध्यान में रखते हुए आत्महत्या और दुर्घटना दोनों कोणों से मामले को देखा जा रहा है। त्रिलोक की असामयिक मौत से परिवार में शोक की लहर है।

## बनास नदी में दो बच्चों की जान बचाने वाले बुजुर्ग की डूबने से मौत, तीन जिलों में बारिश का अलर्ट

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** राजस्थान में भारी बारिश का दौर धीमा पड़ गया है, लेकिन कई जिलों में हल्की बारिश का असर अभी भी बना हुआ है। रविवार को भरतपुर, अलवर और करौली जिलों में बारिश दर्ज की गई। वहीं, मौसम विभाग ने सोमवार को राज्य के 5 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। बाकी क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहेगा, हालांकि कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। इसी बीच झालावाड़ जिले में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। बनास नदी में नहा रहे दो बच्चों को डूबते देख एक बुजुर्ग ने उन्हें बचा लिया, लेकिन खुद गहराई में जाकर डूब गया। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर है। प्रशासन की ओर से राहत व बचाव कार्य पूरा कर लिया गया है। जिला कलेक्टर ने झालावाड़ में भारी बारिश और जलभराव की आशंका को देखते हुए 6 अगस्त तक सभी स्कूलों में छुट्टियों की घोषणा की है। बीते 24 घंटे में भरतपुर जिले के रुदावल में 63 मिमी, वैर में 50 मिमी, बयाना में 51 मिमी और उच्चैन में 47 मिमी बारिश हुई। करौली के टोडाभीम में 6 मिमी, धौलपुर के राजाखेड़ा में 15 मिमी, उदयपुर के झाड़ोल में 13 मिमी और कोटड़ा में 8 मिमी बरसात दर्ज की गई। जयपुर, अजमेर और नागौर जैसे जिलों में बादल छाए रहे और धूप भी निकली, जिससे गर्मी और उमस बढ़ गई। पश्चिमी राजस्थान के जैसलमेर, बीकानेर और फलोदी में अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। सबसे अधिक तापमान बीकानेर में 37.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार मानसून ट्रफ फिलहाल जालंधर, चंडीगढ़, लखनऊ और शाहजहांपुर से होकर गुजर रही है, जिससे अगले कुछ दिनों तक राज्य में भारी बारिश की संभावना कम है।

## जयपुर में जमीन विवाद को लेकर तीन महिलाएं पानी की टंकी पर चढ़ीं, डिप्टी मेयर समेत चार पर लगाए आरोप

जयपुर टाइम्स

**जयपुर (कासं.)**जयपुर के प्रतापनगर क्षेत्र में रविवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब श्री जगदीश धाम योजना से जुड़े भूखंड धारकों में से तीन महिलाएं और तीन पुरुष पानी की टंकी पर चढ़ गए। जमीन पर कब्जा दिलाने में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए उन्होंने नगर निगम ग्रेटर के डिप्टी मेयर पुनीत कर्णावट समेत चार लोगों के खिलाफ विरोध जताया। घटना सुबह 11.15 बजे के आसपास शुरू हुई। थोड़ी देर में तीन पुरुष नीचे उतर आए, लेकिन महिलाएं टंकी पर ही डटी रहीं। उन्होंने मौके पर डिप्टी मेयर को बुलाने की मांग की और कूदने की धमकी देने लगीं। सूचना पर पुलिस और सिविल डिफेंस की टीमें मौके पर पहुंच गईं। अधिकारियों ने टंकी के नीचे जाल लगवाया और समझाइश का प्रयास शुरू किया। सांगानेर डीएसपी विनोद ने बताया कि ये महिलाएं पिछले डेढ़ महीने से शिकायतें लेकर आ रही थीं, लेकिन कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा रही थीं। ऐसे में कार्रवाई करना संभव नहीं था। करीब 8 घंटे की मशक्कत के बाद रात 8 बजे सभी को नीचे उतारा गया। मौके पर पहुंचे तहसीलदार ने 10 दिन में निष्पक्ष जांच का भरोसा दिया। विरोध करने वालों ने एक मांग-पत्र भी अधिकारियों को सौंपा, जिसमें डिप्टी मेयर पुनीत कर्णावट, प्राईम बिल्ड होम्स के निदेशक गोविंद अग्रवाल समेत अन्य पर जमीन कब्जाने और निर्माण में बाधा डालने का आरोप लगाया गया है। भूखंड धारकों का कहना है कि उन्होंने यह भूमि अचरोल गृह निर्माण सहकारी समिति से वैध रूप से खरीदी है, लेकिन अब उन्हें कब्जा देने में टालमटोल की जा रही है। वहीं डिप्टी मेयर पुनीत कर्णावट ने पूरे मामले को सोची-समझी साजिश बताया और कहा कि फर्जी दस्तावेजों के सहारे अवैध कब्जे की कोशिश की जा रही है। मामले की निष्पक्ष जांच के बाद ही सच्चाई सामने आएगी।

## जयपुर में हुआ 'त्रिमूर्ति मानसून रन', 21 किमी तक दौड़े रनर्स, बीज छिड़ककर दिया हरियाली का संदेश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर (कासं.)**जयपुर के कूकस स्थित लोहागढ़ रिसॉर्ट से रविवार सुबह फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का अनोखा संगम देखने को मिला। अवसर था 'त्रिमूर्ति मानसून रन 2025' का, जिसमें सैकड़ों रनर्स ने 21 किमी, 10 किमी और 5 किमी की विभिन्न श्रेणियों में हिस्सा लिया। जयपुर रनर्स क्लब और आईआईईएमआर द्वारा त्रिमूर्ति बिल्डर्स के सहयोग से आयोजित इस आयोजन की थीम "Friendship with Nature" रही। दौड़ के साथ-साथ बीज छिड़काव की पहल ने इस रन को विशेष बना दिया। रनर्स ने रास्ते में जामुन और सीताफल के बीज फेंककर हरियाली का संदेश दिया। ये बीज डॉक्टर साधना आर्य द्वारा तैयार की गई सीड बॉल्स के रूप में वितरित किए गए थे। रन की शुरुआत त्रिमूर्ति बिल्डर्स के एमडी आनंद मिश्रा, सैमसंग गैलेक्सी वॉच के रीजनल हेड राजकमल तोमर, प्रीमियर डिस्ट्रीब्यूटर पंकज तनेजा, प्रोडक्ट हेड विवेक जोशवा और जयपुर रनर्स क्लब के अध्यक्ष प्रवीण तिजारिया द्वारा फ्लैगऑफ के साथ हुई। रन से पहले फिटनेस सेशन और वार्म-अप कराया गया, जिसका नेतृत्व फिटयोग गुरु अरविंद सिंह, ऐश्वर्या और दीपम शर्मा ने किया। प्रतिभागियों को रनिंग किट, रिफ्रेशमेंट और फिनिशिंग मैडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर क्लब प्रेसिडेंट प्रवीण तिजारिया और को-फाउंडर्स रवि गोयनका, मुकेश मिश्रा ने कहा कि यह दौड़ सिर्फ स्वास्थ्य के लिए नहीं थी, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाने वाली एक प्रेरणात्मक पहल थी।

## माहेश्वरी समाज के नवनिर्वाचित शिक्षा महासचिव कमल सोमानी का किया अभिनंदन



जयपुर टाइम्स

**नरैना(निसं)।** किसी भी कार्य में विजयी होने व पदासीन होने के पश्चात अभिनंदन करने की हमारी पौराणिक परंपरा रही है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए नरायना माहेश्वरी समाज-जयपुर के पूर्व महामंत्री अरूण मंत्री, एमजीपीएस स्कूल के पूर्व शिक्षा सचिव घनश्याम कचोलिया, द्वारका प्रसाद धूत, अशोक साबू, राजेन्द्र मान्धना, रमेश पचीसिया, दिलीप सोमानी, प्रकाश राधंड आदि ने माहेश्वरी समाज जयपुर के नवनिर्वाचित शिक्षा महासचिव कमल सोमानी के निवास पर जाकर अभिनंदन किया। अरूण मंत्री ने सोमानी का दुपट्टा ओढ़ाकर व उपस्थित अन्य समाज बंधुओ ने माला पहनाकर अपनत्व भाव से अभिनंदन कर सोमानी का लड्डुओं से मुंह मीठा करवाकर बधाई व शुभकामनाएं दी। अरूण मंत्री ने सोमानी से आग्रह किया कि आगामी सत्र में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करते हुए आधुनिक तकनीक एआई का प्रयोग किया जायें, जिससे माहेश्वरी समाज की शिक्षण संस्थाएं जयपुर में ही नहीं अपितु पूरे राज्य व देश में सिरमौर बने। समाज बंधुओ द्वारा किये गये अभिनंदन से सोमानी गदगद नजर आयें।

## भोमराज आयुर्वेदिक पंचकर्मा हॉस्पिटल में निशुल्क चिकित्सा शिविर, 340 मरीजों को मिला लाभ



जयपुर टाइम्स

**पावटा(निसं.)।** भोमराज आयुर्वेदिक पंचकर्मा हॉस्पिटल, पावटा में रविवार को एक दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बीपी, शुगर एवं कैल्शियम की जांच के साथ-साथ बस्तीकर्म एवं अग्निकर्म पद्धति द्वारा विभिन्न शारीरिक दर्दों का आयुर्वेदिक उपचार किया गया। शिविर में कुल 340 मरीजों ने जांच एवं उपचार सेवाओं का लाभ लिया।रोगियों की जांच और उपचार का कार्य डॉ. अशोक कुमार सैनी, वैद्य पवन यादव एवं उनकी अनुभवी टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर भोमाराम मोटन निदेशक, कंपाउंडर संदीप यादव, महिमा यादव, सोनू यादव, लोकेश सैनी, विजय टेलर सहित अनेक लोग सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।आयोजकों ने बताया कि इस तरह के शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देना और जरूरतमंदों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

## 16 वर्षीय देवांशु सोनी ने ईमानदारी से लौटाया मोबाइल, पुलिस ने की सराहना

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** आज के दौर में जब युवाओं को गलत राह पर भटकते देखा जा रहा है, वहीं सवाई माधोपुर निवासी एक 16 वर्षीय किशोर देवांशु सोनी ने अपनी ईमानदारी से समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया है। रविवार शाम को देवांशु सोनी, पुत्र कैलाश चंद्र सोनी, निवासी सवाई माधोपुर, रणथंभौर रोड स्थित चौपाटी पर अपने पिताजी की शॉप न्यू आगरा चाट कार्नर की ओर जा रहा था। इस दौरान होटल अंकुर के पास उसे एक मोबाइल सड़क पर गिरा हुआ मिला। मोबाइल गिरने की वजह से वह बंद हो चुका था। देवांशु ने तत्परता दिखाते हुए मोबाइल को सुरक्षित रखा और अगले दिन उसे लेकर सीधे कोतवाली थाने पहुंचा। कोतवाली में देवांशु ने मोबाइल को डीएसपी उदय सिंह व थानाधिकारी श्री हरलाल मीणा को सुपुर्द कर दिया। जांच के बाद मोबाइल के वास्तविक मालिक योगेश महावर पुत्र हेमराज महावर, निवासी आलनपुर, तक मोबाइल पहुंचाया गया। देवांशु की ईमानदारी से न केवल पुलिस अधिकारी प्रभावित हुए, बल्कि उसके परिवारजन भी गर्व से भर उठे। डीएसपी उदय सिंह और थानाधिकारी हरलाल मीणा ने देवांशु की पीठ थपथपाकर उसे शाबाशी दी और अन्य युवाओं के लिए एक प्रेरणा बताया। जहां आज के समय में कई युवा नशाखोरी, चोरी व अन्य अपराधों में लिप्त पाए जाते हैं, वहीं देवांशु ने ईमानदारी की मिसाल कायम कर समाज में विश्वास को मजबूत किया है। ऐसे युवा ही देश का भविष्य हैं।



## 43 बंदरों को पकड़कर नगर परिषद ने वन्य क्षेत्र में छोड़ा

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** बंदरों के आतंक से शहर के नागरिकों को निजात देने के लिए नगर परिषद सवाई माधोपुर द्वारा नियमित रूप से अभियान चलाकर राहत दी जा रही ह जिसके तहत शहरी क्षेत्र में शिकायतों के मध्य नजर चिन्हित अलग-अलग जगहों से 43 बंदरों को पकड़ कर वन्य क्षेत्र में छोड़ा गया। नगर परिषद आयुक्त नरसी मीना ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र में आए दिन बंदरों के आतंक की नगर परिषद को शिकायतें मिल रही है जिस पर अभियान में गति लाते हुए रविवार को टीम द्वारा मानटाउन क्षेत्र में इंदिरा कॉलोनी, बाल मंदिर कालोनी एवं अन्यत्र स्थानों पर पिंजरा लगाकर 43 बंदरों को पकड़ा गया। संबंधित संवेदक टीम द्वारा इन पकड़े गए सभी बंदरों को वन्य क्षेत्र में छोड़ा गया। आयुक्त ने बताया कि नगर परिषद के सभी चिन्हित इलाकों से बंदर पकड़ने की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी ताकि आमजन को बंदरों के आतंक से निजात मिल सके।

## 5 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेगी एन एस यू आईः छात्रसंघ चुनाव को लेकर तेज हुआ आंदोलन

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(निस.)** राजस्थान में छात्रसंघ चुनाव की बहाली को लेकर एनएसयूआई ने आंदोलन तेज कर दिया है। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने रविवार को प्रेस वार्ता कर घोषणा की कि 5 अगस्त को कार्यकर्ता जयपुर के शहीद स्मारक से मुख्यमंत्री आवास तक रैली निकालकर घेराव करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर पूर्व कांग्रेस सरकार ने छात्रसंघ चुनाव स्थगित नहीं किए होते, तो आज कांग्रेस सत्ता में होती। जाखड़ ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने छात्रसंघ चुनाव शुरू करने का वादा किया था, लेकिन दो साल बाद भी वादा पूरा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि छात्रसंघ राजनीति की पहली सीढ़ी है और इससे कई नेता उभरकर आए हैं। अब सरकार इसे बेवजह रोक रही है, जिससे छात्रों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा। जाखड़ ने बताया कि प्रदेशभर के छात्र 5 अगस्त को शहीद स्मारक पर एकत्रित होंगे और वहां से रैली मुख्यमंत्री आवास तक जाएगी। इस प्रदर्शन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जैसे सचिन पायलट, गोविंद सिंह डोटासरा, हरीश चौधरी सहित कई छात्रनेता शामिल होंगे। पूर्व कांग्रेस सरकार की आलोचना पर जाखड़ ने कहा कि पिछली सरकार ने चुनाव स्थगित कर गलती की, लेकिन अगर फिर से कांग्रेस सत्ता में आती, तो जनवरी में ही चुनाव करवाए जाते। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि हुस्ड्डु की कार्यकारिणी में सभी जाति और धर्म के कार्यकर्ता शामिल हैं और संगठन किसी जाति विशेष का नहीं बल्कि सभी छात्रों का प्रतिनिधित्व करता है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पदाधिकारियों ने घेराव के पोस्टर का विमोचन भी किया।

## रीट पेपर लीक केसः जब्त 1.20 करोड़ की राशि एफडी में होगी जमा

### कोर्ट ने दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर,(निस.)** राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट)-2021 पेपर लीक मामले में गंगापुरसिटी थाने में चा3र साल से रखी गई 1.20 करोड़ से अधिक की जब्त राशि को अब फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) में बदला जाएगा। ईडी मामलों की विशेष अदालत (सीबीआई कोर्ट-3) ने स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप को यह निर्देश दिया है कि यह एफडी किसी ऐसे बैंक में करवाई जाए जो अधिक ब्याज दे। साथ ही, संबंधित बैंक का नाम विशिष्ट लोक अभियोजक को बताया जाए। यह राशि 2021-22 में गंगापुरसिटी पुलिस ने पेपर लीक मामले के अलग-अलग आरोपियों से जब्त की थी। मामले के जयपुर ट्रांसफर होने के बाद नकदी और अन्य जब्तशुदा सामान को कोर्ट में जमा करवाया गया। कोर्ट ने सामान थाने को सौंपने और नकदी को एफडी में बदलने का आदेश दिया। विशिष्ट लोक अभियोजक बीएस चौहान के अनुसार, गंगापुरसिटी थानाधिकारी द्वारा नकदी और सामान कोर्ट में जमा करवाने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था, जिसे अदालत ने निस्तारित कर दिया। इस दौरान मामले के कई आरोपी–चन्दनराम, कमला विश्नोई, सुमन, सोहिनी महेन्द्र कुमार, सुरेन्द्र सिंह, राजेश कुमार मीना सहित अन्य कोर्ट में उपस्थित रहे। जिन आरोपियों की पेशी नहीं हो सकी, उनका हाजिरी माफी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया गया। मामले की अगली सुनवाई अब 11 अगस्त को निर्धारित की गई है।

## चाकसू में देवनारायण पदयात्रा को लेकर गुर्जर समाज सक्रिय



### समिति द्वारा व्यवस्थाओं को लेकर बनाई रूपरेखा

जयपुर टाईम्स

**चाकसू(निस.)** भगवान श्री देवनारायण जी की आगामी 26 अगस्त को निकलने वाली पदयात्रा को लेकर वीर गुर्जर विकास संगठन समिति चाकसू की ओर से रविवार को कोटखावदा रोड स्थित वीर गुर्जर छात्रावास में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष रामसहाय रावत ने की। बैठक में यात्रा की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। पदयात्रा में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं के लिए भव्य स्वागत द्वार,श्रद्धालुओं के लिए रात्रि विश्राम ठहराव व्यवस्था और भोजन भंडारों को लेकर कार्य योजना तैयार की गई।

### सेवा में आगे आए भामाशाह, समाज ने जताया आभार

यात्रा की तैयारियों के बीच समाज के भामाशाहों ने सेवा भावना का परिचय देते हुए नि:शुल्क भोजन भंडार की जिम्मेदारी उठाने का संकल्प लिया। इस पर समिति की समस्त कार्यकारिणी व अध्यक्ष रामसहाय रावत ने सभी भामाशाहों का तहे दिल से आभार जताया और कहा कि यह सेवा भाव समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। मीडिया प्रभारी कैलाश गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पदयात्रा के शुभ अवसर पर तहसील स्तरीय गुर्जर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें कक्षा 10वीं व 12वीं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ वर्ष 2024-25 में सरकारी सेवा में चयनित अभ्यर्थियों का भी स्वागत एवं सम्मान किया जाएगा। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजयनारायण डोई, पूर्व चेयरमैन राजेन्द्र गुर्जर, वीर गुर्जर महासभा प्रदेश महासचिव लालाराम धाकड़, रघुनाथ जी, मीडिया प्रभारी कैलाश गुर्जर, हरि खटाना, बद्री बड़िया, रामकरण छावड़ी, बाबूलाल मावरी, हरफूल खींची, हेमराज राघवपुरा, हंसराज फौजी, हरदयाल खटाना सहित समाज के अनेक गणमान्य वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

नंद के आंनद भयों- जय कन्हैया लाल की ....

## भागवत कथा महोत्सव में धूमधाम से मनाया नंदोत्सव

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निस.)।** भूरा पटेल मार्ग, अजय विहार वैशाली नगर (वेस्ट) लालरपुरा में रविवार को श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव में नंदोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा में मुख्य प्रसंग के दौरान, भगवान कृष्ण के जन्म की संगीतमय कथा सुनाई गई और फिर नंदोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कथा स्थल को बांदरवालों, फूल मालाओं, रंग बिरंगी पन्नियों, गुब्बारों से सजाया गया, इस दौरान भजन-कीर्तन हुए और आरती पूजा के बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन से जुड़े भक्त धर्मपाल चौधरी के अनुसार कथा महोत्सव के दौरान प्रवचन करते हुए कथा व्यास पं. मुरारी लाल शर्मा ने भक्तों को बताया कि श्रीमद्भागवत कथा में नंदोत्सव का विशेष महत्व है। यह उत्सव भगवान कृष्ण के जन्म के बाद नंदगांव में होने वाले आनंद और उत्सव का प्रतीक है। कथावाचक ने भगवान कृष्ण के जन्म की कथा सुनाई, जिसमें देवकी और वासुदेव के कारागार में जन्म लेने और फिर नंद बाबा के घर में पालन-पोषण होने का विशेष वर्णन किया गया। जैसे ही कृष्ण जन्म की कथा सुनाई गई, कथा स्थल भक्तिमय वातावरण से भर गया। भक्तों ने आयोजन स्थल को भगवान कृष्ण के जयकारों से गूंजायमान कर दिया। भजन मंडली ने कृष्ण भजनों का ढोलक- हारमोनियम पर गायन किया। इन भजनों पर भक्तों ने जयकारे लगाते हुए खूब नृत्यगान किया। नन्दोत्सव के दौरान नंद के आंनद भयों- जय कन्हैया लाल की, हाथी घोड़ा पालकी के घोष से कथा स्थल गुंजायमान हो गया। इस दौरान महिलाओं ने बधाई गीत गाए और श्रद्धालुओं ने जमकर फल, टॉफिया, खिलौने, मेवे आदि की उछाल लूटी। इस दौरान उपस्थित महिलाएं एक जैसी पीताम्बर साड़ियों में नजर आई। नन्दोत्सव से पूर्व भगवान वामन अवतार, राम जन्मोत्सव, समुद्र मंथन सहित अन्य लीलाओं का विस्तृत वृतांत व्यासपीठ से उपस्थितजनों को सुनाकर भाव-विभोर किया। कथा महोत्सव के पांचवें दिन सोमवार को दोपहर 2.00 बजे से 5.00 तक गोवर्धन पूजा और छप्पन भोग की विशेष झांकी सजाई जाएगी वहीं मंगलवार को रुक्मणी विवाह महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।



## स्वर्गीय अशोक शर्मा की तीसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

### परिवारजनों व शुभचिंतकों ने पुष्प अर्पित कर दी नम आंखों से श्रद्धांजलि।

जयपुर टाईम्स



**धौलपुर(निसं.)।** जिले के कद्दावर नेता रहे और पूर्व मंत्री स्वर्गीय बनवारीलाल शर्मा के ज्येष्ठ पुत्र स्व अशोक शर्मा की तीसरी पुण्यतिथि पर उनके निज निवास जगन भवन धौलपुर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पर नम आंखों से पुष्पांजलि अर्पित की गई।उनकी पत्नी नीरजा अशोक शर्मा के साथ परिवारजन व शुभचिंतकों ने जगन भवन पर अपने जिले के लाडले नेता की तीसरी पुण्यतिथि पर याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की, सभा में धौलपुर शहर के अलावा राजाखेड़ा क्षेत्र, बाड़ी क्षेत्र, बसेड़ी क्षेत्र के अलावा पड़ोसी आगरा व मुरैना से शुभचिंतकों ने जगन भवन जाकर श्रद्धासुमन अर्पित किए और कहा कि अशोक शर्मा जैसा नेता अभी तक जिले में नहीं हुआ है स्वर्गीय शर्मा बेदाग, निडर व निष्पक्ष छवि के लिए जाने जाते थे बेबाकी से बात कहना उनका शौक था हमेशा गरीबों के हित में कार्य करना उनकी प्राथमिकता रही, पूरा जिला अशोक शर्मा जैसे सितारे को याद कर रहा है। आपको बता दें स्वर्गीय अशोक शर्मा का 3 अगस्त 2022 को सुबह हृदयघात होने से अचानक दुखद निधन हुआ था उन्होंने राजनीति में अपनी एक अलग छाप छोड़ी थी अपने आखिरी सफर में उन्होंने जिले की राजाखेड़ा विधानसभा से 2018 में चुनाव लड़ा लेकिन चुनाव हार गए थे।

## हार्ले डेविडसन बाइक सांड से टकराई, पीडब्लूडी के एसई अविनाश शर्मा की मौत

जयपुर टाइम्स



**जयपुर,(निस.)** जयपुर-दिल्ली हाईवे पर रविवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में सार्वजनिक निर्माण विभाग के सुपरिटेंडेंट इंजीनियर (एसई) अविनाश शर्मा की मौत हो गई। वह हार्ले डेविडसन बाइक से दिल्ली की ओर से जयपुर लौट रहे थे, तभी दौलतपुरा टोल के पास अचानक एक सांड से टकरा गए। टक्कर के बाद बाइक अनियंत्रित होकर हाईवे से नीचे उतर गई। एसीपी चौमूं अशोक चौहान के अनुसार, अविनाश शर्मा (57) बापू नगर, गांधी नगर के निवासी थे और जयपुर सिटी सर्किल में एसई पद पर कार्यरत थे। नवंबर में उनका एडिशनल चीफ इंजीनियर के पद पर प्रमोशन होने वाला था। वे ऊर्जा सचिव ) अजिताभ शर्मा के भाई थे। दौलतपुरा थाना प्रभारी नंदलाल ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से घायल अविनाश शर्मा सड़क किनारे गिरे हुए मिले। पुलिस जांच ही कर रही थी कि उनके मोबाइल पर एक कॉल आया, जिसे पुलिसकर्मी ने उठाया। बात करने पर उनके दोस्त ने पहचान की पुष्टि की। तुरंत एम्बुलेंस बुलाकर उन्हें कांवटिया हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां से स्स्ऱ् हॉस्पिटल रेफर किया गया। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौके से पुलिस को हेलमेट बाइक से करीब 30 फीट दूर पड़ा मिला। सिर पर गंभीर चोट लगने से उनकी मौत हुई। हादसे में सांड भी घायल हुआ है और उसका एक पैर टूटा हुआ मिला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पेज 1 कि शेष खबर..

## दिल्ली में भजनलाल की अमित शाह और...

**कई बड़े नेताओं के नाम हैं राजनीतिक नियुक्तियां की रेस में**

प्रदेश में राजनीतिक नियुक्तियों में भारतीय जनता पार्टी के कई बड़े नेताओं के नाम रेस में बताई जा रहे हैं इनमें कुछ नेता ऐसे भी हैं जो काफी वरिष्ठ हैं लेकिन पिछला विधानसभा चुनाव हार गए थे इसके अलावा पार्टी के संगठन से जुड़े नेता भी शामिल हैं जिन्हें विधानसभा चुनाव के दौरान यह कहकर टिकट के लिए मनाया गया था कि प्रदेश में सरकार बनने के बाद आपका पूरा सम्मान किया जाएगा अब प्रदेश में भाजपा की सरकार का गठन भी करीब 19 माह बीत गए हैं ऐसे में संगठन से जुड़े जिन नेताओं ने पार्टी के उम्मीदवारों को जीतने के लिए अपनी खुद की टिकट की दावेदारी को वापस ले ली थी उन नेताओं को उम्मीद है कि अब उन्हें राजनीतिक नीतियों में मौका मिलेगा अब यह तो आने वाला समय बताएगा की राजनीतिक नियुक्तियों में किन-किन नेताओं को मौका मिलता है लेकिन कहा जा रहा है कि राजेंद्र सिंह राठोड़, चंद्र कृपलानी, सतीशपूनिया, प्रभु लाल सैनी, मुकेश दाधीच जैसे कई अन्य बड़े नेता रेस में हैं हालांकि सतीश पूनिया को राजनीतिक नियुक्ति मिलने के आसार कम है क्योंकि उन्हें पार्टी की राष्ट्रीय टीम में अच्छी जगह मिल सकती है और पूनिया को उपराष्ट्रपति पद पर बिठा जाने की मीडिया में भी चर्चा हो रही है कहा जा रहा है कि राजस्थान में ही किसी बड़े जाट नेता को उपराष्ट्रपति पद पर बिठाने की संभावना है ऐसे में सतीश पूनिया का नाम टॉप पर है, जानकार लोगों का कहना है कि राजनीतिक नियुक्तियों में वसुंधरा राजे के समर्थक नेताओं को भी जगह मिल सकती है, प्रभु लाल सैनी का नाम अंता विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए भाजपा के टिकट के दावेदारों में भी है अगर उन्हें राजनीतिक नियुक्ति दे दी जाती है तो फिर उन्हें उपचुनाव में टिकट मिलने के आसार समाप्त हो जाएंगे ।

**संगठन महासचिव संतोष से भजनलाल की मुलाकात, 45 मिनट तक हुई बातचीत**

पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव संतोष से करीब 45 मिनट तक भजन लाल शर्मा की बातचीत हुई, राष्ट्रीय संगठन महासचिव से मुख्यमंत्री की मुलाकात होना निश्चित रूप से प्रदेश की राजनीति में कोई नया संदेश जरूर दे रही है और कहा जा रहा है कि इन दोनों नेताओं के बीच भी भारतीय जनता पार्टी के कई बड़े वरिष्ठ नेताओं को राजनीतिक नियुक्ति देने के मामले को लेकर चर्चा हुई है द्य राज्यसभा का सत्र चलने की वजह से पिछले कुछ दिनों तक राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ दिल्ली में ही थे उन्होंने भी संगठन के मामलों को लेकर पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं को बारीकी से जानकारी प्रदान की थी और अध्यक्ष होने के नाते संगठन में अच्छा काम कर रहे नेताओं के बारे में भी उन्होंने जानकारी दी थी और अब जिस तरह से पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव से मुख्यमंत्री की बातचीत हुई है उसके बाद में कहा जा रहा है कि राजनीतिक नियुक्तियों का कार्य अब बहुत जल्दी ही राजस्थान में हो सकता है द्य कहा यह भी जा रहा है कि मंत्रिमंडल का विस्तार और राजनीतिक नियुक्तियां दोनों बड़े काम साथ साथ हो सकते हैं ।

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
4 अगस्त, 2025


# झालावाड़ में सांसद राजकुमार को लेकर जोरदार हंगामा, भील समाज दो गुट आपस में भिड़े

## पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों पर हल्का बल प्रयोग किया, राजकुमार की अगुवाई में भारत आदिवासी पार्टी के लोगों ने शहर में निकाली रैली

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के झालावाड़ शहर में रविवार को विश्व आदिवासी दिवस समारोह के अवसर पर डूंगरपुर बांसवाड़ा सांसद राजकुमार की अगुवाई में भील समाज की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भील समाज के दो पक्ष आपस में भिड़ गए, दोनों पक्ष के लोगों के बीच धक्का मुक्की भी हुई इस बीच पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर हल्का बल प्रयोग भी किया और इस मामले में छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष अरविंद को हिरासत में भी लिया गया पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए हैं बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात भी किए हैं पुलिस के तगड़े सुरक्षा प्रबंधन के बीच सांसद राजकुमार ने अपनी मांगों को लेकर झालावाड़ शहर में रैली निकाली और फिर जिला कलेक्टर को अपनी मांग का ज्ञापन सोपा जानकारी के अनुसार ज्ञापन में झालावाड़ जिले में स्कूल हादसे में मौत का शिकार हुए बच्चों के परिजनों को 50 लाख रुपए हर एक मृत बच्चों के परिजन को देने की मांग की गई है ।

जानकारी के अनुसार विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर भारत आदिवासी पार्टी के सांसद राजकुमार के अगुवाई में झालावाड़ में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन भील समाज की ओर से रखा गया था इस कार्यक्रम में बांगड़ क्षेत्र के भील समाज के बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए थे जिसको लेकर झालावाड़ और आसपास के जिले में रहने वाले भील समाज के लोग पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अरविंद की अगुवाई में भगवा झंडा लेकर मौके पर पहुंचे जिन्हें देखकर सांसद राजकुमार के समर्थकों में गुस्सा छा गया राजकुमार के समर्थकों ने कहा कि अगर इस मीटिंग में आना है तो भील समाज का सफेद झंडा लेकर आना होगा इसी बात को लेकर भगवा झंडा लिए भील समाज के लोग और राजकुमार के समर्थक आपस में भिड़ गए दोनों पक्षों के बीच काफी कहा सुनी हुई और धक्का मुखी भी हुई, मौके पर हंगामेदार स्थिति बन गई जिस पर पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों पर हल्का बल प्रयोग किया और पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अरविंद को हिरासत में भी लिया बाद में सांसद राजकुमार की अगुवाई में भील समाज के लोगों ने अपना कार्यक्रम जारी रखा और फिर शहर में एक रैली का आयोजन करके जिला कलेक्टर को अपनी मांग का ज्ञापन सोपा

### प्रदेश का भील समाज एक जुट नहीं, बन गए कई गुट

*झालावाड़ में विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में भील समाज के दो पक्ष जिस तरह से आपस में भिड़े हैं उससे साफ जाहिर हो गया है कि राजस्थान में भील समाज एकजुट नहीं है बल्कि कई ग्रुप में अलग-अलग नजर आ रहा है इसमें एक ग्रुप भारतीय जनता पार्टी समर्पित है तो दूसरा ग्रुप ग्र कांग्रेस पार्टी समर्थित है तो तीसरा भारत आदिवासी पार्टी से जुड़ा हुआ है इसके अलावा और भी कुछ छोटे-छोटे आदिवासी समाज के बड़े नेताओं के ग्रुप हैं जो अलग-अलग नजर आ रहे हैं इसलिए अब प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में भी चर्चा होने लगी है कि भले ही वर्तमान में भारत आदिवासी पार्टी के चार विधायक और एक सांसद है लेकिन अब स्थितियां तेजी से बदल रही है जिस तरह से झालावाड़ में भील समाज के लोग आपस में लड़ते हुए नजर आए उससे ऐसा दिख रहा है कि भारत आदिवासी पार्टी जो अलग से भील प्रदेश के गठन की मांग कर रही है उनके इस आंदोलन में भील समाज के लोगों का उन्हें पूरा समर्थन नहीं मिल पाएगा*

## ट्रक यूनियन ने मेगा हाईवे पर किया विरोध प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** ट्रक यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर संगम चौराहा मेगा हाईवे पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान यूनियन के सदस्यों ने टायर जलाकर और सरकार के खिलाफ़ नारे लगाकर अपना गुस्सा ज़ाहिर किया। यह प्रदर्शन युवा कांग्रेस नेता रामवीर सिंह राईका, रतनगढ़ ट्रक यूनियन के अध्यक्ष भेरू सिंह भोजासर और उप सरपंच गोपाल ख्यालिया के नेतृत्व में हुआ। प्रदर्शनकारी वाहन चालकों की रद्द की गई आरसी को फिर से बहाल करने और ई-रवाना चालान को रद्द करने की मांग कर रहे हैं। युवा कांग्रेस नेता रामवीर सिंह राईका ने कहा कि ट्रक यूनियन की अनिश्चितकालीन हड़ताल को चार दिन हो चुके हैं, लेकिन राजस्थान सरकार ने अभी तक इस पर कोई ध्यान नहीं दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही उनकी मांगों को नहीं माना गया, तो वे और भी बड़ा और उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे, जिसकी पूरी ज़िम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस विरोध प्रदर्शन में छात्र नेता संदीप सिंह भोजासर, खजान सिंह खोतड़ी, विक्रम सिंह बछरारा, ज्ञान सिंह राईका, राजकुमार पारीक, छात्र नेता देवकीनंदन मांहिच, महावीर स्वामी, राजकुमार प्रजापत, रंजीत पूनिया, नेमीचंद प्रजापत, हनुमान प्रजापत, सांवरमल प्रजापत, नानूराम स्वामी, रामनिवास बाबू सर, मुकेश हुडेरा, दीपचंद स्वामी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने धौलपुर पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के पुलिस लाइन पहुंचने पर क्वार्टर गार्ड पर जवानों पर सलामी दी गई इसके पश्चात उन्होंने पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं, भंडारण कक्षों और प्रशिक्षण गतिविधियों का गहनता से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान हवलदार मेजर कक्ष में पुलिस रिकॉर्ड, ड्यूटी रजिस्टर व अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया गया, उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को रिकॉर्ड को नियमित, पारदर्शी और अद्यतन रखने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने स्टोर में रखे सामान जैसे लाठी, हेलमेट, डीएफडी आदि की स्थिति और वितरण प्रक्रिया का निरीक्षण किया। साथ ही स्टॉक रजिस्टर की जांच कर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। एमटी ब्रांच (मोटर ट्रांसपोर्ट शाखा) में पुलिस अधीक्षक ने विभागीय वाहनों की स्थिति, सर्विस रिकॉर्ड, रखरखाव और ईंधन वितरण प्रणाली की समीक्षा की। वहां उपस्थित एमटीओ व स्टाफ से बातचीत कर उन्होंने फीडबैक लिया और वाहनों की समय पर सर्विस व सफाई पर विशेष जोर दिया। इसके बाद शस्त्रागार का निरीक्षण करते हुए एसपी ने हथियारों की स्थिति, साफ-सफाई, गिनती और रजिस्टरों की जांच की। इसके साथ ही उन्होंने जवानों की बैरिक एवं केन्टीन की व्यवस्था का अवलोकन किया और केन्टीन में उपलब्ध सामान आदि की जांच पडताल की इसके अलावा भोजनालय, मनोरंजन कक्ष, सभागार व सीसीटीएनएस कक्ष, अन्वेषण भवन का भी अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन में साफ सफाई की व्यवस्था का भी बारीकी से परीक्षण किया7 इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिकाऊ प्रकोष्ठ हवा सिंह, मोहन सिंह सहायक उपनिरीक्षक, एमटीओ सहित पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं में पदस्थापित पुलिसकर्मी उपस्थित रहें।

## रूस में 600 साल बाद फटा क्रशेनिनिकोव ज्वालामुखी, 6 किमी तक फैला राख का गुबार

जयपुर टाइम्स

**मॉस्को** रूस के सुदूर पूर्वी क्षेत्र कामचटका में 600 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद क्रशेनिनिकोव ज्वालामुखी में विस्फोट हुआ है। 2 अगस्त को हुए इस विस्फोट के बाद ज्वालामुखी से 6 किलोमीटर की ऊंचाई तक राख का गुबार फैल गया, जिसके कारण इलाके का एयरस्पेस बंद कर दिया गया। रूसी इमरजेंसी मंत्रालय ने इसे "ऑरेंज एविएशन कोड" जारी करते हुए क्षेत्र में विमानों की उड़ानों को खतरे में बताया है। क्रशेनिनिकोव ज्वालामुखी पूर्वी रूस के कामचटका प्रायद्वीप के क्रोनोत्स्की नेचर रिजर्व में स्थित है और इसकी ऊंचाई 1856 मीटर है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आखिरी बार इस ज्वालामुखी में 1463 में विस्फोट हुआ था, यानी यह लगभग 600 साल से शांत था। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह विस्फोट 4 दिन पहले आए 8.8 तीव्रता के भूकंप से जुड़ा हो सकता है, जो दुनिया के इतिहास में दर्ज छठा सबसे बड़ा भूकंप था। कामचटका प्रायद्वीप रिंग ऑफ फायर का हिस्सा है, जो विश्व का सबसे सक्रिय भूकंपीय और ज्वालामुखीय क्षेत्र है। रिंग ऑफ फायर करीब 40 हजार किलोमीटर लंबा क्षेत्र है, जिसमें 15 देश आते हैं और विश्व के 75% सक्रिय ज्वालामुखी इसी क्षेत्र में स्थित हैं। जापान, रूस, अमेरिका, इंडोनेशिया, न्यूजीलैंड, चिली, पेरू जैसे देशों में इसका विशेष प्रभाव देखा जाता है। जुलाई 2025 में ही कामचटका क्षेत्र में समुद्र के नीचे छह शक्तिशाली भूकंप आए थे, जिनमें एक की तीव्रता 7.4 थी। भूकंप का केंद्र 20 किमी की गहराई में था। 4 नवंबर 1952 को भी इसी क्षेत्र में 9 तीव्रता का भूकंप आया था, जिससे 9.1 मीटर ऊंची सुनामी लहरें उठीं थीं। हालांकि उस समय किसी की मौत नहीं हुई थी। क्रशेनिनिकोव के अलावा हाल ही में यूरोप और एशिया के सबसे सक्रिय माने जाने वाले क्ल्यूचेव्स्काया सोपका ज्वालामुखी में भी विस्फोट हुआ है। दोनों ज्वालामुखियों का एक ही क्षेत्र में सक्रिय होना वैज्ञानिकों को चिंतित कर रहा है। रूसी प्रशासन ने नागरिकों से ज्वालामुखी के आसपास न जाने की अपील की है और क्षेत्रीय एजेंसियों को अलर्ट पर रखा गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इस ज्वालामुखी विस्फोट और भूकंपों को लेकर सतर्कता बरती जा रही है।

## डॉ. सतीश पूनियां कल 4 अगस्त से 7 अगस्त तक राजस्थान के 7 जिलों के प्रवास पर रहेंगे, मारवाड़, मेवाड़-वागड़ में विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**चार दिवसीय प्रवास पर डीडवाना-कुचामन, नागौर, अजमेर, राजसमंद, उदयपुर, डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़ और भीलवाड़ा में पार्टी कार्यक्रमों, कार्यकर्ता मिलन, कार्यकर्ताओं को सम्बल और धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे**

**6 अगस्त को पूनियां डूंगरपुर में आदिवासी माता-बहनों के साथ रक्षाबंधन कार्यक्रम में शामिल होंगे**



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** भाजपा हरियाणा संगठन प्रभारी, भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां कल 4 अगस्त से 7 अगस्त तक राजस्थान के 7 जिलों के प्रवास पर रहेंगे, जहां वह विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सतीश पूनियां मारवाड़, मेवाड़-वागड़ के चार दिवसीय प्रवास पर डीडवाना-कुचामन, नागौर, अजमेर राजसमंद, उदयपुर, डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़ और भीलवाड़ा इत्यादि जिलों में पार्टी कार्यक्रमों, कार्यकर्ता मिलन, कार्यकर्ताओं को सम्बल और धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सतीश पूनियां 4 अगस्त को सुबह 10:00 बजे जयपुर से सड़क मार्ग द्वारा डीडवाना कुचामन और नागौर जिले के लिए प्रस्थान करेंगे, दोपहर 1:00 बजे कुचामन एवं 3 बजे रोल में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण करेंगे, शाम 5:00 बजे मूंडवा में पूर्व जिला अध्यक्ष रमाकांत शर्मा के निवास स्थान पर उनकी माताजी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे, शाम 6:30 बजे रैण में रामस्नेही आश्रम और रात्रि 8:00 बजे मेड़ता में मीरा महोत्सव में शामिल होंगे। 5 अगस्त को सतीश पूनियां सुबह 11:00 बजे नाथद्वारा में श्रीनाथजी भगवान के दर्शन करेंगे, उदयपुर में दोपहर 1:00 बजे स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे और दोपहर 3:00 बजे उदयपुर के शोभागपुरा में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। 6 अगस्त को पूनियां डूंगरपुर में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आदिवासी माता-बहनों के साथ रक्षाबंधन कार्यक्रम में शामिल होंगे, शाम 6:00 बजे चित्तौड़गढ़ के मंडफिया में श्री सांवलिया सेठ जी के दर्शन करेंगे, इसके बाद गोकुल विश्रांति गृह में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। 7 अगस्त को सुबह 11;15 बजे सतीश पूनियां भीलवाड़ा स्थित जैन स्थानक में डॉ. कुमुदलता जी महाविद्वानसति के दर्शन करेंगे, पूर्व सभापति दिनेश शर्मा के निवास स्थान पर उनकी माताजी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे, 12:00 बजे से भीलवाड़ा सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे, शाम को 4:00 बजे माधव गौशाला जाएंगे, शाम को 5:00 बजे जयपुर के लिए सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान करेंगे।


## कोटकासिम प्रधान को राहत, सरकार ने निलंबन आदेश लिया वापस

**जयपुर** खैरथल-तिजारा जिले की कोटकासिम पंचायत समिति की प्रधान विनोद कुमारी सांगवान को बड़ी राहत मिली है। राज्य सरकार ने उनके निलंबन आदेश को वापस ले लिया है। यह जानकारी शुक्रवार को राजस्थान हाईकोर्ट में सरकार की ओर से पेश की गई, जिसके बाद जस्टिस अवनीश झिंगन की अदालत ने प्रधान की याचिका को निस्तारित कर दिया। विनोद कुमारी को 28 अप्रैल को ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग ने बीडीओ संजय यादव से मारपीट और अभद्रता के आरोप में निलंबित किया था। प्रधान ने इस निलंबन को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। प्रधान के अधिवक्ता प्रदीप कलवानियां ने अदालत में तर्क दिया कि केवल प्राथमिकी दर्ज होने मात्र पर किसी चुने हुए जनप्रतिनिधि को निलंबित नहीं किया जा सकता।

**एसपी राशि ने थाने का किया औचक निरीक्षण**

## थानों में सिर्फ फाइलें नहीं, अब जवाबदेही भी जांची जाएगी

जयपुर टाइम्स



**फुलेरा(निसं.)।** जयपुर ग्रामीण की एसपी राशि डोगरा ने फुलेरा थाने में जिस तरह औचक निरीक्षण किया, वह केवल एक परंपरागत दौरा भर नहीं था, बल्कि एक स्पष्ट संकेत था कि अब थानों में सिर्फ अभिलेखों की जांच नहीं, बल्कि पुलिस की सोच और कार्यशैली की भी पड़ताल होगी। एसपी डोगरा ने थाने पहुंचते ही गार्ड ऑफ ऑनर लिया और तुरंत अभिलेखों की जांच में जुट गईं। उन्होंने पुलिस जवानों से सीधे बातचीत कर उनकी कार्यप्रणाली को समझा और यह परखा कि आमजन की समस्याओं को लेकर पुलिस कितनी सजग है। उनका यह निरीक्षण न केवल व्यवस्था परखने का एक औपचारिक कदम था, बल्कि उसमें वह प्रशासनिक तीखापन भी साफ झलक रहा था जो लंबे समय से फील्ड में कम दिखता है। सबसे अहम बात यह रही कि उन्होंने थाना प्रभारी को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता से संवाद बेहतर हो, कार्य में पारदर्शिता और शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस दौरान एएसपी शिवलाल बैरवा, डीएसपी अनुपम मिश्रा और थाना अधिकारी चंद्रप्रकाश यादव समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## जयपुर में 48 जर्जर बिल्डिंग चिन्हित, तीन को किया जाएगा ध्वस्त; सोमवार से शुरू होगी कार्रवाई

**जयपुर(कासं.)** मानसून के दौरान किसी भी हादसे से बचाव के लिए जयपुर नगर निगम हेरिटेज ने जर्जर बिल्डिंगों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू कर दिया है। हेरिटेज निगम क्षेत्र में अब तक 48 जर्जर भवनों की पहचान की गई है, जिनमें से 8 को सील कर दिया गया है। सोमवार से इनमें से तीन बेहद जर्जर बिल्डिंगों को गिराने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। नगर निगम हेरिटेज विजिलेंस विंग के डिप्टी कमिश्नर आरपीएस पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि जर्जर इमारतों की स्थिति की समीक्षा के लिए एक विशेषज्ञ कमेटी बनाई गई है। इस कमेटी ने चारों जोनों में सर्वे कर 48 खतरनाक बिल्डिंगों की सूची तैयार की है। इनमें सबसे अधिक खराब हालत में पाई गई किशनपोल जोन की 8 बिल्डिंगों को प्राथमिकता पर सील किया गया है। राठौड़ ने बताया कि इन जर्जर भवनों की हालत इतनी खराब है कि किसी भी समय हादसा हो सकता है। कई बिल्डिंगों में लंबे समय से किराएदार रह रहे हैं, जबकि मकान मालिक इन्हें खाली करवाकर मरम्मत नहीं करा रहे। ऐसे में इन इमारतों का ढहना संभावित खतरा बन चुका है। इसी के मद्देनजर निगम ने तीन बिल्डिंगों को गिराने से अपने अभियान की शुरुआत करने का निर्णय लिया है। स्वायत्त शासन विभाग के निर्देश पर यह कार्रवाई की जा रही है। निगम की विशेष टीम द्वारा प्रभावित भवनों में रहने वाले लोगों को समझाइश दी जा रही है, ताकि वे सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट हो सकें।

# पुलिस को देखकर खेजड़ी पर चढ़ गया हिस्ट्रीशीटर, मरने मारने की देने लगा धमकी

## फरार चल रहे इनामी आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** कहते हैं कि कानून के हाथ लंबे होते हैं, अपराधी चाहे कहीं भी भाग जाए लेकिन पुलिस के सामने आखिरकार अपराधी के लिए धरती छोटी ही पड़ जाती है। बीकानेर रेंज आईजी और चूरू पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देशन में पिछले लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा और हेड कांस्टेबल मंगलसिंह की स्पेशल पुलिस टीम का गठन किया गया है। यह स्पेशल टीम अब तक करीब 235 ऐसे आरोपी जो लगातार पुलिस से फरार चल रहे थे उनको गिरफ्तार किया है। वहीं अब स्पेशल पुलिस टीम ने सरदारशहर के देगां गांव की रोही से लंबे समय से फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर और 3 हजार रुपये के इनामी आरोपी चूरू जिले के भामासी निवासी 35 वर्षीय कृष्ण पुत्र महावीर मेघवाल को गिरफ्तार किया है। हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर कृष्ण मेघवाल दूधवाखारा पुलिस थाना का हिस्ट्रीशीटर है और कृष्ण मेघवाल जीतू जोड़ी और संदीप कादियान जैसे बदमाशो की गैंग का सदस्य है। आरोपी पर दूधवाखारा पुलिस थाने में हत्या का मामला दर्ज है। अजमेर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है। सरदारशहर पुलिस थाने में लूट और हथियार रखने का मामला दर्ज है। आरोपी के खिलाफ अलग-अलग पुलिस थानों में संगीन धाराओं में कुल 12 मामले दर्ज है। आरोपी पिछले काफी सालों से फरार चल रहा था। जिसको देखते हुए चुरु पुलिस अधीक्षक जय यादव की ओर से आरोपी पर 3 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। हिस्ट्रीशीटर कृष्ण मेघवाल को गिरफ्तार करने के लिए हमने पिछले 10 दिनों में काफी प्रयास किया। इस दौरान आरोपी जयपुर, नागौर, जोधपुर भागत रहा। पुलिस लगातार आरोपी का पीछा करती रही और आरोपी पुलिस से बचकर भागता रहा। आखिरकार पुलिस को सूचना मिली कि कृष्ण मेघवाल गांव देगां कि रोही में है। स्पेशल पुलिस टीम देगां गांव की रोही में पहुंची तो आरोपी कृष्ण मेघवाल पुलिस को देखकर भाग गया। इस दौरान पुलिस टीम ने करीब खेतों में 10 किलोमीटर पैदल पीछा किया तो आरोपी कृष्ण मेघवाल एक खेजड़ी के पेड़ पर चढ़ गया और पुलिस को कहा कि मेरे पास हथियार है,।मैं आपको मार दूंगा या फिर मैं खुद खेजड़ी के पेड़ से कूदकर मर जाऊंगा। हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा ने अपने साथ एक कमांडो को पीछे की साइड से पेड़ पर चढ़ने इशारा किया और खुद ने आरोपी को बातों में उलझाए रखा और आखिरकार कमांडो ने पेड़ पर चढ़कर आरोपी को पकड़ लिया। पकड़ने के बाद पता चला कि आरोपी के पास कोई हथियार नहीं था वह खुद को बचाने के लिए झूठी धमकी दे रहा था। अब उन्होंने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। चूरू स्पेशल पुलिस टीम के हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा का कहना है कि फरार चल रहे आरोपी या तो खुद ही न्यायालय में सरेंडर कर दे अन्यथा अब वह पुलिस की गिरफ्तारी से बच नहीं सकते हैं।


स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
4 अगस्त, 2025


## गीता क्लासेज का एक वर्ष पूर्ण होने पर दी बधाई



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** सराफ फाउंडेशन की ओर से मुरली सराफ के निर्देशन में प्रत्येक रविवार को भास्कर भवन में चल रही गीता क्लासेज को सफलता पूर्वक एक वर्ष पूर्ण होने व रतनगढ़ में गीता क्लासेज शुरू होने पर चूरू वासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सराफ को बधाइयां दी। इस दौरान रविवार को 12,15 व 16वें अध्याय को पूर्ण करने वाले बच्चों को उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में गीता क्लासेज परिवार के प्रमोद गॉड को पोस्ट ऑफिस बैंक में राजस्थान यूनियन के अध्यक्ष चुने जाने पर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक संजय सिंघानिया ने बताया कि गीता क्लासेज के जर्नादन आचार्य, महेश शर्मा, निरंजन आचार्य, मोहित सिंघानिया, माधुरी शर्मा, दिव्या शर्मा, पूजा खंडेलवाल, दिव्या भाटी, मीनाक्षी शर्मा, रेनू बजाज, ममता शर्मा, विजयलक्ष्मी शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गीता क्लासेज के सभी सदस्यों ने संकल्प लिया कि हम आजीवन गीता क्लासेज चलाएंगे और इसकी शाखाओं को बढ़ाएंगे। इस दौरान मुरली सराफ ने वीडियो कॉन्फ्रेंस से गीता क्लासेज के सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## नि:शुल्क एक्यूप्रेशर शिविर में 121 रोगी लाभान्वित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय दुर्गा भवन में रविवार को एक दिवसीय एक्यूप्रेशर फिजियोथेरेपी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ डॉ. मोतीलाल सोनी ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में कमर दर्द, घुटना दर्द, स्लिप डिस्क, गैस और डायबिटीज के 121 मरीजों का उपचार जापानी मशीनों की ओर से सीकर के डॉ. आर.एन. वर्मा, डॉ. गणेश सोनी, डॉ. पूजा शर्मा व डॉ. मोतीलाल सोनी ने नि:शुल्क सेवाएं दी। इस अवसर पर हुकमीचंद सोनी, निरंजनलाल दर्जी व श्याम सुंदर ने सहयोगी भूमिका निभाई।

## सीकर उपभोक्ता आयोग में कार्य बहिष्कार समाप्त, न्यायिक कार्य पुनः प्रारंभ

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग सीकर में अध्यक्ष अजय बंसल के विरुद्ध चल रहा अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार 30जुलाई को समाप्त कर दिया गया है। अधिवक्ता संघ सीकर के अध्यक्ष नरेश कुमार भूकर ने जानकारी देते हुए बताया कि बंसल द्वारा पूर्व में अधिवक्ताओं से किए गए दुर्व्यवहार के विरोध में यह बहिष्कार चल रहा था। हालांकि, हालिया बातचीत के दौरान दोनों पक्षों के मध्य सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में सकारात्मक वार्ता हुई, जिसके परिणामस्वरूप गतिरोध समाप्त हो गया है। अजय बंसल ने यह स्पष्ट रूप से आश्वासन दिया है कि भविष्य में अधिवक्ताओं के हितों के विपरीत कोई कार्य नहीं किया जाएगा। इस आश्वासन के बाद अधिवक्ता संघ ने कार्य बहिष्कार को स्थगित करने का निर्णय लिया है। 30 जुलाई से जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, सीकर में न्यायिक कार्य फिर से सुचारु रूप से प्रारंभ हो गया है और अधिवक्ताओं ने पूर्ण सहभागिता के साथ न्यायिक प्रक्रिया में भाग लेना आरंभ कर दिया है। यह निर्णय आयोग में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस घटनाक्रम से आयोग में पुनः विश्वास का वातावरण स्थापित हुआ है।

## एरिया डोमिनेशन" के तहत गिरफ्तारी वारंटी के विरूद्ध कार्रवाई




जयपुर टाइम्स

**थोई(निस)।** थोई थाना टीम की विशेष अभियान "जिले में संचालित सक्रिय गैंग्स व उनके सदस्यों व सरगनाओं के विरूद्ध व "एरिया डोमिनेशन" के तहत गिरफ्तारी वारंटी के विरूद्ध की कार्यवाही की गई है। पुलिस टीमों की ओर से उक्त अभियान के तहत सक्रिय गैंग्स के 3 सदस्यों को डिटेन कर की गई पूछताछ और पाबंदी की कार्यवाही की गई। 2 गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार किया गया। अभियान के तहत संपत्ति संबंधी अपराध में चालानशुदा 8 व्यक्तियों को डिटेन कर पूछताछ की गई। 9 गैरसायल के विरूद्ध शांतिभंग में कार्यवाही की गई। थानाधिकारी महेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि झाबरमल पुत्र बंशीधर जाट, उम्र 60 साल, निवासी हाल्याकाबास थाना थोई, हरफूल सिंह मीना पुत्र रामजीलाल मीणा, उम्र 48 साल, निवासी लाम्बी की ढाणी तन चीपलाटा को गिरफ्तार किया गया जबकि संदीप सोलेत उर्फ सुक्खा शूटर, अभिषेक, ओमप्रकाश, बाबूलाल, नितिन. प्रमोद, नरेश कुमार, राहुल सैनी, संदीप सोलेत उर्फ सुक्खा शूटर, अभिषेक, ओमप्रकाश, विक्रम गुर्जर, प्रहलाद माली, मुकेश कुमार, रतनलाल, प्रदीप, हेमराज गुर्जर, कालूराम यादव, मनोज चौधरी, मामराज गुर्जर के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

# स्थानांतरण सहित विभिन्न मांगों को लेकर शिक्षक संघ करेगा आंदोलन

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** स्थानीय सोती आदर्श विद्या मंदिर में राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) की जिला कार्यकारिणी की बैठक रविवार को पर्यवेक्षक सुशीला कस्वां के नेतृत्व व जिलाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मीडिया प्रभारी व सभाध्यक्ष विकास पारीक ने बताया कि जिलाध्यक्ष शर्मा ने बैठक में विभिन्न बिंदुओं की जानकारी देते हुए तृतीय श्रेणी शिक्षकों सहित सभी संवर्गों के स्थानांतरण, समय पर पदोन्नति, गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति, जिले में ग्रीष्मावकाश का वेतन व नियुक्ति तिथि से समस्त परिलाभ, क्रमोन्नत विद्यालयों में पद सृजन, वेतन व्यवस्था, शारीरिक शिक्षकों व कॉमर्स के शिक्षकों की नियमित पदोन्नति, कंप्यूटर अनुदेशकों की समस्याएं, वेतन विसंगति व खेमराज कमेटी की सिफारिशें लागू करने, 8,16,24 व 32 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर एसीपी व शिक्षक के सेवाकाल में कम से कम तीन पदोन्नति अनिवार्य करने, पदोन्नति परित्याग पर दंड व्यवस्था हटाकर समस्त लाभ देने, सदस्यता अभियान की समीक्षा, उपशाखा चुनाव और जिला सम्मेलन की तिथी निर्धारण, हमारा विद्यालय-हमारा तीर्थ, हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान, संकल्प दिवस मनाने, एबीआरएसएम के राष्ट्रीय अधिवेशन सहित संगठन के प्रणेता जयदेव पाठक के जन्मशताब्दी वर्ष के समापन समारोह पर 17 अगस्त को जयपुर में होने वाले कार्यक्रम सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला मंत्री योगेश कुमार छिम्पा ने स्थानांतरण के लिए प्रदेश नेतृत्व के आह्वान का स्वागत करते हुए संघर्ष के लिए जिले के कार्यकर्ताओं से तैयार रहने की अपील की। मीडिया सह प्रभारी कन्हैयालाल सैनी व पंकज पंचलंगिया ने बताया कि पर्यवेक्षक सुशीला कस्वां ने संघर्ष की इस कड़ी में 7 अगस्त को उप शाखा कार्यकारिणी की ओर से उपखंड अधिकारी और 14 अगस्त को विधायक व जनप्रतिनिधियों के माध्यम से देने का आह्वान किया। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष बनवारीलाल जांगिड़, रतनगढ़ से ओमप्रकाश महर्षि, जगनाराम, सरदारशहर से जगदीश जोशी, रमेश सैनी, सुशील गोस्वामी, आशाराम, मनोज गौड़, राजगढ़ से बीरबल शर्मा, द्वारका प्रसाद, अमित छींपा, सुजानगढ़ से कमल जाखड़, मनोज शर्मा, कन्हैया लाल सिंगोदिया, रंजन अत्री, रामोतार शर्मा, चूरू से प्रभुदयाल सिंगोदिया, होशियार चंद्र सारस्वत, जिला महिला उपाध्यक्ष रेणु सुईवाल, देवकीनंदन स्वामी, सुरेंद्र परिहार, अनुपम सैनी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कुचामन से जयपुर तक नई रोडवेज बस सेवा की मांग, ग्रामीणों ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**नांवासिटी(निस)।** जयपुर तक आवागमन को लेकर लंबे समय से उपेक्षित रहे ग्रामीण मार्ग पर अब ग्रामीणों ने संगठित प्रयास शुरू कर दिए हैं। ग्राम विकास समिति करड़, ग्राम पंचायत करड़ की सरपंच रूपा देवी एवं दांतारामगढ़ भाजपा नेता गजानन्द कुमावत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने राज्य सरकार से कुचामन सिटी से जयपुर वाया खारिया, हिराणी, इंदोखा, कांकरिया,भूणी, मुआना, राजलिया, सुरेरा, डांसरोली, कांकरा, राजपुरा, करड़, किशनगढ़- रेनवाल, जोबनेर, कालवाड़ होकर रोडवेज बस सेवा शुरू करने की पुरजोर मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग पर 27 फुट चौड़ी नई सड़क बनकर तैयार है, लेकिन अब तक कोई नियमित बस सेवा उपलब्ध नहीं है। इससे इस रूट के करीब 60 से 70 गांवों के निवासियों, सरकारी कर्मचारियों और विद्यार्थियों को राजधानी जयपुर तक पहुँचने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि यदि नागौर डिपो और डीडवाना डिपो से एक-एक बस सेवा इस रूट पर संचालित की जाए तो हजारों लोगों को लाभ मिल सकता है। प्रस्तावित समय-सारिणी इस प्रकार है। क्रम रोडवेज नागौर डिपो की रोड़वेज बस कुचामन से रवाना होकर जयपुर पहुँचे। जयपुर से वापसी कुचामन पहुँचे। नागौर डिपो की रोड़वेज कुचामन से सुबह 6.00 बजे रवाना होकर 10.30 बजेजयपुर पहुँचे। वापसी दोपहर 12.30 बजे रवाना होकर शाम 5.00 बजे कुचामन पहुँचे। डीडवाना डिपो की रोड़वेज बस कुचामन से दोपहर 3.00 बजे रवाना होकर शाम 7.30 बजे जयपुर पहुँचे वापस दूसरे दिन सुबह 6.30 बजे रवाना होकर 11.00 बजे कुचामन पहुँचे। सरपंच रूपा देवी ने कहा कि यह सेवा केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के विकास से जुड़ा महत्वपूर्ण कदम है। दांतारामगढ़ भाजपा नेता गजानन्द कुमावत ने इसे क्षेत्रीय जनता की जरूरत बताते हुए मांग का समर्थन किया। ज्ञापन को राज्य सरकार के राजस्व, उपनिवेशन व सैनिक कल्याण विभाग के राज्य मंत्री विजय सिंह को प्रेषित किया गया है। इस दौरान ज्ञापन देने पी.ड़ी.कुमावत करड़, डाँसरोली पूर्व सरपंच हनुमान परसवाल, अर्जुन लाल मुंडोतिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल की जिला स्तरीय बैठक में बनी विभिन्न कार्यक्रमों की कार्ययोजना

जयपुर टाइम्स




**बीदासर(निस)।** कस्बे के नोखा रोड़ स्तिथ सेन मंदिर भवन परिसर में रविवार को विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की जिला बैठक प्रांत मंत्री राधेश्याम गौतम के सानिध्य व जिलाध्यक्ष सुभाष पारीक की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में आगामी आयोजनों को लेकर विस्तृत कार्य योजना प्रस्तुत की गई। मातृशक्ति के माध्यम से 9 अगस्त को रक्षाबंधन कार्यक्रम, दुर्गा वाहिनी की ओर से नवरात्रा में दुर्गा अष्टमी उत्सव, तथा विश्व हिंदू परिषद की ओर से 15 अगस्त से 22 अगस्त तक स्थापना दिवस सप्ताह मनाने का निर्णय लिया गया। बीदासर, राजलदेसर, सरदारशहर, सुजानगढ़ प्रखंड की नई कार्यकारिणी घोषित की गई, साथ ही तालछापर खंड की नवीन समिति की भी घोषणा की गई। इसके साथ ही बजरंग दल की ओर से अखंड भारत संकल्प दिवस के आयोजन को भी अंतिम रूप दिया गया। विभाग मंत्री गजानंद दाधीच ने नई समितियों के गठन, धर्म रक्षा निधि नियोजन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने ने सनातन धर्म व संस्कृति की अलख जगाने तथा आगामी लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत की आवश्यकता है। प्रांत धर्म प्रसार टोली सदस्य नरेंद्र भाटी ने मानसून के दौरान अधिकाधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया। मातृशक्ति संयोजिका सुजाता ने मातृ शक्ति व दुर्गा बालिकाओं के प्रशिक्षण के लिए कार्यों की प्रगति देने के लिए कार्य योजना पर प्रकाश डाला। प्रखंड बीदासर अध्यक्ष संजय मोदी ने आभार जताया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद सिंह राजपुरोहित, जिला मंत्री अरविंद, राजेश सुंदरिया, कमल दूगड़, धनराज सेन, प्रकाश यादव,सुजल सेन,मुरली,कैलाश राठौड़, राहुल सोनी, आशा प्रजापत आदि मौजूद रहे।

## दोराई गोंडा स्पेशल ट्रेन का किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**रींगस(निस)।** दोराई से चलकर देवघर होते हुए गोंडा को जाने वाली स्पेशल ट्रेन 19603 का रींगस आगमन पर भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र भातरा के नेतृत्व में पायलट और लोको पायलट का स्वागत किया गया। भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश कोरखन्या ने बताया कि इस ट्रेन के चलने से शेखावाटी के लोगों को देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को सीधी ट्रेन की सुविधा मिलेगी। इस मौके पर भाजपा मंडल महामंत्री रोशन सितमका, वरिष्ठ भाजपा नेता कालूराम कुमावत, रिछपाल निठारवाल, टीसी राजू सैनी, आरपीएफ इंस्पेक्टर अशोक डोरवाल, जितेन्द्र भातरा, बाबूलाल बेनीवाल, नंदकिशोर साबू, पवन मिश्रा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हिंदी साहित्य में छात्रा के रीचैकिंग कराने पर 40 अंक बढ़े

जयपुर टाइम्स

**थोई(निस)।** छात्रा के रीचैकिंग में 40 अंक बढ़ने का मामला सामने आया है। मॉडर्न पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल के संचालक धर्मपाल मिठारवाल ने बताया कि विद्यालय में कक्षा 12 की छात्रा स्नेहलता का परीक्षा परिणाम आया तो उसके 85.40 प्रतिशत अंक थे। हिंदी साहित्य में 80 में से 35 अंक आए थे। इस पर छात्रा निराश हो गई। परिजनों को व शिक्षकों से कहा कि मैं हिंदी साहित्य की कॉपी रीचैकिंग करवाना चाहती हूं। इस पर रीचैकिंग का फार्म लगाया गया। जब इसका परिणाम आया तो 40 अंक बढ़कर 35 से 75 अंक हो गए। ओवरऑल उसका 93.40 प्रतिशत रिजल्ट बना। हिंदी में कम अंक आने से छात्रा कई दिनों तक परेशान थी रिचेकिंग में 40 अंक बढ़ने पर विद्यालय के सचिव मिठारवाल ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई।

## शिविर में 70 यूनिट रक्त संग्रहित

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** स्थानीय फतेहपुरी गेट स्थित राम प्रताप वल्लभ के मन्दिर मे दीपक त्रिवेदी स्मृति संस्थान की ओर से आयोजित दशवा रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया।संस्थान के उमेश त्रिवेदी ने बताया कि शिविर मे मित्तल ब्लड बैंक और जैन ब्लड बैंक की ओर से लगभग,70 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिविर मे सीकर विधायक राजेंद्र पारीक, पूर्व ए डी एम ईश्वर सिह राठौड़ ,वैद्य ताराचंद, वरिष्ठ पत्रकार हुलाश तिवाडी, दिनेश त्रिवेदी, रतन तिवारी, विनोद दाधीच,कमल डोलिया, उमेश मिश्रा, अमित पंसारी, पंकज, संदीप, रमेश त्रिवेदी, महेश त्रिवेदी रामलाल शर्मा,बजरंग सिंह, बनवारी शर्मा, सीताराम शर्मा, मनीष पारिक सहित कई लोग शिविर मे उपस्थित रहे।

## जागिड ने किया कावड़ियों का स्वागत

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** आस्था के पवित्र माह सावन में तीसरे सोमवार को कावड़ लाने वाले भक्तों के झुंड सड़कों पर नजर आने लगे है। रविवार को भाजपा नेता एवं समाजसेवी भंवर लाल जांगिड़ की ओर से कावड़ियों को दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया और फल वितरण किए गए। जांगिड़ ने बताया कि महादेव के पवित्र महीने में भक्त कावड़ लाने के लिए सैकड़ो किलोमीटरों की पैदल यात्रा कर रहे हैं। महादेव के भोले भक्तों की सुरक्षा व जलपान की व्यवस्था करना प्रत्येक सामाजिक संगठन व सामाजिक संस्थाओं का कर्तव्य है। यात्रा में थके और घायल कांवड़ियों के लिए आराम करने के शिविर, चिकित्सा कैंप, और पैर दबाने की सेवा कै साथ साथ गर्मी से राहत के लिए सड़कों पर जल छिड़काव, नेबू पानी, और पंखों/कूलरों की व्यवस्था करनै की जिम्मेदारी है। कावड़ का महत्व हिंदू धर्म में अत्यंत पवित्र और श्रद्धा से परिपूर्ण माना जाता है, विशेष रूप से भगवान शिव की उपासना में। यह न केवल एक धार्मिक परंपरा है, बल्कि भक्तों की आस्था, संकल्प और सेवा भावना का प्रतीक भी है।



# शेखावाटी फाउंडेशन का साझा मंच, अब नही होगी प्राथमिकताओं की अपेक्षा

### रेत की धरती, संस्कृतियों की घाटी शेखावाटी को चाहिए संवेदना और संकल्प

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निस)।** शेखावाटी फाउंडेशन, जो झुंझुनूं, सीकर और चूरू जिलों से जुड़े समाजसेवियों, शिक्षाविदों, युवाओं और प्रवासी राजस्थानी जनों का साझा मंच है, शेखावाटी के समग्र विकास के लिए एक सुनियोजित अभियान चला रहा है। यह क्षेत्र, जो कभी शिक्षा, व्यापार, संस्कृति और वीरता की मिसाल रहा है, आज विकास की दौड़ में उपेक्षित महसूस कर रहा है। ऐसे में यह भूमि अब ठोस विज़न, राजनीतिक इच्छाशक्ति और स्पष्ट नीति प्राथमिकताओं की अपेक्षा करती है।राष्ट्रीय संयोजक हरि शमी ने प्रेस वार्ता में शेखावाटी के भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि अब समय आ गया है जब शेखावाटी को उसकी उपेक्षित गरिमा से मुक्त कर वास्तविक विकास की दिशा में अग्रसर किया जाए। हम सरकार, नीति-निर्माताओं और समाज के हर जागरूक वर्ग से अपील करते हैं कि शेखावाटी को उसकी ऐतिहासिक भूमिका के अनुरूप प्राथमिकता दी जाए। राष्ट्रीय प्रभारी पशुपति शर्मा ने कहा कि 'शेखावाटी फाउंडेशन अब केवल एक मंच नहीं, बल्कि जनचेतना और ठोस कार्यक्रमों के माध्यम से स्थायी समाधान और परिणाममुखी योजनाओं के लिए कार्यरत एक सशक्त जन-संगठन बन चुका है। प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने कहा कि शेखावाटी को अब विकास के हाशिए पर नहीं रखा जा सकता। यह क्षेत्र निवेश, पर्यटन, शिक्षा और सांस्कृतिक संरक्षण की अपार संभावनाएं रखता है और हम इसके लिए हर मंच पर आगंज बुलंद करेंगे। प्रदेश महामंत्री राकेश लाटा ने इसे शेखावाटी के गौरव और अधिकारों की संगठित जनचेतना बताते हुए कहा कि "यह आंदोलन केवल एक क्षेत्रीय मांग नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक अस्मिता, आर्थिक सशक्तिकरण और भावी पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की साझा लड़ाई है। फाउंडेशन ने यह मांग रखी है कि झुंझुनूं, सीकर और चूरू जिलों को समाहित करने वाले इस अचल में शीघ्रातिशीघ्र एक हवाई अड्डे की स्थापना की जाए, जिससे यहाँ के औद्योगिक, पर्यटन और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को समुचित सहायता मिल सके। साथ ही, शेखावाटी की ऐतिहासिक हवेलियों, स्थापत्य धरोहरों, लोकपरंपराओं और सांस्कृतिक पहचान को सरक्षित करने के लिए एक स्वतंत्र शेखावाटी सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण प्राधिकरण का गठन किया जाए, जो इस अनमोल विरासत को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठा दिला सके।शेखावाटी में तकनीकी, व्यवसायिक और कृषि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए उच्च शिक्षण संस्थानों और कृषि विश्वविद्यालयों की स्थापना की जानी चाहिए, ताकि इस क्षेत्र के वि?द्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सके। फाउडेशन द्वारा झुंझुनू, सीकर और चूरू जिलों में समर्पित कार्यालयों की स्थापना की जा रही है, जहाँ से क्षेत्रीय समस्याओं पर केंद्रित जन-सुनवाई, समाधान, सुझाव और योजनाओं को क्रियान्वयन की दिशा दी जाएगी। यह कार्यालय शेखावाटी के नागरिकों के लिए संवाद और सेवा का बनेंगे। जन-समस्याओं के समाधान, युवाओं को जोड़ने, नीति-निर्माताओं तक स्थानीय मु?द्दों को पहुँचाने और सामाजिक जागरुकता के केंद्र बनेंगे। यह प्रयास हर नागरिक की भागीदारी से जन-जन का अभियान बनेगा।

## कांवड़ियों की सेवा करने वालों का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**लोहार्गल(निस)।** शहर के निकटवर्ती तीर्थ स्थल लोहार्गल से जलाभिषेक से दूरदराज से आने वाले शिवभक्तों व कावड़ियों के लिए सीकर के सोनी परिवार की ओर से हर साल श्रावण मास में भंडारा लगाया जाता है और इस बार भी बाल किशन सोनी के परिवार की ओर से गणेश विश्राम गृह में भंडारा लगाया गया और पूरे सावन चला जिसमें सेवा देने वाले लक्ष्मी नारायण, महेश सोनी बाबूलाल शर्मा, परमेश्वर सोनी, शिवकुमार सोनी,भवानी सिंह, ओम प्रकाश व नीरज सोनी का प्रगतिशील कुमावत समिति के संरक्षक डॉ राजेंद्र कुमावत, सचिव अमोलक पारमूवाल मंदिर में सेवा दे रहे हैं। पुजारी प्रभु दयाल किरोड़ीवाल और उनकी धर्मपत्नी ग्यारसी देवी ने सभी का माल्यार्पण कर उनका सम्मान किया। भामाशाहों को यह सम्मान श्रावण के अंतिम सोमवार के पहले दिन रविवार को शाम समिति की ओर से दिया गया।

## रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण शुरू



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर वासियों के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार छापर रेलवे रोड पर रेलवे ओवर ब्रिज का कार्य शुरू हो गया है। पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से 65 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले आरओबी के निर्माण के लिए पूनिया कंस्ट्रक्शन कंपनी ने छापर रोड पर डिवाईडर को तोड़कर, सड़क खोदकर बीम बनाना शुरू कर दिया है। लोगों ने कहा कि लंबे समय से इंतजार था कि यह आरओबी का कार्य शुरू हो। जिसके बाद आखिरकार पीडब्ल्यूडी विभाग ने निर्माण कार्य शुरू करवाया। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि स्टे वाली भूमियों पर निर्णय करना न्यायालय का काम है। हम जल्द से जल्द पुल बनाकर क्षेत्रवासियों की सेवा में देने का काम करेंगे। वहीं मौके पर जेसीबी मशीनों व अन्य उपकरणों से काम शुरू हो गया है और एक तरफ रोड़ साईड के ट्रेफिक को भी रोका जाकर निर्माण कार्य किया जा रहा है। रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण शुरू होने से क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है।

## तेजाजी मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**रींगस(निस)।** कस्बे के वार्ड संख्या 18 के आदर्श नगर में स्थित तेजाजी महाराज मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया जिसमें सुंदरकांड की चौपाइयां सुनकर भक्त भाव-विभोर हो गए। इससे पहले मंदिर पुजारी भरता राम सारण की ओर से तेजाजी मूर्ति की विशेष सजावट की गई। सुंदरकांड के दौरान आसपास की सैंकड़ों महिला-पुरुषों ने हनुमान जी की उपासना करते हुए मानव जगत का कल्याण करने की कामना की। इस दौरान धन्नाराम बलौदा, महेश जाखड़, हरलाल दुधवाल, मूलचंद निठारवाल, नारायण मेहता, शंकर लाल बाजिया, नवीन कालीरावणा, सुरेंद्र निठारवाल, झाबर मल सारण, मधु सारण, एचएल चौधरी, शंकर लाल सारण आदि मौजूद रहे।

## केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री श्रीपद नाइक ने किए भैरु बाबा के दर्शन



जयपुर टाइम्स

**रींगस(निस)।** केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री श्रीपद नायक शनिवार को एक दिवसीय शेखावाटी दौरे पर रहे जहां शेखावाटी के प्रसिद्ध मंदिरों के दर्शन किए। इसी कड़ी में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने भैरु बाबा मंदिर पहुंच कर शीश नवाया और भैरु बाबा की पूजा-अर्चना कर देश में अमन-चैन और खुशहाली की कामना की। मीडिया से रूबरू होते हुए केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऊर्जा के क्षेत्र में ऐतिहासिक काम किया जा रहा हैं जिसके अंतर्गत देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सौर ऊर्जा क्षेत्र में काम किया जा रहा है। इसी के साथ देश में चल रही ऊर्जा के क्षेत्र में केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। इससे पहले मंदिर कमेटी पदाधिकारियों ने कोषाध्यक्ष फूलचंद गुर्जर के नेतृत्व में स्वागत किया। वहीं भाजपा मंडल और विद्युत विभाग के अधिकारियों ने भी ऊर्जा मंत्री का स्वागत किया। इस दौरान अधीक्षण अभियंता अरुण जोशी, अधिशासी अभियंता सुभाष चंद देवंदा, सहायक अभियंता अश्विनी मीणा, कनिष्ठ अभियंता सोमेंद्र चौधरी, स्टोर इंचार्ज शंकर लाल बलौदा, एफआरटी टीम के गिरधारी बधाला, महेंद्र सिंह सहित भाजपा मंडल पदाधिकारी विष्णु चुलेट, मालीराम कुमावत, एडवोकेट दीपक बाजिया, सुरेश कुमावत, कालूराम कुमावत, अभय शर्मा, निर्मल सिंह शेखावत आदि मौजूद रहे।

# पुलिस की 10 टीमों ने 48 स्थानों पर दी दबिश, युवक के पास मिला धारदार हथियार

## 30 जनों को किया गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** पुलिस थाना क्षेत्र में रविवार को आरोपियों की धरपकड़ के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें कुल 10 टीमों का गठन किया गया। जिसमें टीमों की ओर से कुल 48 स्थानों पर दबिश दी गई और कुल 30 जनों को गिरफ्तार किया गया। वार्ड 21 निवासी प्रवीण कुमार पुत्र सत्यनारायण को अवैध वर्जित धारदार हथियार सहित गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा कुल चार वारंटी भी गिरफ्तार किए गए। एक हिस्ट्रीशीटर सहित संगठित अपराधी गिरोह के 16 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने बताया कि अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान धरपकड़ के तहत चूरू जिले के कई थाना अधिकारी के नेतृत्व में 10 स्पेशल टीमों का गठन कर 48 स्थानो पर हथियारबंद जवानों के साथ दबिश दी गई। अभियान के तहत कुल 30 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि इस विशेष अभियान का उद्देश्य बढ़ रहे अपराधों पर अंकुश लगाना है। उन्होंने कहा कि पुलिस का यह विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में वार्ड 2 निवासी चंदन पुत्र मदनलाल प्रजापत, वार्ड एक निवासी मोहरसिंह पुत्र रेवंतराम सुनार, वार्ड 5 निवासी इंदरसिंह पुत्र करणी सिंह राजपूत, जम्मू कश्मीर निवासी यूनुस अली, वार्ड 2 निवासी राजेश पुत्र जसकरण ब्राह्मण सहित कल 30 आरोपी शामिल है।

# चतुर्भुज गोस्वामी लघु उद्योग भारती इकाई के संयोजक नियुक्त



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** लघु उद्योग भारती की रतनगढ़ इकाई के सदस्यता अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई। रीको इंडस्ट्रियल एरिया के सीता हैंडीक्राफ्ट में आयोजित बैठक के मुख्य अतिथि लघु उद्योग भारती, जयपुर प्रांत के अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा रहे। मिश्रा ने लघु उद्योग भारती के वर्चस्व की चर्चा करते हुए उद्योग संबंधी विभिन्न समस्याओं के निराकरण में इसकी भूमिका को रेखांकित किया। विशिष्ट अतिथि जयपुर प्रांत के उपाध्यक्ष विष्णु अवतार शर्मा, कार्यकारी सदस्य दौलत तंवर और चूरू इकाई के अध्यक्ष सुभाष जांगिड़ ने भी बैठक में उपस्थित सदस्यों को संबोधित किया। लघु उद्योग भारती इकाई, रतनगढ़ का गठन करने के लिए उद्यमी चतुर्भुज गोस्वामी को संयोजक नियुक्त किया गया। गोस्वामी ने रतनगढ़ क्षेत्र की उद्यम इकाइयों की ज्वलंत समस्याओं से मुख्य अतिथि को अवगत करवाया। रतनगढ़ रीको औद्योगिक संघ के अध्यक्ष धन्नाराम सुथार ने आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सीताराम जांगिड़, देवेंद्र यादव, राधाकृष्ण जांगिड़, सीताराम शर्मा, राधाकृष्ण सैनी, लीलाधर सराफ, गोविंद सोनी, पवन सिंह, राहुल यादव, महेश सैनी सहित लगभग 70 उद्यमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनिरुद्ध गोस्वामी ने किया। कार्यक्रम के पश्चात अतिथियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण की सुरक्षा का संदेश दिया।

# आरएससीआईटी की परीक्षा में देरी से पहुंचे परीक्षार्थी को रहना पड़ा परीक्षा से वंचित



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के राजकीय अंजुमन उच्च माध्यमिक विद्यालय सहित शहर के तीन विद्यालयो में रविवार सुबह 10 से 11 बजे तक RSCIT की परीक्षा आयोजित की गई। इस दौरान परीक्षार्थियों को सुबह साढ़े 9 बजे तक प्रवेश दिया गया। जिसके बाद पहुंचे कुछ परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं मिलने के कारण परीक्षा से वंचित रहना पड़ा। परीक्षार्थी काफी देर तक स्कूल प्रशासन से प्रवेश करवाने को लेकर मिन्नते करते रहे लेकिन समय पूरा होने के कारण उन परीक्षार्थियों को परीक्षा से वंचित रहना पड़ा। राजकीय अंजुमन उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य याकूब खान ने बताया कि हमारे विद्यालय में कल 240 परीक्षार्थी, राजकीय टांटिया बालिका विद्यालय में 216 परीक्षार्थी और एक निजी विद्यालय में 340 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी। इस परीक्षा में कुल कितने परीक्षार्थी परीक्षा से वंचित रहे इसका आंकड़ा अभी तक सामने नहीं आया है। लेकिन समय पर परीक्षा केंद्र नहीं पहुंचने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा से वंचित रहना पड़ा। बाद में कुछ परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र नहीं मिलने का बहाना बनाते हुए नजर आए तो कुछ परीक्षार्थी ग्रामीण क्षेत्र से आने पर लेट होने का बहाना बनाते हुए नजर आए। लेकिन परीक्षार्थियों को पहले से परीक्षा केंद्र और परीक्षा का समय पता था। उसके बावजूद परीक्षा केंद्र पर देरी से पहुंचने के कारण परीक्षा देने से वंचित रह गए। एक परीक्षार्थी के पास अपना ओरिजिनल डॉक्यूमेंट यानी आधार कार्ड नहीं होने के कारण परीक्षा से वंचित रहना पड़ा।

## बस की टक्कर से युवक की मौत

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के तारानगर रोड पर गांव जयसंगसर कुंडिया बस स्टैंड पर बस की टक्कर से 35 वर्षीय व्यक्ति गंभीर घायल हो गया। राजकीय उप जिला अस्पताल में उपचार के बाद गंभीर स्थिति होने पर बीकानेर हायर सेंटर रेफर कर दिया। बीकानेर जाते समय श्री डूंगरगढ़ के पास व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। गांव दल्लूसर निवासी कश्मीर खान पुत्र सहीराम मिरासी ने पुलिस को रिपोर्ट देकर बताया कि रविवार को मैं व मेरा बहनोई बिटू खान पुत्र साहबदीन उम्र 35 साल निवासी कनवानी तहसील रावतसर हम दोनों गांव जयसंगसर में मेरी बहन से मिलने के लिए गए हुए थे। दोनों गांव जयसंगसर कुंडिया बस स्टैंड पर सड़क के किनारे खड़े थे। तभी नैनासर की तरफ से एक बस चालक ने अपनी बस को तेज गति पर लापरवाही से चलाते हुए आया और सड़क के किनारे अपनी साइड में खड़े मेरे बहनोई बिटू खान के जोर से टक्कर मार दी। जिससे मेरा बहनोई गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको मैं और मौके पर मौजूद लोगों की मदद से सरदारशहर के राजकीय उप जिला अस्पताल लेकर आए। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति होने के चलते बीकानेर रैफर कर दिया। मेरे बहनोई को बीकानेर ले जाते समय रास्ते में श्री डूंगरगढ़ के पास पहुंचे तो उनकी हालत ज्यादा खराब हो गई तो उन्हें राजकीय अस्पताल श्री डूंगरगढ़ लेकर गए। जहां डॉक्टर ने मेरे बहनोई को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर आगे की जांच शुरू कर दी।

## अंगदान आज की आवश्यकता: स्वामी

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** अंगदान आज की आवश्यकता है, उक्त विचार नेत्रदान एवं रक्तदान जनजागरण अभियान के जिला संयोजक व नेत्र संग्रह केन्द्र सरदारशहर के समन्वयक गणेश दास स्वामी ने रविवार को बरड़ासर में राष्ट्रीय अंगदान दिवस पर व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि हम अंगदान कर कई लोगों का जीवन बचा सकतें हैं। जिसमें लिवर, किडनी, हार्ट, लंग्स, पैनक्रियाज, कार्निया इत्यादि। अंगदान एक पुण्य का काम है। दान करना हमारे देश की परम्परा आदिकाल से चली आ रही हैं। इसलिए हमें अंगदान अवश्य करना चाहिए। हम अंगदान कर कई जिन्दगियां बचा सकते हैं। अंगदान पर गांव के सामाजिक कार्यकर्ता समुन्दर लाल मेघवाल ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर टोरूराम, डूंगराराम, रणजीत चारण, गोवर्धन सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अवसर पर आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान जयपुर से प्रकाशित नेत्रदान प्रचार सामग्री वितरित की गई।

## वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी



जयपुर टाइम्स

**थोई(निस)।** एसएचओ महेंद्र मीणा के नेतृत्व में पुलिस ने पंचायत की मुख्य सड़कों पर पैदल मार्च कर यातायात नियमों की जानकारी दी। पुलिस जाप्ता थाने से पैदल गश्त करते हुए बस स्टैंड होते हुए चौपड़ बाजार की तरफ पैदल मार्च किया। दुकानदारों से बाहर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए कहा। वाहन चालकों को वाहन एक साइड में लगाने व आम रास्ते पर अतिक्रमण नहीं करने का निर्देश दिया। चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी। एसएचओ मीणा ने कस्बे में व्यापार मंडल के मंत्री सुरेश यादव से चर्चा करते हुए कहा कि रक्षाबंधन आ रहा है, इस पर बाजार में जाम की स्थिति ना बने। इसके लिए दुकानदारों को समझाएं। बड़े वाहन कस्बे के अंदर प्रवेश करें तो पुलिस को सूचना दें। इसके साथ-साथ व्यापार मंडल की कार्यकारिणी से कस्बे के चारों बाजारों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने को कहा। इस दौरान बिना हेलमेट के बाइक चालकों के चालान किए। पिकअप के सामने से लोहे की गाटर उतरवाई।

## मैया के भजनों पर झूमे श्रद्धालु



जयपुर टाइम्स

**उदयपुरवाटी(निस)।** कस्बे के निकटवर्ती धार्मिक स्थल सकराय धाम में स्थित माता शाकम्भरी के दरबार में रविवार को द्वितीय बार मां शाकम्भरी का सिंधारा व झूलन महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजक कर्ता सदस्य बाबूलाल सैन जयपुर ने बताया कि माता के दरबार में द्वितीय बार मैया के भक्त अपने-अपने घर से मैया के लिए सिंधारा लाकर माता के साथ में सिंधारा पर्व मनाया। बाद में सभी भक्त माता शाकम्भरी को झूलन महोत्सव में सावन के इस पवित्र महीने के उपलक्ष पर झूला झूलाया। साथ कार्यक्रम आयोजनकर्ताओ ने मां शाकम्भरी दरबार को अलौकिक फूलो, फलों से श्रृंगार किया गया। कार्यक्रम में गायकार राकेश बावलिया, रिया शर्मा, डोली अग्रवाल, कुमार शरद ने मैया के भजनों पर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। साथ ही नृत्य नाटिकाओं ने विभिन्न झांकियों से श्रद्धालुओ का मन मोहा। आयोजक सदस्य मुकेश जोशी ने बताया कि मंदिर के महंत दयानाथ महाराज के सानिध्य में होने वाले सिंधारा व झूलन महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। बबलू सैन ने बताया कि कार्यक्रम में मैया का अलौकिक श्रृंगार, अखंड ज्योत, छप्पन भोग के साभ महाप्रसादी भण्डारे में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर मैया से आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम के अयोजककर्ता बबलू सैन, मुकेश जोशी, महेश जोशी, बाबूलाल शर्मा, अभिषेक कुमावत ने श्रद्धालुओं का आभार जताया।

## सांसद और विधायक ने दिया धरने को समर्थन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** जिला परिवहन कार्यालय के समक्ष चल रहे ट्रक व क्रेशर यूनियन के धरने को सांसद राहुल कस्वा व रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा ने अपना समर्थन दिया है। धरना स्थल पर पंहुचे सांसद राहुल कस्वा व विधायक पूसाराम गोदारा ने यूनियन की मांगों का समर्थन करते हुए लोकसभा व विधानसभा में मामले को उठा कर ट्रक व क्रेशर यूनियन की समस्याओं का समाधान करवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान यूनियन अध्यक्ष हेतराम खिलेरी ने सांसद व विधायक को बताया कि तीन साल पुराने ओवरलोड के रिकॉर्ड उठा कर परिवहन विभाग उनसे जुर्माना वसूलना चाहता है और एक-एक ट्रक पर भारी पेनल्टी लगा दी गई है, जो कि सरासर अन्याय है। यूनियन के सदस्यों ने कहा कि रॉयल्टी ठेकेदार की ओर से निर्धारित दर से अधिक राशि अवैध रूप से वसूली की जा रही है। इस दौरान यूनियन के अनेक पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## दस साल से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निस)।** पुलिस ने रविवार को एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत 10 साल से फरार एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। साथ ही पूर्व में फायरिंग व अवैध फायर आर्म्स व संपत्ति संबंधी अपराध कारित करने वाले पांच अभियुक्तों से पूछताछ कर धारा 170 बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर पाबंद कराया गया। थानाधिकारी रिया चौधरी ने बताया कि ढाबाला की ढाणी तन पालडी तिराया मेड निवासी धुणी लाल यादव न्यायालय से पिछले 10 सालों से स्थाई वारंटी चल रहा था जिसे पुलिस ने दबिश देकर गिरफ्तार किया। थाना अधिकारी ने बताया कि पूर्व में फायरिंग व अवैध फायर आर्म्स व संपत्ति संबंधी अपराधकारित गैर सायलान आसपुरा निवासी चेतन घानका, अणतपुरा निवासी सोहन स्वामी, दिवराला निवासी कुलदीप सिंह राजपूत, दिवराला की ढाणी विशाल सिंह निवासी रघुवीर उर्फ रघु गुर्जर व दिवराला निवासी कृष्ण गुर्जर को धारा 170 बीएन एसएस में गिरफ्तार कर पाबंद कराया गया।

## आज 5 घंटे बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** 33 केवी सातडा लाईन विद्युतीकरण रख-रखाव के लिए 4 अगस्त सोमवार को प्रात: 6:30 से 11:30 बजे तक 5 घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। जोधपुर डिस्कॉम के सहायक अभियंता (सातडा) पीयूष कुमार मीणा ने बताया कि रतनगढ़ रोड़ से महिंद्रा एजेंसी तक, जिसमें पंखा सर्किल, कृषि मंडी, हनुमान जी की ढ़ाणी, गुर्जरों की ढ़ाणी, आपणो नगर, राम-रहीम कॉलोनी व इनसे सम्बन्धित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# धूमधाम से मित्रता दिवस मनाया



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा स्थित होटल हेरिटेज में रविवार को मित्रता दिवस संघनिष्ठ व भाजपा नेता सज्जन शर्मा की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजस्थान ब्राह्मण महासभा के झुंझुनूं जिलाध्यक्ष अरविन्द पारीक ने कहा कि दोस्ती हमारे जीवन के सबसे खास और प्यारे रिश्तों में से एक होती है। यह दूरी, पृष्ठभूमि और उम्र की सीमाओं से परे जाकर हमें सुकून, मायने और खुशी देती है। इंटरनेशनल फ्रेंडशिप डे (अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस) दुनिया भर में इस खास रिश्ते को मनाने का दिन है, जो एकता, सहानुभूति और खुशी को बढ़ावा देता है। इस मौके पर विष्णु शर्मा, विनोद दिलोईवाले, किशोरसिंह राठौड़, मधुसुधन खेमाणी, महेश नागरका, मदन ढ़ाका व रवि बारी आदि मौजूद रहे।

## सांडेराव पुलिस थाने के सामने डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** सांडेराव पुलिस थाने के पास स्थित चौधरी होटल के सामने सिंदरू मार्ग फोरलेन हाईवे 162 पर दुर्घटना में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सांडेराव थाने के एएसआई किशनसिंह ने बताया कि मृतक महेंद्रदास पुत्र जेठुदास वैष्णव उम्र 37 वर्ष मजदूरी करता था, जो आहोर निवासी हैं। वह अपनी बाइक पर जा रहा था। आगे डंपर चल रहा था। डंपर चालक ने आवारा पशुओं के आगे आने से अचानक ब्रेक लगा दिए तो पीछे से बाईक चपेट में आने से चालक की मौत हो गई। सूचना मिलते ही साण्डेराव पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को साण्डेराव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखावाया। सांडेराव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ मोहन लाल चौधरी ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नितिन तंवर का नीट में चयन होने पर पूर्व विधायक चौधरी ने किया अभिनन्दन



जयपुर टाइम्स

**उदयपुरवाटी(निस)।** कस्बे के वार्ड नंबर 2 ढाणी चोचू हाला निवासी एडवोकेट लक्ष्मण राम सैनी के पुत्र नितिन तंवर का नीट में चयन होने पर पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी ने उनके निवास स्थान पर जाकर नितिन तंवर को साफा व माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत व अभिनंदन किया। लक्ष्मण सैनी ने बताया कि नितिन तंवर ने नीट परीक्षा प्रथम प्रयास में ही सफलता प्राप्त की है तथा ऑल इंडिया में 16664वी रेंक हासिल की है। ओबीसी वर्ग में 7372 वी रैंक हासिल की है। इस मौके पर भाजपा मंडल महामंत्री अशोक सैनी,नितेश सैनी, धनाराम सैनी ,झाबरमल सैनी, प्रदीप कुमार, प्रियांशु, लकी सैनी, जयप्रकाश तंवर, सुमेर सिंह, समदर सैनी, ममता देवी, सुनीता देवी, धर्मा देवी व मैना देवी आदि उपस्थित रहे।

## पौधरोपण कर दिया हरियाली का संदेश



जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निस)।** शहर के निकटवर्ती गांव गोठया छोटी की शमशान भूमि के अंदर 101 पौधे लगाए गए। पार्षद प्रतिनिधि जयवीर ढाका की ओर से पौधरोपण कार्यक्रम की शुरुआत पालिका ईओ राकेश अरोड़ा ने की। पार्षद प्रतिनिधि जयवीर ढाका ने कहा कि शमशान जैसी जगहों पर पौधारोपण न केवल हरियाली बढ़ाने का कार्य है, बल्कि यह जीवन और मृत्यु के बीच पर्यावरण संतुलन का प्रतीक भी बनता है। उनका उद्देश्य सिर्फ पौधे लगाना नहीं है, बल्कि उन्हें संरक्षित करना भी है, ताकि कुछ वर्षों बाद यह स्थल छायादार और शुद्ध वातावरण देने वाला बन सके। ईओ राकेश अरोड़ा ने बताया कि पालिका छेत्र के 15 किलोमीटर की दूरी तक शौचालय के सेप्टी टैंक की सफाई के लिए फोन कर सकते है, फोन पर खुद पालिका टैंक खाली करवाएगी। उन्होंने बताया कि हर 3 शाल बाद टैंक को खाली करवाना आवश्यक है जिसके बाद टैंक में जहरीली गैस बनने लगती है जो मानव के लिए बेहद घातक है। उन्होंने ग्रामीणों को साफ सफाई के लिए भी जागरूक किया। इस दौरान नगर पालिका अधिशासी अधिकारी राकेश कुमार आरोड़ा, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि जयवीर ढाका, जगदीश पूनिया, सत्यवान श्योराण, जयवीर ढाका, विनोद कुमार, विकास ढाका, पीयूष, विजेंदर, कुलदीप आदि लोग उपस्थित रहे।

### एरिया डोमिनेशन के तहत अजीतगढ़ पुलिस की त्वरित कार्रवाई

# एक अवैध देसी कट्टा व अवैध पिस्टल समेत चार जिंदा कारतूस बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निस)।** एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत अजीतगढ़ पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अवैध देसी कट्टा व एक अवैध पिस्टल समेत चार जिंदा कारतूस समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। सीकर पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक लुनावत व नीमकाथाना के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के गिरधारीलाल शर्मा ने बताया कि अजीतगढ़ पुलिस ने रविवार को एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत अजीतगढ़ थाना अधिकारी रिया चौधरी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की। थानाधिकारी रिया चौधरी ने बताया कि रविवार को एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत फायरिंग, अवैध वसूली, अवैध फायर आर्म्स रखने वाले फरार अपराधी तलाशी और गिरफ्तारी के लिए थाना अधिकारी रिया चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। रिया चौधरी ने बताया कि पुलिस टीम में सहायक थाना अधिकारी बलबीर सिंह, नेकीराम, हेड कांस्टेबल सवाई सिंह, श्रीकिशन, कांस्टेबल राकेश मीणा, नेकीराम यादव, अनिकेत वर्मा, दीपक, मनोज, अजय, राजेश, सुभाष, रामस्वरूप व पुलिस वाहन चालक कांस्टेबल भोलाराम के नेतृत्व में पुलिस की अलग-अलग टीमें बनाई गई। पुलिस ने सादा वर्दी में अवैध हथियार रखने वालों की जासूसी की और उनकी आसूचना इकट्ठी की जिस कारण पुलिस ने सफलता पाते हुए अजीतगढ़ के वार्ड नंबर 8 निवासी सुमित पारीक के कब्जे से एक देसी कट्टा व हनुतपुरा थाना अमरसर की ढाणी हनुमान सागर निवासी हेमराज यादव के कब्जे से एक अवैध पिस्टल मय चार जिंदा कारतूस बरामद करने में सफलता प्राप्त की। दोनों के खिलाफ अलग-अलग आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। थाना अधिकारी रिया चौधरी ने बताया कि दोनों आरोपियों से पुलिस पूछताछ करने में जुटी हुई है कि आखिर यह अवैध हथियार कहा से लाए गए हैं। थानाधिकारी ने बताया कि अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। थानाधिकारी रिया चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सुमित पारीक के खिलाफ शाहपुरा थाने में एक व अजीतगढ़ थाने में तीन मुकदमे जैर ट्रायल में पहले से ही दर्ज थे।

## वन क्षेत्र में कंजर्वेशन मे अवैध खनन पर कार्यवाही करने गई वन विभाग टीम पर फेंके पत्थर, एक व्यक्ति को पकड़ा, दो ट्रैक्टर जब्त



जयपुर टाइम्स

**खेतड़ी(निसं.)** खेतड़ी उपखंड के कालोटा में रविवार को वन विभाग की टीम ने अवैध खनन पर कार्रवाई की। टीम ने दो ट्रैक्टर ट्राली जब्त की। कार्रवाई के दौरान खनन माफियाओं ने वन विभाग की टीम पर हमले का प्रयास किया जिसमे वन कर्मचारी बाल-बाल बचे। रेंजर विजय कुमार फगेड़िया ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर अवैध खनन के खिलाफ अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है। वन विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि खेतड़ी बांसियाल रिजर्व कंजर्वेशन के प्रतिबंधित क्षेत्र में अवैध खनन हो रहा है। जिसपर जिले की पुरी टिम को अलर्ट करके कार्यवाही की गई।

### वन विभाग की टीम पर फेंके पत्थर

टीम ने कालोटा गांव में दबिश दी। वहां खनन माफिया चार ट्रैक्टर ट्राली में अवैध रूप से पत्थर भर रहे थे। जब वन विभाग ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने कर्मचारियों को घेर लिया व पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। कर्मचारियों ने पेड़ों का सहारा लेकर अपना बचाव किया। इसके बाद खनन माफिया दो ट्रैक्टर ट्राली लेकर भाग गए व दो ट्रैक्टर ट्राली छोड़कर फरार हो गए। वन विभाग ने कालोटा निवासी शीशराम चावड़ा को हिरासत में लिया। पत्थरों से भरे दो ट्रैक्टर ट्राली जब्त कर रेंज कार्यालय खेतड़ी लाए गए। रास्ते भर खनन माफिया लगभग 20-30 मोटरसाईकलों से पीछा करते रहे व धमकाते रहे ।

### कार्रवाई जारी रहेगी-रेंजर

रेंजर फगेडिया ने बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। खेतड़ी वन क्षेत्र में अवैध खनन पर पूर्ण रूप से रोक लगाने के लिए अभियान में तेजी लाई जाएगी। खनन करने वालों पर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। कार्रवाई में एसीएफ कमलचंद, वनपाल संजय, सत्यवान पूनिया, सत्यवीर झाझडिया, पिंकू कुमार, भरत कुमार, मनोज मीणा, सुमेर सिंह, राधेश्याम और सुमन कुमारी शामिल थे।

## डॉ. शंकर जिलोया ने की अंगदान की घोषणा



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सर्व मेघवंश महासभा इंडिया चूरू के युवा जिलाध्यक्ष डॉ शंकर जिलोया ने अंगदान की घोषणा की है। अंगदान की यह घोषणा मरणोपरान्त लागू होगी। डॉ. शंकर जिलोया ने बताया कि मैंने भारत सरकार के स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग की वेबसाईट पर जाकर आवेदन किया। जिस पर आवेदन के बाद लीवर, किडनी, हार्ट, फेफड़े, हड्डी, त्वचा दान करने के लिए मंत्रालय की ऑनलाईन परमिशन मुझे मिल गई है। डॉ. शंकर जिलोया की इस पहल की लोग सराहना कर रहे हैं और कई अन्य लोगों के लिए आने वाले समय में यह प्रेरणा का काम करेगी। जिलोया ने बताया कि मृत्यु के बाद ये अंग जिला मेडिकल कॉलेज में किसी जरूरतमंद के लिए रखे जाएंगे। डॉ. शंकर जिलोया ने बताया कि जीते जी हम लोग दूसरों के काम आते हैं। लेकिन मैं चाहता था कि मरणोपरान्त भी मेरे अंग किसी दूसरे जरूरतमंद व्यक्तियों के काम आ सकेंगे, तो यह मेरे लिए सौभाग्य की बात होगी और इसको साकार करने में लिए मैंने यह निर्णय लिया।

## भारतीय जनता पार्टी की नवगठित कार्यकारिणी का सम्मान



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** शहर मंडल कार्यकारिणी का परिचय सम्मेलन अध्यक्ष विष्णु भगवान प्रजापत की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। यूनियन क्लब अतिथि भवन में शुरू हुए कार्यक्रम में पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, रतनलाल पारीक, अर्जुनसिंह फ्रासा, सुशील इन्दौरिया, गोपाल मारू, अभय सोनी, दीनदयाल स्वामी, पवन बोथरा मंचस्थ रहे।सम्मेलन का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों के सामने पुष्प अर्पित कर किया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने सभी नए पदाधिकारियों का एक-एक करके परिचय लिया और उन्हें पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी जिम्मेदारी छोटी या बड़ी नहीं होती है। संगठन जो भी जिम्मेदारी दे, उसे पूरी लगन और मेहनत से निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है, जहाँ एक छोटा कार्यकर्ता भी बड़े पद तक पहुँच सकता है। महर्षि ने सभी कार्यकर्ताओं से मिलकर केंद्र और राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुँचाने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से प्रगति कर रहा है, जो हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए गर्व की बात है। भाजपा के पुर्व पालिकाध्यक्ष गोपाल मारू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी पदाधिकारियों को निस्वार्थ भाव से संगठन के लिए काम करना चाहिए। उन्हें अपने-अपने क्षेत्र में आम जनता के साथ गहरे संबंध बनाने चाहिए और संगठन के हर कार्यक्रम में हिस्सा लेना चाहिए, तभी शहर मंडल को देश और राज्य में एक विशेष पहचान मिल पाएगी। इस सम्मेलन को विधानसभा संयोजक अर्जुन सिंह फ्रांसा और गोरीसर मंडल अध्यक्ष सुशील इन्दौरिया ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर शहर मंडल कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन जिला प्रवक्ता पवन बोथरा ने किया।

## लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट की मासिक बैठक का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट लक्ष्मणगढ़ की मासिक बैठक रविवार को श्याम सुंदर शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी आयोजनों संबंधित चर्चा की गई। जिनमें रक्षाबंधन पर 0 से 10 वर्ष की बालिकाओं के लिए सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाते खुलवाना व रक्षाबंधन पर्व का सामूहिक रूप से आयोजन, 15 अगस्त के मौके पर ट्रस्ट कार्यालय में ध्वजारोहण, अन्नदान व भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन, कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर नगर में प्रभात फेरी का आयोजन, सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के लिए जन-जन तक शिविरों का आयोजन शामिल रहे।बैठक में ट्रस्ट के संरक्षक, पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियाँ सुनिश्चित की गईं।बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी व ट्रस्ट संरक्षक गिरधरलाल जाजोदिया ने ट्रस्ट के सक्रिय पदाधिकारियों, संरक्षक सुभाष जोशी, दीनदयाल जोशी, अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा व प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा को हाथ घड़ी भेंट कर सम्मानित किया।बैठक में निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में अन्य पदाधिकारियों व कर्मठ कार्यकर्ताओं को भी सेवा के क्षेत्र में उनके योगदान के आधार पर सम्मानित किया जाएगा। बैठक में ट्रस्ट के संरक्षक सुभाष जोशी, प्रकाश पासोरिया, दीनदयाल जोशी, गिरधरलाल जाजोदिया, अध्यक्ष गुरुजी श्याम सुंदर शर्मा, प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रभारी कमल कुमावत, नासिर तगाला, महेश कुमावत, बीजू कुमावत, महेंद्र घासोलिया, हर्ष मुरारका, बाबूलाल जोशी सहित ट्रस्ट के अनेक संरक्षक पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि ने सुनी नागरिकों की समस्या



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे के वार्ड सं 1, 34 व 35 में रेलवे की दीवार से उत्पन्न गन्दे पानी की निकासी को लेकर परेशान वार्डवासियों की समस्या सुनने पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि उनके बीच पहुंचे। सभी से चर्चा कर सम्बन्धित समस्या पर चर्चा की और समाधान के लिए सुझाव लिए। समस्या को अभिनेष महर्षि ने गम्भीरता से सुनकर मौके पर ही रेलवे के उच्च अधिकारियों से वार्ता कर समस्या के समाधान पर चर्चा की। गन्दे पानी की समस्या के निराकरण के लिए रेलवे ट्रैक के नीचे से नाला निकालकर गन्दे पानी की समस्या से छुटकारा दिलाया जाएगा, जिसके लिए रेलवे की ओर से जारी डिमांड राशि नगरपालिका वहन करेगी। अतिरिक्त जरूरत पड़ने पर राज्य सरकार से मांग की जाएगी। रास्ते के निकासी के लिए भी रेलवे के डीआरएम से वार्ता कर समस्या के समाधान के लिए प्रयत्न किया जाएगा।

## आरोपियों का सहयोग करने पर युवक गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने ज्वैलर्स फर्म पर फायरिंग के मामले में पीसी रिमांड पर चल रहे अभियुक्तों के सहयोगियों से विस्तृत पूछताछ की है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि पूछताछ के बाद प्रकरण में अन्य वांछित आरोपी सोनूसिंह पुत्र महेंद्रसिंह निवासी गोवटी, पुलिस थाना खाटूश्यामजी, जिला सीकर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि फायरिंग करने वाले दो आरोपियों को सोनूसिंह ने अन्यत्र भेजने में मदद की। आरोपी के खिलाफ खाटूश्यामजी थाने में पहले से ही अनेक मामले दर्ज हैं।

## धरना लगातार चौथे दिन भी रहा जारी



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** जमालपुरा क्षेत्र के लोगों की ओर से पम्प हाउस के पास दिया जा रहा धरना लगातार चौथे दिन रविवार को भी जारी रहा। धरना जमालपुरा, चांदनगर, रहमतनगर में होने वाले जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर दिया जा रहा है। जिसके तहत शहर की ओर से आने वाले पानी को गेनाणी में डाईवर्ट किए जाने की मांग मुख्यतया शामिल है। धरने पर चौथे दिन खानपुर सरपंच हरदयाल पहुंचे और उन्होंने अपने क्षेत्र के लोगों से बात की। सरपंच ने धरनार्थियों से कहा कि सोमवार को नगरपरिषद सुजानगढ़ जाकर इस जन समस्या के समाधान के बारे में चर्चा करेंगे और कोई समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि जावेद खिची, सादिक दहिया, आबाद अगवान, हारून पंवार, जावेद दईया, अकरम पंवार आदि लोग मौजूद रहे।

## जाट विकास संस्थान की नई कार्यकारिणी का गठन



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के जाट भवन में जाट विकास संस्थान की बैठक हुई जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्व सहमति से हरीसिंह बेनीवाल, बनेसिंह मोगा, प्रेमसुख कुलड़िया, नरेंद्र दूत, गोपीराम भांभू को संरक्षक बनाया तो वहीं चंद्रावली देवी बेनीवाल को पुनःअध्यक्ष और तिलोकाराम कस्वां को उपाध्यक्ष, कर्नल रामकुमार कस्वां सचिव, कैप्टेन मदन कालेर व्यवस्थापक, रामकिशन कुलड़िया कोषाध्यक्ष, हेतराम भाकर, रामस्वरूप झाझड़िया, जगदीश कस्वां, ओम भाकर, देवकरण कस्वां, रामप्रसाद सहारण, बलवीर मुहाल, राजेन्द्र धेतरवाल, हेमराज मोठसरा, रामकुमार फांडर, रमेश कस्वां, राजेन्द्र भाकर, बजरंग सिहाग, मंगल महला, अविनाश गोदारा, अनिल कस्वां को सदस्य मनोनीत किया गया।

# लोहार्गल धाम में आस्था का उमड़ा सैलाब

### 24 कोसीय परिक्रमा गोगा नवमी से होगी प्रारम्भ

### 20 लाख से ज्यादा श्रद्धालु करेंगे परिक्रमा

जयपुर टाइम्स

**लोहार्गल/सीकर(निस)।** शेखावाटी अंचल की अरावली माला के पर्वतों के बीचों बीच लोहार्गल धाम जिसका संबंध पांडवों से जुड़ा हुआ है। श्रावण मास का आखिरी सोमवार होने के कारण रविवार को लोहार्गल धाम में कावड़ियों का दिन भर जमघट लगा रहा। लोहार्गल में भादवा मास के अंदर गोगा नवमी से 24 कोस की परिक्रमा लगती है और जो लोहार्गल कुंड से शुरु होकर किरोडी, शाकंभरी, नाग कुंड, टपकेश्वर, रघुनाथ कुंड, खोरीकुंड और अमावस्या के दिन वापस लोहार्गल में स्नान किया जाता है। इस परिक्रमा के अंदर 7 दिन लगते हैं गोगा नवमी से शुरु होकर अमावस्या तक चलती है। लाखों श्रद्धालु बाबा मालकेत की 24 कोस की परिक्रमा करके अमावस्या पर लोहार्गल कुंड में स्नान करते हैं।



## सूर्य कुंड और सूर्य मंदिर से जुड़ी कथा

*प्राचीन काल में निर्मित सूर्य मंदिर लोगों के आकर्षण का केंद्र है। इसके पीछे भी एक अनोखी कथा प्रचलित है। प्राचीन काल में काशी में सूर्यभान नामक राजा हुए जिन्हें वृद्धावस्था में दिव्यांग लड़की के रूप में एक संतान हुई। राजा ने भूत-भविष्य के ज़ाताओं को बुलाकर उसके पिछले जन्म के बारे में पूछा। तब विद्वानों ने बताया कि पूर्व के जन्म में वह लड़की मर्कटी अर्थात बंदरिया थी, जो शिकारी के हाथों मारी गई थी। शिकारी उसे एक बरगद के पेड़ पर लटका कर चला गया क्योंकि बंदरिया का मांस अभक्ष्य होता है। हवा और धूप के कारण वह सूख कर लोहार्गल धाम के जलकुंड में गिर गई लेकिन उसका एक हाथ पेड़ पर रह गया। बाकी शरीर पवित्र जल में गिरने से वह कन्या के रूप में आपके यहां उत्पन्न हुई है।*

## धरती का पहला धाम

लोहार्गल धाम के प्राचीन सूर्य मंदिर के पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज ने बताया कि यह धाम धरती का पहला तीर्थ स्थल माना जाता है। उन्होंने कहा कि जब धरती पर चारों ओर समुद्र था, तक यहां के 72 किलोमीटर का क्षेत्र भी समुद्र था। समुद्र में भगवान विष्णु के मत्स्य अवतार का विवरण पद्म पुराण में आता है. पद्म पुराण के अनुसार इसी ब्रह्म क्षेत्र में भगवान विष्णु ने शंकासुर राक्षस का वध करने के लिया मत्स्य अवतार ग्रहण किया था। भगवान विष्णु का पहला मत्स्य अवतार धरती पर हुआ था। इसीलिए लोहार्गल धाम को धरती का प्रथम तीर्थ स्थल भी कहते हैं.

## पहाड़ों से निकलती है जलधारा

लोहार्गल धाम के प्राचीन सूर्य मंदिर के पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज ने बताया कि लोहार्गल धाम में पहाड़ों से एक जलधारा निकलती है। जो आज भी अनवरत बहकर सूर्यकुंड में गिरती है। सावन के महीने में इसी जलधारा को लाखों श्रद्धालु कावड़ में भरकर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना करते हैं। इस प्राचीन धार्मिक और ऐतिहासिक स्थल के प्रति लोगों की अटूट आस्था है। इस स्थान को धरती का पहला तीर्थ स्थल भी कहा जाता है। इसके चलते पूरे साल भर लाखों देशी विदेशी श्रद्धालुओं और पर्यटकों का यहां आना-जाना लगा रहता है।

## 800 किलोमीटर गोमुख से पैदल कावड़ लेकर पहुंचे कावड़िए

जयपुर टाइम्स

**फतेहपुर(निस)।** कस्बे के रोहन जोशी, बागेश महाराज,कृष्ण तिवारी, हेमंत सेन और तनुज इन पांचों ने श्रावण मास में गंगोत्री से फतेहपुर कावड़ लेने का प्लान बनाया और इसी के दौरान उत्तराखंड के गंगोत्री धाम के गोमुख से गुरु पूर्णिमा 10 जुलाई को कावड़ मे गंगा का शुद्ध जल भरकर पैदल फतेहपुर के लिए निकल पड़े। रोहन जोशी ने बताया कि 23 दिन के सफर के बाद रविवार को पांचों जने कस्बे में पहुंचे जहां सोमवार को गाजे बाजे के साथ शहर के सारनाथ मंदिर, बुद्धगिरी मंडी, लक्ष्मीनाथ मंदिर, अमृत नाथ जी आश्रम और चकाचक महादेव सहित अन्य शिव मंदिर में गंगा का शुद्ध जल भगवान भोलेनाथ पर अर्पित करेंगे। रोहन जोशी ने बताया कि उत्तराखंड से कावड़ लेकर चलने के बाद हम उतर प्रदेश पहुंचे जहां से फिर हरियाणा पहुंचे पूरे हरियाणा में ऐसा कोई स्थान नहीं था, जहां पर कावड़ियों की जमकर सेवा ना हुई हो हमने जहां भी चाय पानी खाना खाया वहां किसी ने भी पैसा नहीं लिया जहां जूस पिया वहां भी पैसा नहीं दिया यहां तक कि अगर किसी मेडिकल स्टोर पर दवा भी ली तो किसी ने पैसे नहीं लिए।



## श्मशान भूमि में तारबंदी कर लगाए गए पौधे

जयपुर टाइम्स

**पलसाना(निस)।** पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल के तहत राकेश जांगिड़ ने गोविंदपुरा गांव के शमशान घाट में सफाई करवाकर पौधारोपण किया गया और पौधों को जानवरों से बचाने के लिए तारबंदी से सुरक्षित किया गया। सीमेंट पानी की टंकी की व्यवस्था की गई, ताकि वे पूरी तरह सुरक्षित रहें और आगे चलकर पर्यावरण को संबल दें। जांगिड़ ने कहा कि शमशान जैसी जगहों पर पौधारोपण न केवल हरियाली बढ़ाने का कार्य है, बल्कि यह जीवन और मृत्यु के बीच पर्यावरण संतुलन का प्रतीक भी बनता है।



## राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी रुद्राभिषेक में हुए शरीक



जयपुर टाइम्स

**फतेहपुर(निस)।** राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी शनिवार रात्रि को फतेहपुर पहुंचे।तिवाड़ी ने रामसिसरिया कोठी में पूजा अर्चना की। आरसीए के पूर्व सचिव सुभाष जोशी के निर्देशन मे रूद्राभिषेक व पूजा अर्चना कार्रवाई, राज्यसभा सासंद तिवाड़ी ने कहा कि उपराष्ट्रपति के चुनाव में एनडीए का उम्मीदवार ही विजय होगा। राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने जानकारी देते हुए बताया कि राघवाचार्य महाराज की पहली पुण्यतिथि पर सीकर के रैवासा धाम में उनकी प्रतिमा के अनावरण पर पुरे देशभर से साधू संत जुटेगें। वही तिवारी का भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से बुद्धगिरी मंडी के पास माल्यार्पण कर स्वागत और सम्मान भी किया गया।

## समरस सनातन सभा का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**फतेहपुर(निस)।** बीती रात्रि को कस्बे के ऐतिहासिक श्री बुद्धगिरी मंडी परिसर में समरस सनातन सभा का विशाल आयोजन किया गया। सभा में मुख्य वक्ता के तौर पर सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के अधिवक्ता अश्वनी उपाध्याय पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत से पहले सभी साधु-संतों और अश्विनी उपाध्याय का स्वागत और सम्मान किया गया। जिसके बाद महंत दिनेश गिरी महाराज ने लव जिहाद सहित राष्ट्र की सुरक्षा के बारे में कार्यक्रम में मौजूद लोगों को बताया। वही अश्वनी उपाध्याय ने अपने 1 घंटे के संबोधन में हिंदू समरसता, शिक्षा नीति, एक देश एक कानून, लव जिहाद सहित अनेकों विषयों पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम के पश्चात पहुंचे हुए भक्तों ने प्रसाद भी मंडी परिसर में ही ग्रहण किया। इस दौरान कस्बे सहित आसपास के शहरों और गांव से पहुंचे लोग मौजूद रहे।

## गाय को बचाने के चक्कर में पलटी कार

जयपुर टाइम्स

**फतेहपुर(निस)।** कस्बे के फतेहपुर मंडावा हाईवे पर शनिवार देर शाम एक गाड़ी पलट गई जिसमें सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। जानकारी के अनुसार फतेहपुर से बोलेरो गाड़ी मे अपने गांव बलोद जा रहे गाड़ी चालक के सामने अचानक गाय आ गई। जिसके बाद गाड़ी चालक ने जब गाय को बचाने का प्रयास किया तो गाड़ी अनियंत्रित होकर गाड़ी सड़क के नीचे चार पलटी खाते हुए खेतों में जा गिरी। जिसको देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना 108 एंबुलेंस को दी तो ताजसर 108 एंबुलेंस ने घायल सुभाष पुत्र मूंगा राम उम्र 45 साल निवाशी बलोद को कस्बे के राजकीय धानुका उप जिला चिकित्सालय के ट्रॉमा सेंटर लाया गया, जहां घायल का प्राथमिक उपचार किया गया।

## श्रीं राजपूत सभा श्रीमाधोपुर तहसील इकाईः ठाकुर मानदाता सिंह अध्यक्ष व बांकावत महामंत्री बने

जयपुर टाइम्स



**अजीतगढ़(निस)।** श्रीं राजपूत सभा श्रीमाधोपुर तहसील इकाई के चुनाव रविवार दोपहर निकटवर्ती ग्राम गढ़टकनेत स्थित किले में श्रीं राजपूत सभा सीकर जिला इकाई कार्यकारिणी के संगठन मंत्री गिरवर सिंह झाँझड और पर्यवेक्षक गिरधारी सिंह नाथावत की देखरेख में सम्पन्न हुए जिसमें उपस्थित समाजबन्धुओ की सर्वसहमति से ठाकुर मानदाता सिंह गढ़टकनेत को अध्यक्ष और रणजीत सिंह बांकावत को महामंत्री चुना गया। इस मौक़े पर नवनियुक्त पदाधिकारियो ने जल्द ही श्रीमाधोपुर तहसील कार्यकारिणी का विस्तार करने की बात कहीं। आयोजित सभा के दौरान उपस्थित लोगों ने विभिन्न सामाजिक बिन्दुओ पर चर्चा करते हुए समाज विकास की बात कहीं। उसके बाद नव नियुक्त पदाधिकारियों का माला पहनाकर बधाई दी। इस अवसर पर देवी सिंह राठौड़ हरिदासकाबास, राकेश सिंह शेखावत नांगल, सुरेन्द्र सिंह सुराणी, झाडली राजपूत समाज अध्यक्ष झब्बरसिंह शेखावत, हनुमान सिह नांगल, विक्रम प्रकाश शुक्ला, नरपत सिंह झाडली, दक्षराज सिंह शेखावत, उपसरपंच रविंद्र सिंह सीपुर, कानसिंह नाथूसर, मनोहर सिंह मऊ, पूरणसिंह सीपुर, दिलीप सिंह, रणविजय सिंह ने अपने-अपने विचार रखें। इस अवसर पर दोनों पदाधिकारियो ने कहा कि वे समाज को मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयत्न करते रहेंगे और समाज के युवाओं को नशा से मुक्ति दिलाने का कार्य करेंगे।

## सड़क के दोनों और गहरे खड्डे, वाहन चालक परेशान, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निस)।** सबसे व्यस्त बहने वाले अजीतगढ़ नीमकाथाना, शाहपुरा, चोमू सड़क मार्गो के दोनों साइडो में गहरे व चौड़े खड्डे होने के कारण रोजाना दोपहिया वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं। साथ ही अन्य वाहन चालकों को भी दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका रहती है लेकिन सार्वजनिक निर्माण विभाग पीपीपी मोड, आरएसआरडीसी को कई बार अवगत कराने के बाद भी समस्या का कोई समाधान नहीं हो रहा है। भारी बरसात होने के कारण अजीतगढ़ नीमकाथाना, चोमू शाहपुरा सड़क मार्गों की साइड में बरसात के पानी के बहाव के कारण गहरी लंबे व चौड़े खड्डे पड़े हुए हैं, इससे रोजाना दर्जनों दोपहिया वाहन चालक साइड लेते समय इनमें गिरकर चोटिल हो रहे हैं। अजीतगढ़ नीमकाथाना सड़क मार्ग सार्वजनिक निर्माण विभाग पीपीपी मोड व अजीतगढ़ से शाहपुरा व चोमू सड़क मार्ग आरएसआरडीसी के अधीन आते हैं, जिनको कई बार लोगों ने अवगत करा दिया फिर भी उनके कानो तक जू तक नहीं रेग रही है। लोगों का आरोप है कि नीम का थाना सड़क मार्ग पर थाने के



करीब व शाहपुरा सड़क मार्ग पर मडुस्या मोड पर पिछले 10 दिनों में आधा दर्जन से ज्यादा बाइक सवार चोटिल हो चुके हैं लेकिन फिर भी दोनों विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस संबंध में सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता विशाल सिंह चौधरी का कहना है कि दोनों विभागों को आधा दर्जन भर इस समस्या के समाधान के लिए बातचीत कर चुके हैं साथ ही अब दोबारा उनको इस संबंध में अवगत कराया जाएगा।

## शिविर में 152 यूनिट रक्तदान

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ(निस)।** शहर के निकटवर्ती ग्राम पंचायत रायपुर जागीर के खटकड़ मोड पर रविवार को समाजसेवी सल्लाराम मीणा की पुण्य तिथि पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें रिलाइफ ब्लड बैंक वैशाली नगर जयपुर ने रक्त संग्रहित किया जिसमें 152 रक्त यूनिट संग्रहित हुआ। रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर ने कहा कि रक्तदान ही महादान होता है इसलिए हर व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए क्योंकि आपकी रक्त की एक बूंद से किसी का जीवन बच सकता है। इस अवसर पर यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा के प्रतिनिधि अजय सिंह खर्रा ने कहा कि समय समय पर ऐसे रक्तदान शिविरों का आयोजन करना चाहिए। अधिकतर लोग जब भी दुर्घटना के शिकार होते हैं तो उनके सिर में चोट आती है तो उनके काफी मात्रा में खून बह जाता है, अगर खून बह जाता है तो उसको खून चढ़ाना पड़ता है इसलिए रक्तदान शिविर होना बहुत ही जरूरी है। इस अवसर पर अजीतगढ़ पंचायत समिति के प्रधान एडवोकेट शंकर लाल यादव ने कहा कि



वह सबसे पहले युवा वर्ग से आह्वान करते हैं कि जब भी वह बाइक चलाएं अपने सीर पर हेलमेट लगाकर ही बाइक चलाएं क्योंकि जब भी दुर्घटना होती है तो व्यक्ति को सबसे पहले अपने सिर को सुरक्षित रखना चाहिए। अगर सिर पर हेलमेट नहीं होगा और वह दुर्घटनाग्रस्त हो जाएगा तो व्यक्ति की मौत भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविरों का आयोजन होना बेहद जरूरी है। कार्यक्रम के पहले सभी अतिथियों ने सल्लाराम मीणा की फोटो पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद अतिथियों का आयोजकों ने स्वागत किया। इस अवसर पर नीम का थाना के पूर्व विधायक फूलचंद गुर्जर, युवा भाजपा नेता प्रमोद सिंह बाजोर, भारतीय जनता पार्टी के एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष पूरण मल मीणा, भाजपा नेता समाजसेवी रामधन मेहता, भाजपा ओबीसी मोर्चे के जिला उपाध्यक्ष रतन लाल जांगीड़, मीणा समाज के अध्यक्ष अरुण मीणा, मालीराम जाट, कार्यक्रम के आयोजक बलदेव मीणा, ओमप्रकाश भड़ाना ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर समेत सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

## भारी बारिश से फसलें नष्ट, मुआवजे की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** उपखंड क्षेत्र के किसान नेता किसान कांग्रेस जिला संयोजक शंकर लाल माली ने रविवार को क्षेत्र के दुजाना, बलाना, सिन्दरू,सांडेराव, कोसेलाव, बसंत, पावा, पिसावा, लापोद, चाणोद, धणा सहित दर्जनो गांवो का दौरा कर किसानों से मुलाकात कर खेतों में जाकर मौका मुआवजा किया। किसानों की ओर से खेतों में मूंग, तिल, बाजरा, ग्वार, ज्वार की खरीफ की फसल खेतों में पानी भरने से जलकर नष्ट हो गई। माली ने बताया कि अबकी बार सुमेरपुर उपखंड में अत्यधिक बारिश होने से किसानों ने आडतियों व बैंक से कर्ज लेकर फसल की बुवाई की थी। लेकिन खेतों में लबालब पानी भरने से जलकर फसल नष्ट हो गई है। किसान नेता के साथ ग्राम सेवा सरकारी समिति दुजाना के अध्यक्ष कांतिलाल राजपुरोहित, किसान नेता डायाराम मीणा, धनाराम माली, मंसाराम माली, घीसाराम प्रजापत, वजाराम देवासी, सखाराम हीरागर, वालाराम प्रजापत, जीवाराम कुमावत सहित दर्जनों किसानों ने खेतों में जाकर फसलों का जायजा लिया। किसानों की समस्याओं को लेकर सुमेरपुर उपखंड के किसानों ने राजस्थान सरकार से मुआवजे की मांग रखी है। उन्होंने मांग में बताया कि खरीफ की फसल जो अत्यधिक पानी से खेतों में जलकर फसल नष्ट हो गई है, इसको मध्य नजर रखते हुए राज्य सरकार से क्षेत्र किसानों ने सुमेरपुर उपखंड के पटवारियो से गिरदावरी करवाकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग उठाई है।

## सामूहिक रामचरितमानस पाठ का समापन

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निस)।** कस्बे के कौशल्या दास मंदिर में शनिवार से आयोजित 108 आसन पर सामूहिक संगीतमय रामचरितमानस पाठ का आयोजन रविवार को 108 दीपको की आरती के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर हनुमान चालीसा पाठ व सामूहिक सत्संग का आयोजन भी किया गया। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। आयोजक हरिशंकर गौरी शंकर हरितवाल ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कस्बे के कौशल्या दास मंदिर में शनिवार से 108 आसन पर सामूहिक संगीतमय रामचरितमानस पाठ का आयोजन शुरू हुआ था जिनका समापन



रविवार को 108 दीपकों की आरती के साथ हुआ। इस अवसर पर सामूहिक सत्संग का आयोजन किया गया। साथ ही हनुमान चालीसा के पाठ का भी आयोजन किया गया। साथ ही ठाकुर जी महाराज का झूला महोत्सव मनाया गया व झांकी सजाई गई। इस अवसर पर 2 दिन में करीब 10000 श्रद्धालुओं मैं भाग लेकर नरसिंह महाराज के दर्शन कर मन्नत मांगी और पूजा अर्चना की। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर कौशल्या दास मंदिर के संत रामअनुग्रह दास महाराज, खोरी धाम के संत हरिओम दास महाराज, कैलाश पर्वत स्थिति शिव मंदिर के संत देवीदास महाराज, साईं बाबा मंदिर के संत गोपाल दास महाराज, गुसाई बगीची के संत लक्ष्मण दास महाराज, अनंत दास महाराज, रामसेवक दास महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रवचन दिया। इस अवसर पर 108 आसन पर संगीतमय रामचरित्र मानस पाठ करने वाली बृजमोहन शर्मा, विश्व हिंदू परिषद अजीतगढ़ के अध्यक्ष विष्णु सेठी, मोहनलाल पारीक, अजीतगढ़ श्री कृष्ण गौशाला के अध्यक्ष चेतन कुमार मीणा, समाजसेवी पवन हरितवाल, सीए नितिन जोशी, मक्खनलाल गुर्जर, एडवोकेट विक्रम सिंह बकावत, भंवर लाल यादव, बद्रीनारायण चौधरी, रतन लाल मिश्रा, गोविंद सिंह नाथावत, पूरणमल प्रजापत, सावरमल हरितवाल, उमेश कुमार हरितवाल, केदार हरितवाल, रामावतार हरितवाल, जेपी जाट समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।